दैनिक
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ◈◈ 6 | अभिव्यक्ति 3 | राजधानी 7 | आंचलिक 12 | देश-विदेश

रांची, गुरुवार, 07 सितंबर, 2023, भाद्रपद कृष्णपक्ष अष्टमी, विक्रम संवत-2080 वर्ष-08 अंक-142 पृष्ठ-12, मूल्य - 3 रुपये रांची, रायपुर, बिलासपुर, भोपाल व जबलपुर से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

दुनिया में शायद ही कोई ऐसा देश होगा जिसके दो नाम हों। अमेरिका, चीन, रूस, जापान, फ्रांस, इटली से लेकर पाकिस्तान तक सभी का एक ही नाम है। सिर्फ भारत इसका अपवाद है, जिसे हिन्दी में भारत और अंग्रेजी में इंडिया कहा जाता है। आदिकाल से हमारे देश का नाम भारत रहा है लेकिन अंग्रेजों ने इसे इंडिया नाम दिया था। जी-20 के निमंत्रण पत्र में प्रेसिडेंट ऑफ भारत लिख दिया गया है तो इसे लेकर अब राजनीतिक महाभारत शुरू हो गया है। जो समझ से परे है। कायदे से एक देश का एक ही नाम होना चाहिए।

//-- सुविचार --//

कुछ लोग दिखावे के लिए अच्छे बनते हैं, मगर वे लोग ये भूल जाते हैं कि ईश्वर से कुछ भी नहीं छिपा है। वो आपको बाहर से नहीं भीतर से जनता है।

सूर्योदय/सूर्यास्त

उदय : 05:32 प्रातः

अस्त : 06:03 संध्या

प्रदेश का तापमान

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	28.0	23.0
जमशेदपुर	30.0	25.0
हजारीबाग	29.0	23.0
डालटनगंज	31.0	24.0

संक्षिप्त खबरें

गणेश चतुर्थी से नये संसद भवन में बैठेंगे सांसद

नई दिल्ली (ए.)। केंद्र सरकार ने 18-22 सितंबर को संसद का विशेष सत्र बुलाया है। पहला दिन यानी 18 सितंबर पुराने संसद भवन में कामकाज का आखिरी दिन होगा। 19 सितंबर को गणेश चतुर्थी के दिन संसद को नई बिल्डिंग में शिफ्ट किया जायेगा। पीएम मोदी ने 28 मई को नये संसद भवन का इनॉगरेशन किया था। पुरानी इमारत को 'म्यूजियम ऑफ डेमोक्रेसी' में बदल दिया जाएगा। प्रधानमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट सेंट्रल विस्टा के तहत नया संसद भवन बनाया गया है। 973 करोड़ रुपए की लागत से बनी इस बिल्डिंग को 29 महीने में तैयार किया गया है। नई संसद के इनॉगरेशन पर तमिलनाडु से आये संतों ने पीएम मोदी को सेंगोल सौंपा था। इसके बाद पीएम ने सेंगोल को सदन में स्पीकर की कुर्सी के बगल में स्थापित किया था। इस मौके पर लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला भी मौजूद थे। इनॉगरेशन प्रोग्राम के दूसरे सेशन में पीएम ने आजादी के 75वें साल पर 75 रुपए का सिक्का जारी किया था। कांग्रेस समेत 20 राजनीतिक पार्टियों ने नए संसद भवन के उद्घाटन कार्यक्रम का बायकॉट किया था।

झारखंड कैबिनेट की बैठक में 35 प्रस्तावों पर लगी मुहर, किन्नरों को आरक्षण का रास्ता साफ

किन्नरों को मिलेगा ओबीसी में आरक्षण व पेंशन

रांची। झारखंड कैबिनेट की बैठक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में बुधवार को 35 प्रस्तावों पर मुहर लगी। बैठक में ट्रांसजेंडर किन्नरों को थर्ड जेंडर में घोषित किया गया। इसमें यदि वह अनारक्षित श्रेणी के हैं, तो उन्हें पिछड़े वर्ग की सूची दो में रिक्त स्थान 46 में शामिल करने की स्वीकृति दी है। इससे किन्नरों को पिछड़ा वर्ग के आरक्षण का लाभ मिलने का रास्ता साफ हो गया है। नई नियुक्तियों में इन्हें आरक्षण का लाभ मिलेगा। राज्य में ओबीसी को 14 प्रतिशत आरक्षण दिया जा रहा है। इसके अलावा किन्नरों को मुख्यमंत्री राज्य सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत प्रतिमाह 1000 रुपये दिया जायेगा। झारखंड बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सेवा संपर्क निर्णय वाले 2018 में संशोधन और नियमावली 2023 का गठन किया गया। शोध सहायक संपर्क के लिए भर्ती प्रोन्नत नियमावली बनी।

रैबीज अधिसूचित बीमारी घोषित

कैबिनेट ने रैबीज को अधिसूचित बीमारी घोषित करने का भी निर्णय लिया है। राज्य के खनिज क्षेत्र में जलापूर्ति के लिए गोविंदपुर-निरसा के लिए पुनरीक्षित प्राक्कलन 3.5 करोड़ की स्वीकृति देने का निर्णय भी लिया है। निरसा में 6 अरब की योजना और बरही जलापूर्ति योजना के लिए 27 करोड़ की स्वीकृति दी गयी है। एचईसी क्षेत्र में 10.71 करोड़ रुपये की अदायगी पर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के कार्यालय के लिए 1.498 एकड़ भूमि देने की स्वीकृति दी गयी है।

झारखंड मंत्रालय परिसर में बुधवार को झारखंड राज्य वित्त रहित शैक्षणिक संस्थान (अनुदान) के शिक्षक एवं कर्मियों ने मुख्यमंत्री से मिलकर उनका आभार जताया

वित्त रहित शैक्षणिक अनुदान में संशोधन

कैबिनेट ने वित्त रहित शैक्षणिक संस्थाओं के नियमावली 2004 के अनुदान राशि में संशोधन किया गया। इसके तहत एनएसी से मान्यता प्राप्त कॉलेज को मिलने वाला अनुदान सी ग्रेड पर 4 लाख, डी ग्रेड पर 8 लाख और ए ग्रेड पर 12 लख रुपये दिए जाएंगे। पूर्व की तरह बिना मान्यता वाले कॉलेजों को दो लाख मिलेगा। निर्वाचन कार्य से अलग हिंसक मामलों में घायल या दिव्यांग पुलिसकर्मियों को 7.5 लाख से 12 लाख रुपये तक मिलेगा। राज्य के विश्वविद्यालय, अंगीभूत कॉलेज के सेवानिवृत शिक्षकों को एक जनवरी, 2006 से 31 मार्च, 2010 तक बकाया पेंशन की अंतर राशि का छह प्रतिशत ब्याज के साथ भुगतान की स्वीकृति दी गई। सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले आठवीं कक्षा के वैसे छात्र जिन्हें वित्तीय वर्ष 2020-21 21 22 23 में साइकिल नहीं मिली है उन्हें डीबीटी के माध्यम से खाते में राशि भेजी जाएगी। वित्तीय वर्ष 2023-24 और 2024 -25 को टेंडर के माध्यम से साइकिल दी जाएगी। जिले के विशेष लोक अभिलेखों को 500 के स्थान पर 2500 रुपये दैनिक सुनवाई में मिलेगा। झारखंड प्रशासनिक सेवा की सीमित प्रतियोगिता परीक्षा में संशोधन किया गया है। अब वैसे अभ्यर्थियों को भी सीमित परीक्षा में शामिल किया जाएगा जिनकी नियुक्ति सीधी प्रतियोगिता के और अनुकंपा के आधार पर हुई है।

झारखंड कैबिनेट के अन्य फैसले

- कोडरमा-जमुआ पथ 44 करोड़ रुपये की लागत से बनाने की स्वीकृति।
- कांची सिंचाई योजना के तहत 63 करोड़ 56 लाख की लागत से इचानगर का पक्कीकरण।
- वायरलेस विभाग की नियुक्ति नियमावली 2016 में संशोधन।
- आशुलिपिक की नियुक्ति नियमावली में संशोधन।
- विशेष लोक अभियोजक का दैनिक शुल्क 1000 किया गया। दुर्घटना में घायल राज्य पुलिस प्रतिनियुक्ति पर सीआरपीएफ एसएसबी के स्थाई विकलांगता पर अनुग्रह राशि बढ़ी। उग्रवादी हिंसा में ये राशि दो गुनी होगी। अधिकतम राशि 7.5 लाख।
- अपर न्यायायुक्त रांची दो को अवधि जमा योजना के तहत दर्ज मामलों के लिए स्पेशल जज के रूप में स्वीकृति और 28 सिविल जज को प्रोन्नत्ति।
- डीएमएफटी प्राप्त राशि से गोविंगपुर-निरसा में 3 अरब 25 करोड़ 15 लाख की लागत से ग्रामीण जलापूर्ति योजना के तहत बरही जलापूर्ति के 27 करोड़ 61 लाख की स्वीकृति।

मानव-केंद्रित वैश्वीकरण

हमें जी20 को दुनिया के अंतिम छोर तक ले जाना है

नरेंद्र मोदी

'वसुधैव कुटुम्बकम' : हमारी भारतीय संस्कृति के इन दो शब्दों में एक गहरा दार्शनिक विचार समाहित है। इसका अर्थ है, 'पूरी दुनिया एक परिवार है'। यह एक ऐसा सर्वव्यापी दृष्टिकोण है, जो हमें एक सार्वभौमिक परिवार के रूप में प्रगति करने के लिए प्रोत्साहित करता है। एक ऐसा परिवार जिसमें सीमा, भाषा और विचारधारा का कोई बंधन न हो। जी-20 की भारत की अध्यक्षता के दौरान, यह विचार मानव-केंद्रित प्रगति के आह्वान के रूप में प्रकट हुआ है। हम One Earth के रूप में, मानव जीवन को बेहतर बनाने के लिए एक साथ आ रहे हैं। हम डल्ली Family के रूप में विकास के लिए एक-दूसरे के सहयोगी बन रहे हैं। और One Future के लिए हम एक साझा उज्जवल भविष्य की ओर एक साथ आगे बढ़ रहे हैं। कोरोना वैश्विक महामारी के बाद की विश्व व्यवस्था इससे पहले की दुनिया से बहुत अलग है। कई अन्य बातों के अलावा, तीन महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए हैं। पहला, इस बात का एहसास बढ़ रहा है कि दुनिया के जीडीपी-केंद्रित दृष्टिकोण से हटकर मानव-केंद्रित दृष्टिकोण की ओर बढ़ने की आवश्यकता है। दूसरा, दुनिया ग्लोबल सप्लाई चेन में सुदृढ़ता और विश्वसनीयता के महत्व को पहचान रही है। तीसरा, वैश्विक संस्थानों में सुधार के माध्यम से बहुपक्षवाद को बढ़ावा देने का सामूहिक आह्वान सामने है। जी-20 की हमारी अध्यक्षता ने इन बदलावों में उत्प्रेरक की भूमिका निभाई है। दिसंबर 2022 में जब हमने इंडोनेशिया से अध्यक्षता का भार संभाला था, तब मैंने यह लिखा था कि जी-20 को मानसिकता में आमूल-चूल परिवर्तन का वाहक बनना चाहिए। विकासशील देशों, ग्लोबल साउथ के देशों और अफ्रीकी देशों की हाशिए पर पड़ी आकांक्षाओं को मुख्यधारा में लाने के लिए इसकी विशेष आवश्यकता है। इसी सोच के साथ भारत ने वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ समिट का भी आयोजन किया था। इस समिट में 125 देश भागीदार बने। यह भारत की अध्यक्षता के तहत की गई सबसे महत्वपूर्ण पहलों में से एक रही। यह ग्लोबल साउथ के देशों से उनके विचार, उनके अनुभव जानने का एक महत्वपूर्ण प्रयास था। इसके अलावा, हमारी अध्यक्षता के तहत न केवल अफ्रीकी देशों की अबतक की सबसे बड़ी भागीदारी देखी गई है, बल्कि जी-20 के एक स्थायी सदस्य के रूप में अफ्रीकन यूनियन को शामिल करने पर भी जोर दिया गया है। हमारी दुनिया परस्पर जुड़ी हुई है, इसका मतलब यह है कि विभिन्न क्षेत्रों में हमारी चुनौतियां भी आपस में जुड़ी हुई हैं। >> पेज 4 भी दखें

रांची के मोरहाबादी मैदान में श्री कृष्ण जन्माष्टमी आयोजन समिति, रांची द्वारा आयोजित श्री कृष्ण जन्मोत्सव एवं दही हांडी प्रतियोगिता में सम्मिलित हुए मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन।

अपार्टमेंट में लगी भीषण आग, महिला की मौत

जमशेदपुर। कदमा के रामनगर स्थित बसंत विहार फ्लैट में बुधवार सुबह गैस सिलेंडर फटने से लगी आग में एक महिला की मौत हो गई जबकि कई लोग घायल हो गए। घटना सुबह करीब 9.30 बजे की है। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। घंटों तक ऊपरी तल्ले में लोग फंसे रहे, जिन्हें काफी मशक्कत के बाद वहां से निकाला जा सका। घटनास्थल पर दो अतिरिक्त सिलेंडर पड़े थे, जिससे आग ने भयावह रूप ले लिया। आग लगने और सिलेंडर फटने से चौथी मंजिल में के फ्लैट में रह रही महिला की मौत हो गई। मृतका नीता गुप्ता फ्लैट में रहने वाले ओमप्रकाश गुप्ता की पत्नी थी। इसके बाद उस मंजिल पर लोग फंसे रहे। विस्फोट और आग के साथ धुआं अधिक रहने के कारण बिल्डिंग के अन्य फ्लैटों में रहने वाले लोग जान बचाने के लिए के ऊपर और

फ्लैट के बाहर भागने लगे। जिला प्रशासन ने तत्परता दिखलाते हुए फायर ब्रिगेड के साथ रेस्क्यू टीम को लगाया, जिससे जल्द ही आग पर काबू पाया गया। घायलों को बगल स्थित रामनगर सामुदायिक भवन में ठहराया गया है।

हाई कोर्ट में बहस | **हेमंत सोरेन लीज प्रकरण में कपिल सिब्बल ने कहा**

ऐसी याचिका खारिज कर चुका है एससी

रांची। खान मंत्री रहने के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने परिवार वालों और रिश्तेदारों के नाम माइनिंग लीज आवंटित की थी। इस मामले को लेकर बुधवार को हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान हेमंत सोरेन की ओर से सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने पक्ष रखा। उन्होंने कोर्ट को बताया कि ठीक इसी तरह की एक याचिका शिव शंकर शर्मा की ओर से दायर की गयी थी। इस याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया। ऐसे में इस याचिका में भी कुछ नया नहीं है। परिवार वालों और रिश्तेदारों के नाम माइनिंग लीज आवंटित किए जाने को लेकर अधिवक्ता और आरटीआई एक्टिविस्ट सुनील महतो की ओर से याचिका दायर की गयी है।

क्या है याचिका में

दायर याचिका के अनुसार खान विभाग के मंत्री रहते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अनगड़ा में 88 डिसमिल जमीन पर माइनिंग लीज का आवंटन कराया है। हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन व उनकी बहन सरला मुर्मू की कंपनी सोहराई लाइवस्टोक प्राइवेट लिमिटेड के नाम चान्हो के बरहे औद्योगिक क्षेत्र में 11 एकड़ जमीन आवंटित किया गया। मुख्यमंत्री के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद पिंटू और मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्र को भी खनन लीज आवंटित हुआ है।

क्या कहा याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने

याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता विशाल कुमार ने पैरवी करते हुए कोर्ट को बताया कि यह मामला एकदम अलग है। इसके तथ्य शिव शंकर शर्मा मामले से अलग है। याचिकाकर्ता सुनील महतो की ओर से कहा गया कि वे शिव शंकर शर्मा और इस मामले में कैसे अंतर है, इसका ब्यौरा देना चाहते हैं। इस पर कोर्ट ने याचिकाकर्ता को पूरक शपथ पत्र दाखिल करने को कहा है। इसके बाद इस मामले की सुनवाई के लिए 11 अक्टूबर निर्धारित की है।



भगवान श्रीकृष्ण दुनिया के सर्वश्रेष्ठ शिक्षक और दार्शनिक : राज्यपाल

रांची(हि. स.)। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण दुनिया के सर्वश्रेष्ठ शिक्षक और दार्शनिक कहे जाते हैं। भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को कुरुक्षेत्र के युद्ध में सही और गलत का ज्ञान दिया था, जो भगवत गीता गीता में उद्धृत है। भगवत गीता में जीवन दर्शन है , जहां से हम सही जीवन जीने का तरीका सीखते हैं।

राज्यपाल बुधवार को भक्तिवेदांत विद्या भवन, गुरुकुल, मुरी की ओर से आयोजित राधारमण महोत्सव (श्रीकृष्ण जन्माष्टमी और विग्रह प्राणप्रतिष्ठा) को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि यहां बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ सही जीवन जीने का तरीका भी सीखाया जाता है। उन्हें आध्यात्मिक, कृषि, गौपालन, पाक कला, आतिथ्य इत्यादि का भी ज्ञान दिया जा रहा है। इससे उनमें अखंडता, करुणा, दया, सहनशीलता, स्वच्छता की भावना विकसित होगी। इस प्रकार हमारे बच्चे आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ चहुमुखी प्रतिभा के धनी होंगे और भारत फिर से एक बार विश्वगुरु बनने के राह पर अग्रसर होगा।

राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा का अर्थ सिर्फ किताबी ज्ञान का होना नहीं है बल्कि उस ज्ञान का उपयोग समाज की भलाई के लिए करना है। भविष्य में कई चुनौतियां सामने आएंगी और असफलता भी मिलेगी लेकिन इससे घबराकर निराश नहीं होना है और सफलता के लिए चुनौतियां का सामना करना है। सच्चाई, ईमानदारी, नैतिकता और मानवता के सिद्धांतों पर चलकर और प्रतिबद्ध होकर अपने कार्यों को करेंगे, तो सफलता के साथ-साथ खुशी भी मिलेगी। उन्होंने सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

एक नजर

घूसखोरी के आरोपित इंजीनियर के खिलाफ पीई दर्ज करने की अनुमति

रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस के तहत एक बार फिर भ्रष्टाचार के आरोपित के खिलाफ कार्रवाई की अनुमति दी है। मुख्यमंत्री ने बुधवार को प्रथम श्रेणी के पदाधिकारी मनोज कुमार विद्यार्थी, तत्कालीन कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, चाईबासा के विरुद्ध पीई दर्ज करने के प्रस्ताव पर अनुमोदन दिया है। मामले के सत्यापनकर्ता पुलिस निरीक्षक द्वारा समर्पित प्रगति प्रतिवेदन के अनुसार मनोज कुमार विधार्थी की गिरफ्तारी के उपरांत उसके घर की तलाशी में 9,05,200 रुपये बरामद हुए थे, जिससे आरोप को प्रथम दृष्टया सत्य पाया गया। आरोपित एवं उसकी पत्नी के नाम से पटना, रांची एवं पैतृक गांव में करोड़ों की अचल संपत्ति होने का प्रमाण मिला। जांच में पता चला कि विद्यार्थी ठेकेदारों से कार्यों के बिल भुगतान करने के एवज में प्रतिशत के हिसाब से रिश्वत लेता था।

बांग्लादेशी घुसपैठ मामले में लव जिहाद वाली याचिका पर केंद्र ने जवाब के लिए मांगा कोर्ट से समय

रांची। बांग्लादेशी मूल के लोगों के झारखंड के संथाल में घुसपैठ कर लव जिहाद को अंजाम देने के मामलों की जांच की मांग को लेकर बुधवार को झारखंड हाई कोर्ट में दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। केंद्र सरकार ने जवाब दाखिल करने के लिए कोर्ट से समय देने का आग्रह किया, जिसे स्वीकार करते हुए कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए चार सप्ताह बाद की डेट तय की है। इस संबंध में डेनियल दानिश ने जनहित याचिका दाखिल की है। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की बेंच में इस जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता ने अपनी याचिका में कहा है कि संथाल के जामताड़ा, पाकुड़, गोड्डा और साहिबगंज जैसे झारखंड के बॉर्डर इलाकों से बांग्लादेशी मूल के लोग घुसपैठ कर झारखंड आ रहे हैं। इन जिलों में बड़ी संख्या में मदरसे स्थापित किये जा रहे हैं। साथ ही स्थानीय जनजातीय युवतियों के साथ वैवाहिक संबंध बनाये जा रहे हैं। फिर स्थानीय बनकर जमीनों को हड़पने और राज्य में आरक्षण समेत कई लाभ उठाए जा रहे हैं।

दुमका कोर्ट में ही होगा कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव पर दर्ज यौन शोषण केस का ट्रायल

रांची। झारखंड हाई कोर्ट ने कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव के खिलाफ यौन शोषण का केस करने वाली महिला की ट्रांसफर पिटीशन पर फैसला सुना दिया है। अदालत ने निर्देश दिया है कि मामले का ट्रायल दुमका सिविल कोर्ट में ही होगा। याचिकाकर्ता ने इस केस का ट्रायल दुमका सेशन कोर्ट से सेशन जज, बोकारो के पास ट्रांसफर करने के लिए याचिका दाखिल की थी, जिस पर हाई कोर्ट में बुधवार को जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की अदालत में हुई।याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता संदीप वर्णवाल ने बहस की। आरोप लगाने वाली महिला ने अपनी याचिका में कहा है कि वह बोकारो में अकेली रहती है। उसने विधायक पर जो केस किया है, उसका ट्रायल दुमका के सेशन कोर्ट में चल रहा है। प्रतिवादी की ओर से अधिवक्ता राधा कृष्ण गुप्ता ने बहस की।

झामुमो ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल पर जमकर साधा निशाना, ऑडियो किया जारी

रांची(हि. स.)। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने बाबूलाल के एक ऑडियो जारी करते हुए कहा कि बाबूलाल बड़े धनी व्यक्ति हैं और धन का हिसाब उनके पास बहुत सारा है।

झामुमो की ओर से जारी ऑडियो में कहा गया कि महेश पोद्दार के द्वारा दीपक प्रकाश की निगरानी में नवीन जायसवाल नकदी दो करोड़ रुपये, चंद्रेश्वर प्रसाद सिंह के द्वारा दीपक कुमार वर्मा की निगरानी में दो करोड़, अमर कुमार बाउरी एक करोड़ रुपये बिरंची नारायण के द्वारा संजय सेठ की निगरानी में, आलोक कुमार चौरसिया दो करोड़ रुपये अनंत ओझा के द्वारा उषा पांडेय की निगरानी में, जानकी प्रसाद यादव दो करोड़ रुपये, रघुवर दास उनके द्वारा राजेन्द्र सिंह की निगरानी में उपलब्ध सारा रुपये की पर्ची मुख्यमंत्री को सौंप दिया गया है। शेष राशि 36 माह के बाद मुख्यमंत्री उपलब्ध करायेंगे।

भट्टाचार्य बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित होना चाहिए कि यह मेहनत का पैसा भाजपा के तत्कालीन विधायकों के पास पहुंचा की नहीं। यदि नहीं पहुंचा तो यह पूरा दायित्व बाबूलाल का बनता है, यह जो पैसा की बात वह 2018 में कर रहे थे। यह पैसा उन लोगों के पास पहुंच जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी पूरी तरह से मानसिक रूप से उदास हो चुके हैं। हजारीबाग परिसदन में उन्होंने कहा कि 10 हजार करोड़ का घोटाला हेमंत सरकार ने किया। अजीब स्थिति है। इसका तथ्य आना चाहिए। बाबूलाल को खुलकर बोलना चाहिए कि जिन बातों का जिक्र अपने समय पर किया उन बातों से वह कैसे मुकरेंगे। उन्होंने कहा कि आप पूछिये अपने ईडी के मित्रों और विदेश मंत्रालय से प्रतिष्ठित वकील हरीश साल्वे की तीसरी शादी में नीरव मोदी और ललित मोदी क्या कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आपके मित्र सुनील तिवारी के कंपनी के द्वारा बैंक से आपको पैसा भेजा जाता था। सुनील तिवारी योगेन्द्र तिवारी के साथ व्यवसाय करते हैं। आप ही ने रघुवर दास के बारे में बहुत सारी बातें कही थी। आप प्रदेश अध्यक्ष हैं और रघुवर दास राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं।

आपने विधानसभा में कहा था कि भ्रष्टाचार के कारण मुझे रात में नींद नहीं आती है। भ्रष्टाचार का बीज आपने बोया है। लोगों के बीच में मिथ्याचार करना भाजपा का काम है। उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता बेवकूफ नहीं है। आपको जल्द ही सारे तथ्यों के साथ एक्सपोज करने वाले हैं। मुख्यमंत्री के नौ सितम्बर को ईडी कार्यालय जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि नौ सितम्बर में अभी बहुत लेट है।

झारखंड में 11 सितंबर तक बारिश की संभावना

रांची(हि.स.)। राज्य में मानसून एक फिर सक्रिय हुआ है। राजधानी रांची में बुधवार सुबह से ही रूक-रूककर बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों तक राज्य के सभी हिस्सों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना जाहिर की है। अगले पांच दिनों तक किसी भी तरह के अधिकतम तापमान में बड़े बदलाव की संभावना से भी इनकार कर दिया है। मौसम विभाग ने राज्य में 11 सितंबर तक मौसम का मिजाज इसी तरह रहने का अनुमान लगाया है। बदले मौसम के मिजाज को देखते हुए आठ सितंबर तक अलर्ट येलो अलर्ट जारी हुआ है। बुधवार और सात सितंबर को राज्य के कई हिस्सों में गर्जन और वज्रपात की संभावना जाहिर की गई है। मौसम विभाग ने आठ सितंबर को राज्य के दक्षिणी और निकटवर्ती मध्य भागों में बारिश के साथ वज्रपात की संभावना जाहिर की है। राज्य के कई हिस्सों में गर्जन की भी संभावना है। 9 सितंबर से लेकर 11 सितंबर तक मौसम विभाग ने अभी चेतावनी जारी नहीं की है। मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि राज्य में मानसून की गतिविधि एक बार फिर सामान्य हुई है। राज्य में सबसे अधिक बारिश सिमडेगा जिले के बोलबा में 80.6 एमएम हुई है। राज्य में सबसे अधिक तापमान 32.8 डिग्री सेल्सियस रहा जो गढ़वा का था और रांची का तापमान सबसे कम 22.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम का असर अभी पूरे राज्य में है। मानसून टर्फ झारखंड से गुजरने के कारण इसका असर दिख रहा है। मौसम केंद्र का पूर्वानुमान है कि आठ सितंबर को राज्य के दक्षिणी और मध्य भाग में कहीं-कहीं भारी बारिश हो सकती है।

मां छिन्नमस्तिका मंदिर के बगल में भैरवी नदी के तट के दोनों तरफ बने स्थाई घाट : हाई कोर्ट

रांची(हि.स.)। झारखंड हाई कोर्ट ने रजरप्पा स्थित मां छिन्नमस्तिका मंदिर के बगल में भैरवी नदी के तट पर दोनों तरफ पर्याप्त संख्या में नहाने के लिए स्थाई घाट बनाने का निर्देश दिया है। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने बुधवार को जनहित याचिका पर अपना फैसला सुनाया है।

भैरवी नदी के तट पर नहाने का घाट बनाने, चेंजिंग रूम बनाने, मंदिर के आसपास पर्याप्त संख्या में टॉयलेट निर्माण को लेकर याचिका दाखिल की गई थी। याचिका में कहा गया कि मां छिन्नमस्तिका मंदिर के निकट भैरवी नदी के तट के दोनों तरफ स्थाई चेंजिंग रूम नहीं होने से खासकर महिला श्रद्धालुओं को काफी परेशानी होती है। वर्षा के समय नदी में काफी पानी रहता है, जिससे स्नान करने वाले श्रद्धालुओं को दुर्घटना का सामना करना पड़ता है। कोर्ट ने दिशा-निर्देश देते हुए याचिका निष्पादित कर दी।

कोर्ट ने जिला प्रशासन को निर्देश दिया है कि मंदिर से स्नान घाट पहुंचने वाली सड़क को अतिक्रमण मुक्त किया जाये। भैरवी नदी के दोनों तरफ के घाट पर पर्याप्त संख्या में चेंजिंग रूम बनाये जायें और वहां स्वच्छता का ध्यान रखा जाये। मंदिर के आसपास भैरवी नदी के घाट के दोनों तरफ लाइटिंग की समुचित व्यवस्था हो। मंदिर के पास स्थित क्यू कॉम्प्लेक्स में टॉयलेट और वॉशरूम को जिला प्रशासन मेंटेन रखे।

कोर्ट ने कहा है कि रामगढ़ डीसी जिम्मेदार अधिकारियों की एक टीम बनाई जाए, जो मंदिर क्षेत्र का निरीक्षण कर यह पता करे कि यहां सभी जेंडर के लिए पर्याप्त संख्या में वेटिंग हॉल, पर्याप्त संख्या में टॉयलेट की व्यवस्था है या नहीं। अगर इसकी कमी है, तो इसके लिए स्थान चिन्हित किया जाये। साथ ही यह भी देखा जाये कि टॉयलेट निर्माण मंदिर के सौंदर्यीकरण के रास्ते में ना आये। मंदिर क्षेत्र में श्रद्धालुओं के लिए पेयजल की समुचित व्यवस्था हमेशा उपलब्ध रहे। मेडिकल सुविधा के तहत फर्स्ट एड की व्यवस्था रहे।

प्राइवेट ऑफिस में फाइल निपटाने के मामले में आईएएस राजीव अरुण एक्का दोषी नहीं

रांची। पंचायती राज विभाग सचिव आईएएस राजीव अरुण एक्का को बड़ी राहत मिली है। रांची के अरगोड़ा चौक के समीप स्थित एक प्राइवेट ऑफिस से सरकारी फाइलों के निष्पादन मामले में राज्य सरकार ने 14 मार्च को एक सदस्यीय आयोग गठित किया था। जस्टिस (रिटायर) वीके गुप्ता की अध्यक्षता में गठित आयोग ने रिपोर्ट राज्य सरकार को सौंप दी है। बताया जा रहा है कि आयोग ने रिपोर्ट में सीधे तौर पर एक्का को दोषी नहीं माना है। हालांकि, महत्वपूर्ण पद पर रहते किसी निजी कार्यालय में बैठने से बचने की भी सलाह दी है। इस रिपोर्ट के आधार पर इसके तकनीकी पहलुओं का अध्ययन सरकार के स्तर से किए जाने की बात कही जा रही है। इसके बाद इस रिपोर्ट को विधानसभा में लाए जाने के बाद ही सार्वजनिक किये जायेंगे। बताया जाता है कि जस्टिस गुप्ता ने करीब तीन सप्ताह पहले रिपोर्ट राज्य सरकार को सौंप दी है। दिल्ली में राज्य सरकार के स्थानीय आयुक्त को इस रिपोर्ट को उपलब्ध करा दिए जाने की सूचना है।

उल्लेखनीय है कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने एक्का पर आरोप लगाते कहा था कि वे एक निजी ठेकेदार के कार्यालय में बैठकर गृह विभाग के फाइलों का निष्पादन करते हैं। इससे संबंधित एक वीडियो भी जारी किया था। इसके बाद राज्य सरकार की ओर से एक न्यायिक आयोग बनाया गया था। उसे छह महीने में रिपोर्ट देने को कहा था। इसके बाद आयोग के स्तर से रांची में तीन बैठक हुई थी। लोगों से इस मामले में प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष तरीके से प्रमाण उपलब्ध कराए जाने को सार्वजनिक सूचना जारी की गयी थी। इसके बाद आयोग ने अपने स्तर से रिपोर्ट तैयार कर सरकार को सौंप दी है।

रांची की सड़कों पर कचरा फेंकना और अतिक्रमण करना पड़ेगा भारी

रांची(हि. स.)। रांची नगर निगम प्रशासक अमीत कुमार ने बुधवार को रांची स्मार्ट सिटी के कमांड कंट्रोल एंड कम्यूनिकेशन सेंटर का निरीक्षण किया। साथ ही नगर निगम तथा स्मार्ट सिटी के पदाधिकारियों के साथ बैठक भी की। बैठक के बाद नगर प्रशासक ने राजधानीवासियों से शहर की स्वच्छता में सहयोग, सड़कों को अतिक्रमणमुक्त रखने और सड़कों पर जहां-तहां पार्किंग नहीं करने का आग्रह किया।

उन्होंने पदाधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर के 233 से ज्यादा लोकेशन पर लगे 600 से ज्यादा कैमरों की मदद से यह सुनिश्चित होगा कि किस जगह पर कौन व्यक्ति या संस्थान आदतन कचरा फेंक रहा है और किस जगह पर नगर निगम की सफाई टीम ने कचरा डंप किया है। शहर में सड़कों पर जलजमाव और इससे हो रही परेशानी की भी निगरानी इन कैमरों से होगी। इसके लिए कमांड सेंटर में दो शिफ्ट में नगर निगम की टीम भी रखी गयी है। ऐसी समस्या आने पर त्वरित कार्रवाई के लिए नगर निगम के संबंधित विभाग को सूचित किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि रांची की सड़कों पर अतिक्रमण रोकने के लिए कमांड सेंटर से निगरानी शुरू हो गई है। सड़क पर यदि कोई दुकान लगाता है तो कमांड सेंटर की ओर से इंफोर्समेंट टीम को सूचित किया जाएगा और उनपर त्वरित कार्रवाई होगी। जहां-तहां बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन मटेरियल रखने पर भी रोक लगेगी। शहर की सड़कों पर नो पार्किंग जोन में गाड़ी खड़ा करने वाले लोगों पर भी कार्रवाई होगी। इससे शहर का यातायात सुगम रहेगा।

बैठक में रांची नगर निगम के अपर प्रशासक कुंवर सिंह पाहन, रांची स्मार्ट सिटी के जीएम राकेश कुमार नंदक्योलियार, स्मार्ट सिटी के पीआरओ अमित कुमार, प्रबंधक उत्कर्ष कुमार, हॉनीवेल ऑटोमेशन लि. के अतुल अग्रवाल और रांची नगर निगम के प्रतिनियुक्त कर्मी मौजूद थे।

राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग ने राज्य के मुख्य सचिव को 18 को किया तलब

रांची। राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग ने रांची के प्रेमाश्रय शेल्टर होम और रेनबो फिट फैसिलिटी में मिली गड़बड़ी और अवैध गतिविधियों से संबंधित मामले में झारखंड के मुख्य सचिव को 18 सितम्बर को तलब किया है। आयोग ने मुख्य सचिव को लिखे पत्र में कहा है कि रांची के प्रेमाश्रय शेल्टर होम और रेनबो फिट फैसिलिटी में पाई गई गड़बड़ी और अवैध गतिविधियों से संबंधित एक मामला आपके ध्यान में लाया गया था। इस मामले में कार्रवाई करने और 20 अगस्त तक रिपोर्ट साझा करने के लिए कहा गया था लेकिन आपके कार्यालय से जवाब में रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है। इस मामले में दस्तावेजों के साथ 18 सितम्बर को कार्यालय में आपको व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने की आवश्यकता है।

कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी, रामगढ़

खुला डाक द्वारा बन्दोबस्ती सूचना

[illegible]

1. [illegible] 2023 – 24 से 2025–26 [illegible]
2. [illegible]
3. [illegible]
4. [illegible]
5. [illegible]
6. [illegible]
7. [illegible]
8. [illegible]
9. [illegible]
10. [illegible]
11. [illegible]
12. जलकरों की सूची –

वर्ष 2023-24 में बन्दोबस्ती हेतु जलकरों की सूची। अल्पकालीन बन्दोबस्ती अवधि 2023–24 से 2025–26 तक।

अंचल – मांडू

क्र सं	जलकर का नाम	ग्राम	खाता सं	प्लॉट सं	रकबा (एकड़) में	जलक्षेत्र (एकड़) में	समिति द्वारा निर्धारित सुरक्षित जमा राशि	अभ्युक्ति
1	[illegible]	[illegible]		307	0.90	0.40	1400.00	
2	[illegible]	[illegible]		801	0.95	0.40	1200.00	
3	[illegible]	[illegible]		1042	0.50	0.30	1000.00	
4	[illegible]	[illegible]		148	3.00	2.00	13600.00	
5	[illegible]	[illegible]		2019	0.70	0.60	2000.00	
6	[illegible]	[illegible]	76		0.76	0.40	1400.00	
7	[illegible]	[illegible]	—	281	0.59	0.25	840.00	
8	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	2.50	1.50	1260.00	
9	[illegible]	[illegible]	—	89	0.62	0.40	1087.00	
10	[illegible]	[illegible]	115	[illegible]	0.12	0.10	1015.00	
11	[illegible]	[illegible]	125	[illegible]	0.41	0.30	525.00	
12	[illegible]	[illegible]	115	[illegible]	0.60	0.40	1050.00	
13	[illegible]	[illegible]	—	822	1.75	1.00	1920.00	
14	[illegible]	[illegible]	—	408	1.25	0.80	1680.00	
15	[illegible]	[illegible]	3	1798/1799	1.84	0.80	1190.00	

अंचल – पतरातू

क्र सं	जलकर का नाम	ग्राम	खाता सं	प्लॉट सं	रकबा (एकड़) में	जलक्षेत्र (एकड़) में	समिति द्वारा निर्धारित सुरक्षित जमा राशि	अभ्युक्ति
1	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	1.56	0.8	5440.00	
2	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	0.79	0.4	2720.00	
3	[illegible]	[illegible]	2	[illegible]	0.26	0.2	1560.00	
4	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	0.8	0.4	2560.00	
5	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	0.6	0.4	1200.00	
6	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	1.97	0.8	2240.00	
7	[illegible]	[illegible]	—	[illegible]	0.67	0.4	1200.00	
8	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	0.67	0.3	1000.00	
9	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	0.55	0.3	800.00	
10	[illegible]	[illegible]	—	[illegible]	1.05	0.3	640.00	
11	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	1.05	0.7	4640.00	
12	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	0.52	0.4	1120.00	
13	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	0.59	0.4	960.00	
14	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	0.92	0.3	3400.00	
15	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	0.55	0.44	1120.00	
16	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	0.56	0.4	960.00	
17	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	0.45	0.3	800.00	
18	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	0.8	0.3	1600.00	
19	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	0.77	0.4	960.00	
20	[illegible]	[illegible]	—	[illegible]	1.42	1.00	6720.00	
21	[illegible]	[illegible]				0.5	3400.00	
22	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	0.67	0.3	3400.00	
23	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	0.6	0.4	1200.00	
24	[illegible]	[illegible]		[illegible]	0.52	0.4	960.00	
25	[illegible]	[illegible]		[illegible]	0.35	0.2	680.00	
26	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	0.31	0.2	680.00	
27	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	0.1	0.25	1280.00	
28	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	0.23	0.15	960.00	
29	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	0.71	0.3	1200.00	
30	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	3	1.5	10000.00	
31	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	0.67	0.4	1120.00	
32	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	0.34	0.25	2200.00	

[illegible] ह0/–

जिला मत्स्य पदाधिकारी, रामगढ़

PR306341 (Fish)23-24*D

वीरों की भूमि है झारखंड : राज्यपाल

रांची(हि. स.)। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि झारखंड की भूमि वीरों की भूमि है। यहां की माटी में ऐसी महान विभूतियों ने जन्म लिया है जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च न्यौछावर कर दिया है। भगवान बिरसा मुंडा, फूलो-झानो, तिलका मांझी, बुधु भगत, नीलांबर-पीतांबर एवं अन्य स्वतंत्रता सेनानियों ने आजादी के लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उनके बलिदान की गाथा हमेशा लोगों को प्रेरित करती रहेंगी।

राज्यपाल बुधवार को सिल्ली में आजादी के अमृत महोत्सव पर आयोजित मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज का यह कार्यक्रम शहीदों को स्मरण करने का कार्यक्रम है। उनकी गौरवमयी गाथा को अवगत कराने का कार्यक्रम है। राज्यपाल ने कहा कि हम सभी भारतवासी एक हैं। यहां विविधता में एकता है।

विभिन्न प्रांतों कि संस्कृति इस प्रकार रची-बसी हैं की सारा देश एक सूत्र में बंधा हुआ है। उन्होंने कहा कि झारखंड के 24 जिलों के भ्रमण में देखा है कि यहां के किसान जिन औजारों का उपयोग खेती करने में करते हैं, उन्ही औजारों का उपयोग तमिलनाडु के किसान भी करते हैं। यहां के बहुत सारे वाद्य-यंत्रों एवं तमिलनाडु के वाद्य-यंत्रों में समानता है। झारखंड की भांति तमिलनाडु में भी चावल एवं रागी (मडुवा) का उपयोग विभिन्न व्यंजनों में किया जाता है। यह एक भारत श्रेष्ठ भारत की मूल भावना को प्रतिबिंबित करता है। इस अभियान को प्रधानमंत्री देश को सशक्त, समृद्ध एवं एकजुट करने के लिए शुरू किये है। उनकी वसुधैव कुटुंबकम की भावना एवं दूरदर्शी सोच के कारण ही आज देश में जी-20 कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है।

प्रदेश कांग्रेस सात को रांची में निकालेगी पदयात्रा

रांची। भारत जोड़ो यात्रा की पहली वर्षगांठ पर झारखंड के सभी जिलों में सात सितम्बर को पदयात्रा निकालेगी। साथ ही सार्वजनिक सभा का आयोजन किया जाएगा। इस कड़ी में राज्य की राजधानी रांची में भी पदयात्रा होगी। इसमें झारखंड प्रभारी अविनाश पांडे मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहेंगे। प्रदेश के सभी वरिष्ठ कांग्रेस नेता अपने जिलों में पदयात्रा और कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। इस संबंध में प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने बुधवार को अग्रणी मोर्चा संगठन के अध्यक्षों के साथ बैठक कर पदयात्रा में छात्र, युवा और महिलाओं की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने निर्देश दिया। प्रदेश महासचिव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने कहा कि सात सितम्बर को रांची में आयोजित पदयात्रा शाम 05 बजे शहीद स्थल से शुरू होकर मेन रोड, ओल्ड एचपी रोड, लालपुर होते हुए कोकर बिरसा समाधि स्थल पहुंचेगी, जहां एक सभा का आयोजन भी किया जाएगा। इसके माध्यम से मोदी सरकार के साढ़े नौ सालों के कार्यकाल में बेतहाशा महंगाई, बेरोजगारी, आर्थिक मुद्दे, युवाओं और महिलाओं की समस्या पर जनता से संवाद होगा।

वृद्ध भानु मुण्डा हत्याकांड में ओझा सहित सात गिरफ्तार

हत्याकांड में प्रयुक्त खून लगा दाउली, शर्ट व भगत के द्वारा ओझा गुनी में प्रयोग किया गया एक लोहे का त्रिशूल बरामद

नव प्रदेश संवाददाता

रांची: खूंटी जिला के अड़की थाना की पुलिस ने 65 वर्षीय वृद्ध भानु मुण्डा हत्याकांड में सात अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस की गिरफ्त में आये अभियुक्तों में सुखराम मुंडा उर्फ गोंडा (मारंगडीह) , गुरूवा मुंडा (जोरको) , राम मुंडा (बाड़ीनिजकेल) , मदन मुंडा , रूशु मुंडा ,बाले मुंडा और सामू मुंडा (सेरेंगहातू) थाना अड़की जिला खूंटी शामिल है।

इस संबंध में अमित कुमार(अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी,खूंटी) ने बताया कि 03 सितंबर 2023 की रात्रि में अड़की थाना अंतर्गत ग्राम सेरेंगहातू में एक वृद्ध भानु मुण्डा की हत्या

धारदार हथियार से की गई थी। इस संबंध में अड़की थाना में प्राथमिकी अभियुक्त मदन मुंडा और सुखराम मुंडा उर्फ गोंडा के विरूद्ध कांड दर्ज किया गया है। घटना की गम्भीरता को देखते हुए उदभेदन एवं गिरफ्तारी हेतु एक एसआईटी टीम का गठन किया गया। उक्त टीम द्वारा त्वरित गति से कारवाई करते हुए सात व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है, जिसमें से एक व्यक्ति राम मुंडा ग्राम बाड़ीनिजकेल थाना अड़की जिला खूंटी है जो ओझा गुनी का कार्य करता है ,इनके द्वारा ही मृतक भानू मुण्डा उर्फ बोयार की पत्नी बिरसपति देवी उर्फ गुरूवारी देवी के द्वारा ही डायन करने का बात बताया गया था एवं पूर्व में तालाब में मारूती मुण्डा उर्फ मारू को मृतक भानू मुण्डा उर्फ बोयार की पत्नी बिरसपति देवी उर्फ गुरूवारी देवी के द्वारा डायन कर के मारने का बात भी बताया गया है। आरोपित व्यक्तियों के द्वारा घटना में अपनी संलिप्ता स्वीकार किया गया तथा उनकी निशानदेही पर कांड के मृतक भानू मुण्डा उर्फ बोयार के हत्या में प्रयोग किया गया खून लगा दाउली तथा अभियुक्त के द्वारा हत्या कारित करने के समय पहना हुआ शर्ट जिसमें भी खून लगा एवं भगत के द्वारा ओझा गुनी में प्रयोग किया गया एक लोहे का त्रिशूल को बरामद किया गया है। पुलिस टीम में पुअनि इकबाल हुसैन थाना प्रभारी अड़की थाना, पुअनि मनोज तिर्की अड़की थाना, पुअनि शशि प्रकाश अड़की थाना,. पुअनि उत्तम कुमार अड़की थाना सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

झारखंड हाई कोर्ट से एनोस एक्का की याचिका खारिज

रांची(हि.स.)। झारखंड हाई कोर्ट ने विधानसभा अध्यक्ष द्वारा झारखंड पार्टी से जारी व्हिप का उल्लंघन मामले में एनोस एक्का की विधायकी समाप्त करने के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर फैसला सुनाया है। हाई कोर्ट के जस्टिस एसके द्विवेदी की कोर्ट ने बुधवार को एनोस एक्का की याचिका को खारिज कर दिया। कोर्ट ने विधानसभा अध्यक्ष द्वारा एनोस एक्का को विधानसभा सदस्यता से निष्कासित किए जाने को सही ठहराया है।

याचिका में एनोस एक्का ने विधानसभा अध्यक्ष द्वारा 13 अगस्त, 2009 को उनकी विधानसभा सदस्यता रद्द किए जाने के आदेश को चुनौती दी थी। उन पर वर्ष 2005 के झारखंड विधानसभा चुनाव के बाद झारखंड पार्टी के व्हिप का उल्लंघन करते हुए एनडीए के पक्ष में मतदान करने का आरोप है। विधानसभा अध्यक्ष ने विस्तृत सुनवाई करने के बाद एनोस की विधायकी की समाप्त

कर दी थी।

एनोस ने याचिका में कहा था कि पार्टी द्वारा जारी व्हिप उन पर लागू नहीं होता है और उक्त व्हिप को बाद में उनकी पार्टी ने एनडीए के पक्ष में मतदान करने के लिए फिर से व्हिप जारी किया था। इसलिए विधानसभा अध्यक्ष द्वारा उनकी विधायकी रद्द किया जाना अनुचित है। वर्ष 2005 के विधानसभा चुनाव में एनोस एक्का कोलिबीरा विधानसभा से चुने गए थे। विधानसभा की ओर से अधिवक्ता अनिल कुमार अर्पण दुबे एवं अंकितेश कुमार झा ने पैरवी की।

नित्यानंद आश्रम के संचालिका निरामया पर लगा अपहरण का आरोप

नव प्रदेश संवाददाता

रांची: सुखदेव नगर अंतर्गत न्यु मधुकम स्थित देवी मंडप रोड नंबर-पांच में रहनेवाले दया शंकर पाल ने अपने बेटे कृष्णा पाल के अपहरण करने का आरोप बैंगलोर के राम नगर जिला के बिड़ादी स्थित नित्यानंद आश्रम के संचालिका निरामया पर लगाया है। इस मामले में सुखदेव नगर थाना में पुलिस द्वारा जीरो एफआईआर दर्ज कर संबंधित थाना को भेजा गया है।

क्या है मामला

न्यु मधुकम स्थित देवी मंडप रोड नंबर-पांच में रहनेवाले दया शंकर पाल ने पुलिस को बताया है कि बेटा कृष्णा पाल एसआईटी, तुमकुर, बैंगलोर से 2009 से 2013 तक बीटेक का कोर्स पूरा करने के बाद बैंगलोर में ही आस्ट्रेलियन मल्टिनेशनल कंपनी में कार्य करने लगा।

पिता ने सुखदेव नगर थाना में की लिखित शिकायत

पुलिस ने दर्ज की है जीरो एफआईआर

कोरोना काल में बेटा कृष्णा पाल बचाव के लिये नित्यानंद आश्रम के संचालक निरामया के द्वारा आश्रम में नियुक्त किया गया। इसके बाद से बेटा से संपर्क नही हुआ,जिसके बाद वह 15 जून 2023 को अपने बेटे की खोजबीन करने बैंगलोर स्थित आश्रम पहुंचे लेकिन वहां भी उसके बेटे कृष्णा पाल से मुलाकात नही कराया गया। संचालिका निरामया द्वारा फोन पर बात करायी गई लेकिन अवाज मेरे बेटे कृष्णा पाल की नही थी। मुझे भ्रमित किया गया है। आशंका है कि मेरे बेटे के साथ किसी अप्रिय घटना को अंजाम दिया गया है।

धुर्वा में सात को दही हांडी मटका फोड़ प्रतियोगिता

रांची। श्रीकृष्ण विकास परिषद के मुख्य संरक्षक कैलाश यादव ने कहा कि सात सितम्बर को धुर्वा नर्सरी पार्क कुरुक्षेत्र मैदान में आयोजित दही हांडी मटका फोड़ प्रतियोगिता और श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। यादव ने बुधवार को बताया कि दही हांडी मटका फोड़ प्रतियोगिता का अधिकतम ऊंचाई 25 फीट होगा । उन्होंने बताया कि धुर्वा में पहली बार दही हांडी प्रतियोगिता कार्यक्रम लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बिंदु होगा । इसमें मथुरा वृंदावन और द्वारिका के तीन टीमें भाग लेंगी। सभी ग्रुप में 12-12 युवा गोविंदाओं की टोली रहेगी । प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजेता टीम के सभी गोविंदाओं को धन सामग्री पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। दही हांडी प्रतियोगिता के बाद आठ बजे श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव पूजा के अवसर पर रामायण मंडली की ओर से कीर्तन भजन किया जाएगा तथा रात 12 बजे भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के बाद पूजा स्थल पर आरती मंगल किया जाएगा।

रांची शहर में पहली बार जलाशयों का गाद साफ करने के लिए मंगायी गई एमफीबियस एक्सकेवेटर मशीन

जलाशयों में 50 फीट गहराई तक सफाई करेगी 3.15 करोड़ रुपए की मशीन

नव प्रदेश संवाददाता

रांची: रांची नगर निगम क्षेत्रांतर्गत नदी-तालाबों तथा अन्य जलाशयों से गाद को साफ करने हेतु निगम द्वारा एमफीबियस एक्सकेवेटर मशीन का क्रय किया गया है, जिसका बुधवार को प्रशासक अमीत कुमार की उपस्थिति में बड़ा तालाब से परिचालन शुरू किया गया।

मौके पर प्रशासक द्वारा कहा गया कि रांची शहर में पहली बार जलाशयों का गाद साफ करने के लिए एमफीबियस एक्सकेवेटर मशीन मंगाई गई है। रांची शहर के सभी बड़े जलाशयों की व्यापक सफाई की आवश्यकता को देखते हुए इस मशीन का क्रय किया गया है। रांची नगर निगम ने करीब 3.15 करोड़ रुपए की लागत से यह मशीन खरीदी है। इसे सबसे पहले बड़ा तालाब में

उतारा गया है। इस मशीन की खासियत यह है कि इसका बीम करीब 50 फीट लंबा है, जो तालाब के गहराई में जाते हुए अंदर जमे गाद को बाहर निकलता है। गाद निकलने के साथ-साथ तालाब की गहराई बढ़ाने में भी मशीन उपयोगी है। उन्होंने कहा कि इस मशीन का उपयोग निगम क्षेत्र के सभी जलाशयों में गाद निकालने के लिए किया जाएगा। प्रशासक द्वारा सभी नागरिकों से अपील की गई है कि भविष्य में किसी भी जलाशय में कूड़ा ना डाले, डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण करने वाले वाहनों में ही कूड़ा डाले और शहर को स्वच्छ एवं सुंदर रखने में सहयोग करें। मौके पर उप प्रशासक रजनीश कुमार, सहायक प्रशासक ज्योति कुमार सिंह, सहायक प्रशासक शीतल कुमारी, नगर प्रबंधक एवं निगम के अन्य कर्मी उपस्थित थे।

श्री श्याम मंदिर में श्रीश्याम प्रभु का मनमोहक श्रृंगार

नवप्रदेश संवाददाता

रांची : अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव अत्यन्त उत्साह के साथ भक्तिमय वातावरण में आयोजित किया गया। इस अवसर पर पूरे मन्दिर परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया। रंग बिरंगे बैलूनों की कलामक्तक व विद्युत की रंगीन लड़ियों से रोशनी बिखेर रही थी साथ ही इस अवसर पर श्री श्याम प्रभु का मनमोहक श्रृंगार किया गया साथ ही मन्दिर में विराजमान हनुमान जी एवम शिव परिवार का भी विषेश श्रृंगार किया गया।

श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर श्री कृष्ण लीला पर आधारित झांकियां भक्तों का मन मोह रही थी। मुख्य आकर्षण था रजत झूले पर मधुर मुस्कान के साथ विराजमान लड्डू गोपाल का दिव्य दर्शन, रजत झूले की कलात्मतक

व सजावट को भक्तगण निहारकर धन्य हो रहे थे। रात्रि 8:30 बजे से ही भक्तों की अपार भीड़ मन्दिर पहुंचने शुरू गई तथा 9 बजे से श्री श्याम मण्डल के सदस्यों द्वारा गणेश वन्दना के साथ संगीतमय संकीर्तन का शुभारम्भ किया गया।

बस इतनी तमन्ना है हे श्याम तुम्हें देखूं

कन्हैया बांसुरी वाले तुम्हारी याद आती है

कन्हैया एक बर सुनादे तेरी बांसुरी

छोटी छोटी गैयां छोटे छोटे ग्वाल इत्यादि भजनों की गंगा में भक्तगण गोते लगाते रहे। इस अवसर पर लड्डू गोपाल को माखन मिश्री, केसरिया पेड़ा, नारियल बर्फी, पंजीरी, फल, मेवा, चॉकलेट एवं कलाकंद से बना हुआ केक का भोग लगाया गया।

रोहिणी नक्षत्र में रात्रि 12 बजते ही मन्दिर परिसर ढोल नगाड़े, घंटा घड़ियाल व शंख ध्वनि से गूंज उठा, भक्तगण ₹नन्द के आनन्द भयो जय कन्हैया लाल की₹ की धुन पर झूम उठा साथ ही महाआरती व प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। आज के कार्यक्रम को सफल बनाने में रमेश चन्द्र सारस्वत, चन्द्र प्रकाश बागला, धीरज बंका, अशोक लाठ, प्रमोद बगड़िया, विकाश पाड़िया, नितेश लाखोटिया, विवेक ढांढनीयां, अमित जलान, गौरव परसरामपुरिया का सहयोग रहा।

श्रीवैष्णवों का शुद्ध औदायिक तिथि में श्रीकृष्ण-जन्माष्टमी व्रत मनेगा

नव प्रदेश संवाददाता

रांची : श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरूपति बालाजी) मन्दिर में देवकीनंदन भगवान् श्रीकृष्ण का प्रकाट्योत्सव गुरुवार को धुमधाम से मनाया जायेगा। उदया तिथि अष्टमी एवं रोहिणी नक्षत्र का संयोग 07 सितंबर गुरुवार को मिल रहा है, तथापि अर्धरात्रि तक यह योग नहीं रहेगा। फिर भी औदायिक तिथि को मानते हुए श्रीरामानुजाचार्य संप्रदाय के मतानुसार श्रीजयंती के रूप में इस व्रत को मनाया जायेगा। तिथि नक्षत्र के समय भेद के अनुसार श्रीकृष्णजन्माष्टमी व्रत अधिकतर दो दिन का हो ही जाता है। इस व्रत के तीन भेद हैं - 1. सप्तमी में अष्टमी रात्रि व्यापिनी तिथि में स्मार्त्त लोग व्रत करते हैं। 2. उदया तिथि में अष्टमी होन पर श्रीवैष्णव में कुछ सम्प्रदाय के लोग मानते है तथा तीसरे में श्रीवैष्ण में ही कई संप्रदाय

के अनुयायी विशेष रोहिणी नक्षत्र का महत्त्व देते हुए व्रत करते हैं। इस संप्रदाय में अष्टमी तथा रोहिणी थोड़ी भी हो तथा नवमी सम्पूर्ण दिन होने से भी अष्टमी का व्रत करना चाहिए। भगवान का झूला कलकत्ता के मालाकारों द्वारा कई प्रकार के विशेष पुष्पों से सजावट की जा रही है। इस सजे हुए झूले पर गुरुवार को सायं 4.00 बजे से ही भगवान् श्रीवेंकटेश्वर श्रीकृष्ण रूप में, श्रीश्रीदेवी लक्ष्मी राधिका के रूप में और श्रीभूमि देवी लक्ष्मी रुक्मिणी जी के रूप में गर्भगृह के बाहर जगमोहन में झूला-झूलते हुए दर्शन देंगे।

एक नजर

झारखंड पुलिस एसोसिएशन ने आभार जताया

रांची: झारखण्ड पुलिस सीमित विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा नियमावली 2016 को झारखण्ड सरकार द्वारा समाप्त कर दिया गया था। परन्तु वायरलेस संवर्ग में सीमित विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा समाप्त नहीं हुई थी। इस संबंध में केन्द्रीय झारखण्ड पुलिस एसोसिएशन लगातार प्रयासरत थी। बुधवार को झारखण्ड सरकार की केन्द्रीय मंत्रीपरिषद की बैठक में इस नियमावली को समाप्त करने का निर्णय लिया गया है। इस निर्णय से झारखण्ड पुलिस वायरलेस संवर्ग के सभी पदाधिकारी एवं कर्मियों में प्रसन्ता की लहर दौड़ गई है, तथा सभी ने एक स्वर से सरकार के इस निर्णय की सराहना किए हैं। इस निर्णय से 62 पद पर सहायक अवर निरीक्षक से पुलिस अवर निरीक्षक के पद पर प्रोन्नति का रास्ता साफ हो गया है। झारखण्ड पुलिस एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री सहित सभी मंत्रीपरिषद के सदस्यों के साथ मुख्य सचिव, गृह सचिव, महानिदेशक एवं अन्य वरीय पदाधिकारियों का भी आभार प्रकट की है।

डीएवी शिक्षा दीप विद्यालय परिसर में कार्यक्रम आयोजित

रांची: डीएवी शिक्षा दीप विद्यालय परिसर में बुधवार को शिक्षक दिवस मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बच्चों ने संगीत,नृत्य व नाटक बड़े ही सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि झारखंड राज्य खुला विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर (प्रो.)टी.एन.साहू,विशिष्ट अतिथि कॉर्डिनेटर डॉ.प्रेम सागर केशरी, छात्र क्लब ग्रुप के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा ने डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि डॉक्टर(प्रो.)टी.एन.साहू ने शिक्षक के महिमा को बताते हुए कहा कि शिक्षक ईश्वर का स्वरूप होता है ,जो बच्चों के उज्ज्वल भविष्य एवं सुखमय जीवन का रास्ता दिखाता है। वहीं शिक्षा एवं समानता का स्रोत है। डॉ.प्रेम सागर केशरी ने कहा शिक्षा ही एक ऐसा शस्त्र है जिससे विश्व की हर इच्छा की पूर्ति हो सकती है बिना शिक्षा के मनुष्य अपंग है। शिव किशोर शर्मा ने कहा शिक्षक के बिना जीवन अधूरा है और अंधेरा भी,शिक्षक है तो जीवन है और प्रकाश भी है इसलिए शिक्षकों को हमेशा सम्मान देना चाहिए। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्यरूप से सुग्गी महतो,आलोक मिश्रा,दिव्यांश अनुज,विवेक सोनी,आरती कुमारी,सीता साहू,निधि कुमारी, अंजली कुमारी,सविता बागे,रिंकी कुमारी आदि शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने महत्वपूर्ण भुमिका निभाई। प्राचार्य राजेश कुमार ने भक्तिमय संगीत एवं शिक्षक दिवस की शुभकामनायें देकर कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।

डेंगू व चिकनगुनिया रोग से बचाव के लिये छिड़काव की मांग

रांची: अधिवक्ता सह भाजपा विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुधीर श्रीवास्तव ने शहर मे फैल गए डेंगू और चिकनगुनिया रोग के रोकथाम हेतु उपायुक्त और नगर निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपा है। मौके पर उन्होंने कहा कि शहर में डेंगू का प्रकोप बढ़ रहा है, लेकिन प्रशासन के द्वारा इससे बचने के लिये कोई छिड़काव नही की जा रही है और न ही आम लोगों में जागरूकता फैलायी जा रही है। डेंगू और चिकनगुनिया के मरीज की अब मौत भी होने लगी है। अब तो आपात स्थिति आ गयी है अगर प्रशासन और नगर निगम मिलकर काम करे तो इसका परिणाम बेहतर होगा। प्रशासन केवल सरकारी अस्पतालों का आंकडा देख रहा है, उससे अधिक प्राइवेट अस्पतालों मे इलाज चल रहा है। डेंगू व चिकनगुनिया रोग के कारण शहर मे कीवी और ड्रेगन फल के दाम आसमां पर है। प्रशासन से मांग है कि इस बीमारी को रोकने हेतु युद्धस्तर पर छिड़काव कर जागरूकता फैलायी जाये। इसके साथ ही फलों की कालाबाजारी बंद हो।

पंडित दीनदयाल स्टेशन से विशाखापट्टनम के बीच चलेगी स्पेशल ट्रेन, रांची में भी होगा ठहराव

रांची। रेल मंत्रालय ने विशाखापट्टनम से पंडित दीनदयाल उपाध्याय के बीच ट्रेन परिचालन का निर्णय लिया है। इस संबध में रेलवे की ओर से घोषणा कर दी गयी है, जहां अतिरिक्त यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे ने ये निर्णय लिया है। इसके तहत ट्रेन संख्या 08588 और 08587 विशाखपट्टणम-पंडित दीनदयाल उपाध्याय-विशाखपट्टणम स्पेशल ट्रेन के परिचालन किया जायेगा। ट्रेन संख्या-08588 विशाखपट्टणम-पंडित दीनदयाल उपाध्याय साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का परिचालन छह सितंबर से 25 अक्टूबर तक प्रत्येक बुधवार को विशाखापट्टनम से किया जायेगा। इस ट्रेन का विशाखपट्टनम से प्रस्थान बुधवार 12.30 बजे, रायगड़ 15: 45 बजे, सम्बलपुर से 20: 45 बजे, राऊरकेला से 23: 20 बजे, हटिया 02: 55 बजे प्रस्थान तीन बजे, मूरी से रवाना सुबह चार बजे होते हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय आगमन गुरुवार 13: 30 बजे होगा। वहीं, ट्रेन संख्या 08587 पंडित दीनदयाल उपाध्याय-विशाखपट्टणम साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का परिचालन 7 सितंबर से 26 अक्टूबर तक किया जायेगा। इस ट्रेन का पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रस्थान गुरुवार 19.10 बजे, गढ़वा रोड 23: 20 बजे, बरकाकाना आगमन 03: 10 बजे, मूरी आगमन 04: 20 बजे, रांची प्रस्थान 05: 20 बजे, हटिया प्रस्थान 05: 40 बजे, विशाखपट्टणम आगमन शुक्रवार 20: 30 बजे होगा। इन ट्रेनों में एसएलआर/डी के 02 कोच, सामान्य श्रेणी के 02 कोच, द्वितीय श्रेणी स्लीपर क्लास के 12 कोच, वातानुकूलित 3-टियर के 03 कोच एवं वातानुकूलित 2-टियर का 01 कोच, कुल 20 कोच होंगे।

झारखंड में पहली बार विस्टाडोम, 12 सितंबर से न्यू गिरिडीह-रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस इसके साथ दौड़ेगी

रांची। झारखंड के रांची रेल मंडल में पहली बार विस्टाडोम कोच आने वाला है। यह कोच न्यू गिरिडीह-रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस में लगेगा। 12 सितंबर यह विशेष रेलगाड़ी एक विस्टाडोम कोच के साथ रांची पहुंचेगी। इसे सुबह 10 बजे गिरिडीह में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। यह कोच बेहद खूबसूरत और सुखद अहसास कराने वाला होगा । इस कोच के माध्यम से सरकार पर्यटकों को आकर्षित करने पर फोकस कर रही है। यह ट्रेन जमुआ, धनवार, महेशपुर, कोडरमा, हजारीबाग टाउन, बड़काकाना-मेसरा और टाटीसिल्वे होते रांची तक का सफर करेगी। इसके पीछे उद्देश्य है कि विस्टाडोम से यात्री सफर का पूरा आनंद ले सकें। रास्ते में पड़ने वाले मनोरम और प्राकृतिक सौंदर्य को महसूस कर सकें। ट्रेन में कुल 13 कोच होंगे। न्यू गिरिडीह-रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन दूसरी रेलगाड़ी हजारीबाग टाउन से जुड़ेगी। रांची रेल मंडल के सीनियर डीसीएम निशांत कुमार ने यह विवरण साझा किया है। उन्होंने कहा कि यह पहला मौका होगा, जिसके तहत किसी ट्रेन में विस्टाटोम कोच जोड़ जा रहा है। ऐसा पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया जा रहा है। विस्टाडोम कोच में बड़े ग्लास की खिड़कियां हैं। इनमें छह पारदर्शी होंगी। यह यात्री को साइड के साथ ऊपर की तरफ के दृश्य देखने में मदद करेंगी। कोच का निर्माण आईसीएफ ने किया है। इस कोच में 42 से 44 यात्रियों के बैठने की व्यवस्था की गई है। इसकी सबसे बड़ी खासियत होगी इसकी शानदार सीट 180 डिग्री पर घूम सकेगी। शानदार पुशबैक होगी।

विहिप का स्थापना दिवस मनाया गया



रांची। विश्व हिंदू परिषद का स्थापना दिवस हटिया चौक स्थित शिव मंदिर प्रांगण में बुधवार को मनाया गया। इस अवसर पर रांची महानगर के मिलन केंद्र प्रमुख मुकेश गिरि ने कहा संपूर्ण विश्व में हिंदुओं को एक मंच पर लाने, सनातन धर्म संस्कृति ,हिंदू समाज एवं राष्ट्र की रक्षा के विषय लेकर विहिप की स्थापना श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के दिन 1964 में हुई थी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वितीय सरसंघचालक माधवराव सदाशिव गोलवलकर , स्वामी चिन्मयानंद, शिवराम शंकर आप्टे, अकाली दल के मास्टर तारा सिंह, जैन धर्म के सुशील मुनि महाराज , गीता प्रेस के संस्थापक हनुमान पोद्दार एवं विभिन्न मत पंथ के अन्य संतों की उपस्थिति में विहिप का स्थापना किया गया था। इस दौरान मुख्य रूप से विहिप की स्थापना के उद्देश्य, कार्य एवं उपलब्धियां के बारे जानकारी दी गई। कार्यक्रम श्री कृष्ण भगवान की पूजन और हनुमान चालीसा पाठ से प्रारंभ हुई और आरती एवं प्रसाद वितरण के बाद संपन्न हुई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विजय कुमार मिश्र, नर्मदेश्वर मिश्र ,संजीव कुमार, आनंद शर्मा, संजय कुमार मिश्र, सुरेंद्र गुप्ता, डॉक्टर प्रेम प्रकाश मिश्र सहित अन्य शामिल थे।

बीएयू में प्राकृतिक खेती पर दो सप्ताह के प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

नव प्रदेश संवाददाता

रांची : बीएयू में आईसीएआर - राष्ट्रीय कृषि उच्च शिक्षा परियोजना (नाहेप) के सौजन्य से प्राकृतिक खेती की वर्तमान स्थिति और भविष्य की संभावनाएं विषय पर दो सप्ताह के प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ. कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि डीन वेटनरी एवं निदेशक प्रशासन डॉ सुशील प्रसाद ने किया. अपने संबोधन में डॉ प्रसाद ने वर्त्तमान कृषि परिवेश में प्राकृतिक खेती के फायदे और नुकसान के बारे में विस्तार से चर्चा की. उन्होंने प्राकृतिक खेती की विभिन्न प्रायोगिक स्थलों पर इसकी प्रथाओं का अच्छी तरह से परीक्षण करने की आवश्यकता पर जोर दिया.

मौके पर डीन एग्रीकल्चर डॉ डीके शाही ने कृषि प्रदूषकों के बारे में बात करते हुए वर्त्तमान कृषि प्रथा में उच्च उपज वाली फसल किस्मों की पोषण संबंधी जरुरत को पूरा करने और बढ़ती आबादी की भोजन की आवश्यकताओं को पूरा करने में प्राकृतिक खेती प्रथाओं की व्यवहार्यता पर भी सवाल उठाए.

अपने संबोधन में डीन पीजी डॉ एमके गुप्ता ने वर्त्तमान समय की मांग को देखते हुए केवल 10 -15 प्रतिशत खेती योग्य भूमि क्षेत्र को प्राकृतिक खेतों में परिवर्त्तित करने पर जोर दिया.

प्रशिक्षण के विषय का प्रवर्त्तन करते हुए डीएसडब्लू एवं विश्वविद्यालय प्राध्यापक (मृदा विज्ञान) डॉ बीके अग्रवाल ने प्राकृतिक खेती की आवश्यकता एवं महत्ता पर प्रकाश डाला. जैविक खेती और प्राकृतिक खेती के स्वरूप और दोनों के बीच अंतर के बारे में बताया.

कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर प्रधान अन्वेषक (नाहेप) एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम निदेशक डॉ एमएस मल्लिक ने प्रशिक्षण में भाग ले रहे इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर, दाऊ श्री वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय, दुर्ग और बिरसा कृषि विश्वविद्यालय, रांची के प्रतिभागियों का स्वागत किया और प्रशिक्षण कार्यक्रम में चर्चा किए जाने वाले विषयों से अवगत कराया. बीएयू परिसर स्थित कृषक भवन में आयोजित यह कार्यक्रम 16 सितंबर 2023 तक चलेगी. कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद मृदा वैज्ञानिक डॉ पी महापात्रा ने दी.

आदिवासी महिला लाभार्थियों को सुकर जोड़े का वितरण किया गया

रांची कबिरसा कृषि विश्वविद्यालय के पशु चिकित्सा संकाय में संचालित आईसीएआर झ्र फूट एंड माउथ डिजीज (एफएमडी) नेटवर्क यूनिट के सौजन्य से रांची जिले के नामकुम प्रखंड के रुडुंग कोचा गांव में सूकर वितरण कार्यक्रम चलाया गया. मौके पर बतौर मुख्य अतिथि डीन वेटनरी एवं निदेशक प्रशासन डॉ सुशील प्रसाद द्वारा गांव की 10 आदिवासी महिला लाभार्थियों को उन्नत प्रजाति के 10 जोड़े सूकर वितरित किया गया. डॉ सुशील प्रसाद ने प्राप्तकर्त्ता को बताया कि सूकर पालन प्रबंधन में सूकरों के भोजन, स्वास्थ्य, बीमारी की रोकथाम और विपणन का ध्यान रखना महत्वपूर्ण है, तभी यह लाभदायक उद्यम बनेगा.

डीन पीजी एवं परियोजना अन्वेंषक (एफएमडी नेटवर्क यूनिट) डॉ एमके गुप्ता ने किसानों से सूकरों को सर्वोत्तम संभव तरीके से पालने के लिए जोर दिया, ताकि किसान अपनी कमाई बढ़ा सकें, क्योंकि सूकर पालन से किसानों को उत्कृष्ट लाभ मिलता है. उन्होंने कहा कि भविष्य में परियोजना के तहत अधिक सूकर एवं सूकरी का वितरण किया जाएगा, ताकि पूरा गांव सुकर पालन और एकीकृत कृषि प्रणाली के लिए एक आदर्श गांव बन सके. मौके पर सूकर परियोजना प्रभारी डॉ रवींद्र प्रसाद ने किसानों को सूकरों का टीकाकरण, पोषण एवं आवास प्रबंधन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी. अपने संबोधन में एफएमडी नेटवर्क यूनिट के वैज्ञानिक डॉ अंसार अहमद ने सूकरों के टीकाकरण एवं कृमि नाशक दवाओं के उपयोग पर जोर दिया. यूनिट के एसआरएफ सुश्री स्नेहा ने सूकरों को स्वस्थ बनाये रखने कृमि मुक्त करना बहुत महत्वपूर्ण बताया.

सीआईटी में स्वास्थ लगा शिविर रोड एक्सीडेंट को लेकर किया जागरूक

अनगड़ा। सीआईटी के राष्ट्रीय सेवा योजना विंग एवं राज हॉस्पिटल रांची के संयुक्त तत्वाधान में बुधवार को संस्थान में शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के लिए स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया। दूसरे सत्र में विद्यार्थिओं को रोड ट्रैफिक एक्सीडेंट की रोकथाम के लिए जागरूक किया गया। शिविर में राज हॉस्पिटल के चिकित्सक डॉ अभिषेक भट्टचार्य एवं डॉ आदित्य ने कर्मचारियों के ब्लड प्रेशर, शुगर, बोन मिनरल डेंसिटी,वजन, चेहरे व दाँत से सम्बंधित बीमारियो की जांच की। रोड ट्रैफिक एक्सीडेंट जागरुकता कार्यक्रम में चिकित्सकों व मेडिकल टीम ने विद्यार्थियों को दुर्घटना से बचने के उपायों के बारे में बताया। कहा कि हेलमेट का प्रयोग अनिवार्य रूप से करें,नशे की हालत में गाड़ी ना चलाएं व तेज रफ़्तार से बचें। अपने वाहन में फर्स्ट ऐड की सुविधा अवश्य रखें। मौके पर मुख्य रूप से एनएसएस कोर्डिनेटर व प्रभारी प्राचार्य प्रो अरशद उस्मानी उपस्थित थे।

झारखंड कुरमी महासभा रांची जिला इकाई ने अन्याय दिवस मनाया गया

अनगड़ा। झारखंड कुरमी महासभा रांची जिला इकाई ने बुधवार को जिलाध्यक्ष बालकुमार महतो के अध्यक्षता में गोन्दलीपोखर में अन्याय दिवस मनाया। मुख्य अतिथि प्रदेश महासचिव कारीनाथ महतो विशिष्ट अतिथि युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष पंकज कुमार महतो उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने कहा कि छोटानागपुर पठार के कर्मियों को छह सितंबर 1950 को पहला अनुसूचित जनजाति सूची में उन्हीं को शामिल करना था जो 1931 के जनगणना में जनजाति आदिवासी दर्शाए गए थे । इसके बावजूद छह सितंबर 1950 को जारी अनुसूचित जनजाति की सूची में कर्मियों /कुड़मियों को शामिल नहीं किया गया । संचालन जिला महासचिव ज्योतिष कुमार महतो ने किया। कारीनाथ महतो ने सरकार से अपनी भूल-सुधार कर कुरमी समाज को उनका संवैधानिक अधिकार देने का मांग किया। पंकज महतो ने कहा कि आन्दोलन जारी रहेगा। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष सकलनाथ महतो,राजीव चौधरी,रामेश्वर महतो, दिनेश महतो,धनेश्वर महतो,मोहन महतो,रामलाल महतो,जगरनाथ महतो, समलनाथ महतो, बिमला देवी, रीता देवी, जीरा देवी, सुनीता देवी, सीमा देवी के उपस्थित थे।

राधिका के रूप में नित्या सिंह

विधायक सुदेश महतो ने सिल्ली के ढाई हजार शिक्षकों को किया सम्मानित

रांची(हि. स.)। सिल्ली के विधायक सुदेश कुमार महतो ने बुधवार को सिल्ली स्टेडियम परिसर में आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में विधानसभा क्षेत्र के सभी सरकारी, गैर-सरकारी विद्यालयों के ढाई हजार शिक्षकों एवं सेवानिवृत्त शिक्षकों को सम्मानित किया।

समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जीवन में शिक्षकों के महत्व को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता है। हमारे जीवन को उचित मार्गदर्शन देकर सही दिशा दिखाने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी शिक्षक की होती है। शिक्षक एक अनमोल उपहार हैं। वे विद्यार्थियों के जीवन को अपने ज्ञान, धैर्य, प्यार और मार्गदर्शन से मजबूत आकार देते हैं और सफलता की ओर ले जाते हैं।

उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में सिल्ली विधानसभा को सर्वश्रेष्ठ बनाने के लिए किये जा रहे प्रयासों में सभी गुरुजन अपनी महती भूमिका अदा करें। सिल्ली विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा के विभिन्न आयामों को प्रोत्साहित कर शिक्षा विकास को सुदृढ़ करने का ऐसा वातावरण तैयार करना है, जिससे यह क्षेत्र पूरे राज्य में उदाहरण पेश करे। इन्हीं प्रयासों के तहत छात्रों के लिए हाई स्कूलों में प्रोफेशनल्स द्वारा स्मार्ट क्लासेज शुरू किए गए हैं और इसके अच्छे परिणाम भी मिल रहे हैं।

उन्होंने कहा कि अपने निश्चय और अभियान के तहत स्टूडेंट्स एक्सप्रेस बस सेवा शुरू की गई है। यह बस सेवा अभी सोनाहातू से शुरू हुई है। आने वाले दिनों में यह निःशुल्क बस सेवा सिल्ली, राहे और जोन्हा से भी चलेगी। साथ ही कहा कि जल्द ही प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए निःशुल्क कोचिंग की शुरूआत होगी। इसके लिए दो बार नामांकन प्रवेश परीक्षा भी आयोजित की जा चुकी है।

महतो ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि 100 प्रतिभावान छात्रों को रहने, खाने और पढ़ने की सुविधा निःशुल्क उपलब्ध करवाएंगे। उन्होंने कहा कि विधानसभा के सभी छात्रों एक लाख किताबों की क्षमता वाला लाइब्रेरी देने की तैयारी पूरी कर ली गई है। जल्द ही इसकी शुरूआत की जाएगी। यह लाइब्रेरी 247 चलेगी।

नशाखोरी के खिलाफ सिकिदिरी पुलिस ने चलाया छापामारी अभियान

अनगड़ा। सिकिदिरी पुलिसने क्षेत्र में गंजेड़ियों और गांजा बिक्रेता तथा अवैध शराब बेचने वालों के खिलाफ अभियान चलाया है बुधवार को थाना प्रभारी सत्यप्रकाश रवि व एसआई अरुण कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने टीम बना कर क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों में छापामारी किया इस दौरान कई जगहों में जमघट लगाकर बैठे युवकों ने पुलिस को देखकर अंधेरा होने का लाभ उठाकर कुच लोग भागने में सफल रहे। गांजा का सेवन करने के शक में पकड़े गए युवकों की पुलिस ने उनकी धुनाई कर कड़ी चेतावनी देकर छोड़ दिया इस के अलावा शक के आधार पर पुलिस ने क्षेत्र की कई गुमटियों और दुकानों में भी छापामारी भी की। लेकिन कोई सफलता हाथ नहीं लगी। पुलिस की इस कार्रवाई से नशेड़ियों के बीच हड़कंप मच गया है।गुप्त सूचना के आधार पर एक सप्ताह पूर्व भी सिकिदिरी थाना की पुलिस ने क्षेत्र के होटलों में अवैध शराब बेचने वालों के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया था इस दौरान अवैध शराब बेचने के आरोप में एक होटल संचालक पर पुलिस ने प्राथमिकी भी दर्ज की थी। पुलिस को लगातार शिकायत मिल रही थी कि सिकिदिरी-ओरमांझी पथ के कई सार्वजनिक स्थानों और होटलों पर गांजा और शराब का सेवन करने वाले युवकों की जमघट सुबह से लगनी शुरू हो जाती है।

हाई कोर्ट में मुख्य सचिव ने कहा, देवघर एम्स में जल्द उपलब्ध कराई जाएंगी मूलभूत सुविधाएं

रांची। झारखंड हाई कोर्ट में देवघर एम्स में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर सांसद निशिकांत दुबे की जनहित याचिका की सुनवाई बुधवार को हुई। मामले में कोर्ट के आदेश के आलोक में राज्य के मुख्य सचिव एवं देवघर एम्स के डायरेक्टर कोर्ट के समक्ष वर्चुअल रूप से उपस्थित हुए।

मुख्य सचिव ने कोर्ट को भरोसा दिलाया कि जल्द ही देवघर एम्स में सारी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करा दी जाएंगी। कोर्ट ने मुख्य सचिव को शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की।

पूर्व की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के अधिवक्ता की ओर से कहा गया था कि देवघर एम्स में सुविधा मामले में पथ निर्माण विभाग, बिजली विभाग, फायर विभाग सहित अन्य विभागों ने अलग-अलग जवाब दाखिल किया है लेकिन इन जवाबों में एम्स द्वारा उठाए गए बिंदुओं का सटीक जवाब नहीं मिल रहा है।सरकार के सक्षम अधिकारियों द्वारा देवघर एम्स को लेकर याचिकाकर्ता द्वारा उठाए गए समस्याओं पर स्पष्ट जवाब आना चाहिए था।

दरअसल, राज्य सरकार के पथ निर्माण विभाग ने मामले में शपथ पत्र दाखिल किया है। इसमें बताया गया है कि देवघर एम्स ने गेट का स्थान नहीं बताया है। इस कारण वहां के लिए अप्रोच रोड नहीं बन पा रहा है। याचिकाकर्ता ने देवघर एम्स में इलेक्ट्रिक सबस्टेशन बनने, अप्रोचिंग रोड बनने, फ्लाईओवर बनने, आवश्यकतानुसार पानी की व्यवस्था होने, फायर सेफ्टी की पर्याप्त व्यवस्था आदि की सुविधा मुहैया कराने का आग्रह राज्य सरकार से किया गया है। एम्स की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव ने पैरवी की।

ग्रामीण क्षेत्र में पहली बार स्मार्ट आईसीयु की सुविधा से होगा मरीजो को लाभ : डॉ नंदजी सिंह

नवप्रदेश संवाददाता

रातू। वरदान हॉसपीटल एंड रिसर्च सेंटर रातू में बुधवार को देश की अग्रणी हेल्थ केयर कंपनी क्लाउड फिजिशियन के सहयोग से टेली मेडिसीन आधारित स्मार्ट आईसीयु की शुरूआत हॉस्पीटल के प्रबंधक डॉ नंदजी सिंह ने केक काटकर किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगो व पत्रकारो को संबोधित करते हुए डॉ नंदजी सिंह ने कहा कि वरदान हॉस्पीटल में आज से बंगलुरू के दो दर्जन सुपर स्पेशलिस्ट की टीम टेली मेडिसीन के द्वारा 24 घंटे आईसीयु के मरीजो को सेवा देगी। यह सेवा इस क्षेत्र में पहली बार वरदान हॉस्पीटल में दी जा रही है जिससे मरीजो को काफी सुविधा होगी। जटिल समस्या के लिए मरीजो को बंगलुरू जाने की जरूरत नही पडेगी। वरदान हॉस्पीटल के डॉ केपी सिंह ने बताया कि अभी जिस तरह से शहरो के बडे डॉक्टरो से मिलने जाने के लिए ट्रैफिक समस्या झेलनी पड रही है। कभी यह जानलेवा भी साबित हो सकता है। लेकिन अब ट्रैफिक समस्या से जुझे बिना ग्रामीण क्षेत्र में ही बीमारी का ईलाज हो जाए तो शहरो में जाने की जरूरत ही क्यो होगी। हॉस्पीटल की डॉ नमिता ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के लिए यह प्रथम प्रयास है। स्मार्ट आईसीयु की सुविधा न्युनतम दरो पर सर्वोतम ईलाज के लिए मिल सकेगा। मरीजो को बंगलुरू के चिकित्सको की सेवा दिन रात मिलेगी।आज स्थिति यह है कि रांची के बडे हॉस्पीटल में भी देर रात मरीजो को चिकित्सको की सुविधा उपलब्ध नही हो पातह लेकिन हमारे यहां 24 घंटे स्थानीय व बंगलुरू के चिकित्सक अपनी सेवा देगें। कार्यक्रम को डॉ प्रमोद,डॉ राहुल ने भी संबोधित किया। मौके पर प्रकाश ,निर्मल, आनंद सहित क्लाउड फिजिशियन की पुरी टीम उपस्थित थी।

युवाओं को शौचालय से जुड़ी अच्छी आदतों के बारे में शिक्षित करेगा हार्पिक

नवप्रदेश संवाददाता

रांची: शौचालय स्वच्छता श्रेणी में अग्रणी ब्रांड हार्पिक ने सेसमे वर्कशॉप इंडिया ट्रस्ट के साथ मिलकर ₹स्वच्छता शिक्षा फ्रेमवर्कह्व पर आधारित एक विशेष किट का अनावरण किया। अभिनव 'किटाणुओं को दूर भगाओ!' किट को हार्पिक के मिशन स्वच्छता और पानी अभियान का समर्थन करने के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी, 2020) और नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क (2022) के अनुरूप डिजाइन किया गया है। इस अनूठी किट का उद्देश्य जागरूकता बढ़ाना और छोटे बच्चों में स्वच्छ शौचायल की आदतों को विकसित करना है, जिससे उनमें अच्छे स्वास्थ्य के लिए स्वच्छता के महत्व को पैदा किया जा सके।

कार्यक्रम के हिस्से के रूप में, हार्पिक और सेसमे वर्कशॉप इंडिया ट्रस्ट पुरी, ओडिशा के आश्रमशालाओं में 17 लाख बच्चों को किट वितरित करेगी। 3डी पॉप-अप किताबों, 3डी जिगशॉ पजल्स, और एक एक्टिविटी बुकलेट वाली इन किटों को सेसमे के लोकप्रिय पात्रों एल्मो, चमकी, नीला जादूगर और केके किटाणु की मदद से बच्चों के सामने प्रस्तुत किया जाएगा। यह पहल सभी के लिए सुरक्षित शौचालय सुनिश्चित करने के हार्पिक के मिशन का हिस्सा है और बच्चों को युवा राजदूत बनने के लिए ज्ञान प्रदान करेगी, जो साफ-सफाई के महत्व को समझते हैं। इसके अलावा, उन्हें 'स्वच्छता चैंपियंस' के रूप में पहचान बनाने के अवसर के साथ, अगले व्यक्ति के लिए शौचालय को साफ रखने की प्रतिज्ञा लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

किट को कहानी की शक्ति के माध्यम से स्कूली बच्चों के बीच भाषाओं की बाधाओं को तोड़ने और सकारात्मक व्यवहार को बढ़ावा देने के लिए विशेषरूप से तैयार किया गया है। सेसमे वर्कशॉप के रंग-बिरंगे और प्यारे मपेट पात्रों को बच्चों द्वारा पसंद किया जाता है और बच्चों से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों को संबोधित करने के तरीकों की वकालत करने के लिए विश्व स्तर पर उनकी सराहना की जाती है। कार्यक्रम के लिए विकसित पाठ्यक्रम का उद्देश्य सकारात्मक मूल्यों और व्यवहार को प्रोत्साहित करते हुए कहानी सुनाने के प्रति लगाव को बढ़ावा देना है। हार्पिक मिशन स्वच्छता और पानी अभियान के उद्देश्य के अनुरूप, इसका फ्रेमवर्क तीन प्रमुख स्तंभों - पहुंच, उपयोग और देखभाल पर आधारित है, और यह संदेशः एक साफ-सुथरा शौचालय - एक अधिकार, सुरक्षित शौचालय का उपयोग - एक आदत और व्यवहार में बदलाव लाना - इसे सुरक्षित बनाए रखना, को फैलाने पर केंद्रित है।

गौरव जैन, एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट, रेकिट - साउथ एशिया, ने कहा कि रेकिट में, हम सभी के लिए पृथ्वी को स्वस्थ बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। एक ऐसा भविष्य बनाने के लिए, जहां हर किसी के पास साफ, स्वस्थ शौचालय तक पहुंच हो, सेसमे इंडिया के साथ हमारी भागीदारी बच्चों में साफ-सफाई और शौचालय की स्वच्छता संबंधी कमियों को दूर करने पर केंद्रित है। बच्चों में भारत को नई ऊंचाई पर ले जाने की अपार क्षमता है और यह जरूरी है कि उन्हें उचित स्वच्छता आदतों के महत्व के बारे में शिक्षित किया जाए। सेसमे वर्कशॉप इंडिया ट्रस्ट के साथ हार्पिक की भागीदारी के माध्?ाम से, हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि बच्चे सम्मानित सामाजिक व्यवहार और सकारात्मक स्वच्छता की बारीकियों को गहराई से समझें।

ग्रामीण सड़क में अतिक्रमण कर बनाया घर, सीओ ने दिया हटाने का निर्देश

अनगड़ा। अनगड़ा नारायण सोसो के शीट नंबर तीन में ग्रामीण सड़क में कुछ लोगों ने अतिक्रमण कर घर बना लिया। ग्रामीणों ने बताया कि कुछ लोगों ने बजरंग बली मंदिर से नूनपनिया एवं बुचीबेड़ा तथा शिवधाम जाने वाले रास्ते के तिराहे में ही अतिक्रमण कर घर का सेपटिक टैंक, सोख्ता गढ़ा, चहारदीवारी का निर्माण कर लिया है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत बुधवार को अंचल पदाधिकारी पुष्पक रजक से की। इसपर सीओ पुष्पक रजक ने राजस्व कर्मचारी को मौके पर भेजकर मामले की जांच कराई। जांच के बाद राजस्व कर्मचारी ने अवैध अतिक्रमण को हटा लेने के लिए कहा है। इस मौके पर ग्रामप्रधान सुखराम उरांव, उपमुखिया सेवाराम पाहन, वासुदेव महतो, तुलसी मुण्डा, रेणुका देवी, सुगन देवी, शंकर महतो, पुशनाथ मुण्डा, शिवचरण भोगता, सोहन महतो, लखीचरण भोगता, झलू महतो, संतोष महतो, घुमेश्वर मुण्डा, विजय महतो, प्रकाश महतो, विष्णु मुण्डा, घनेनाथ महतो, भूपनाथ महतो, जयवीर मुण्डा, वीरेन्द्र मुण्डा आदि उपस्थित थे।

एक नजर

नवागढ़ सोलर आधारित लघु पेय जल आपूर्ति जल मीनार का उदघाटन

अनगड़ा । नवागढ़ नीचे टोली में बुधवार को सोलर आधारित लघु पेय जल आपूर्ति जल मीनार का उदघाटन किया गया। उदघाटन जिला कल्याण पदाधिकारी संगीत शरण ने किया। विशिष्ट अतिथि के रुप में क्षेत्रीय संगठन पदाधिकारी अवधेश कलिन्दी व नरेश ठाकुर उपस्थित थे।इसका निर्माण झारखंड राज्य अनुसूचित जाति सहकारिता विकास निगम के द्वारा कराया गया था। संगीत शरण ने ग्रामीणों को कल्याण विभाग द्वारा मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना,साइकिल योजना व किसी गंभीर बीमारी में मिलने वाली सहायता राशि सहित अन्य योजनाओं की जानकारी दी । इस अवसर पर उन्होने फलदार पौधे लगाए। इस कार्य में हस्त शिल्प विकास समिति हजारीबाग ने सहयोग किया। मौके पर लाभुक समिति के अध्यक्ष दिलीप कुमार मिर्धा , संजय गोप ,राजेन्द्र प्रसाद,विकास मिर्धा,पतिया मिर्धा,दुतिया मिर्धा,सती देवी,पूनम देवी संजुदा देवी,विमला देवी, यशोदा देवी, रुसुवा मिर्धा, शिवचरण मिर्धा व ग्रामीण उपस्थित थे।

शौण्डिक जागरण मंच जोन्हा ग्राम कमेटी एवं कोर कमेटी का गठन

अनगड़ा। शौण्डिक जागरण मंच जोन्हा इकाई की बैठक बुधवार को श्रीराम मंदिर परिसर जोन्हा में हुई। बैठक के अतिथि के रूप में शौण्डिक जागरण मंच सिल्ली के अध्यक्ष राधेश्याम साहू, महासचिव सुधीर साहू एवं कोषाध्यक्ष राजेश साहू उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता किशोर साहू एवं संचालन संतोष साहू ने किया। बैठक में समाजिक एकजुटता पर बल दिया गया। बैठक में जोन्हा ग्राम कमेटी एवं कोर कमिटी का पुनर्गठन किया गया। ग्राम कमेटी के अध्यक्ष विकास साहू,सचिव सूरज साहू एवं उपाध्यक्ष आशीष साहू को बनाया गया है। कोर कमेटी के सदस्य में बलराम साहू, उदय साहू,विनय साहू, कृष्णा साहू, उदय प्रसाद साहू, परमेश्वर साहू, किशोर साहू एवं संतोष साहू को रखा गया है। ग्राम कमेटी सदस्यों में राजेश साहू, युवराज साहू, प्रकाश साहू, कन्हाई साहू, शम्भु साहू, राजीव साहू, राहुल साहू, संतोष साहू, संजीव साहू एवं विनय कुमार को शामिल किया गया है। बैठक में दिलीप साहू, दीनबंधु साहू, वसुदेव साहू, अशोक साहू सहित आदि उपस्थित थे।

हेसातू सरना की सौन्दर्यीकरण, किया गया पौधरोपण

अनगड़ा। हेसातू सरना में बुधवार को पौधरोपण व सरना का सौन्दर्यीकरण अभियान चलाया गया। पूरे परिसर की साफ-सफाई की गई। सरना की घेराबंदी प्लास्टिक जाली से की गई। साथ ही अनेक प्रजाति के फूल व पौधे लगाये गये। कार्यक्रम का आयोजन सरना समिति हेसातू ने किया। इस अवसर पर सरना समिति के अध्यक्ष महेन्द्र पाहन, उपाध्यक्ष लखीद्र बेदिया, राकेश बेदिया, नीरज मुंडा, मनीराम बेदिया, निर्मल बेदिया, नरेश बेदिया सहित अन्य उपस्थित थे।

पेज 1 का शेष

हमें जी20 को दुनिया के अंतिम छोर....

यह 2030 एजेंडा के मध्य काल का वर्ष है और कई लोग चिंता जता रहे हैं कि सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के मुद्दे पर प्रगति पटरी से उतर गई है। एसडीजी के मोर्चे पर तेजी लाने से संबंधित जी-20 2023 का एक्शन प्लान भविष्य की दिशा निर्धारित करेगा। इससे एसडीजी को हासिल करने का रास्ता तैयार होगा।

भारत में, प्राचीन काल से प्रकृति के साथ सामंजस्य बिठाकर आगे बढ़ना हमारा एक आदर्श रहा है और हम आधुनिक समय में भी क्लाइमेट एक्शन में अपना योगदान दे रहे हैं। ग्लोबल साउथ के कई देश विकास के विभिन्न चरणों में हैं और इस दौरान क्लाइमेट एक्शन का ध्यान रखा जाना चाहिए। क्लाइमेट एक्शन की आकांक्षा के साथ हमें ये भी देखना होगा कि क्लाइमेट फाइनेंस और ट्रांसफर ऑफ टेक्नॉलजी का भी ख्याल रखा जाए।

हमारा मानना है कि जलवायु परिवर्तन की समस्या से निपटने के लिए पाबंदियों वाले रवैये को बदलना चाहिए। क्या नहीं किया जाना चाहिए से हटकर क्या किया जा सकता है वाली सोच के साथ आगे बढ़ना होगा। हमें एक रचनात्मक कार्यसंस्कृति पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है।

एक टिकाऊ और सुदृढ़ ब्लू इकॉनमी के लिए चेन्नई एचएलपी हमारे महासागरों को स्वस्थ रखने में जुटी है।

ग्रीन हाइड्रोजन इनोवेशन सेंटर के साथ, हमारी अध्यक्षता में स्वच्छ एवं ग्रीन हाइड्रोजन से संबंधित एक ग्लोबल इकोसिस्टम तैयार होगा।

वर्ष 2015 में, हमने इंटरनेशनल सोलर अलायंस का शुभारंभ किया था। अब, ग्लोबल बायोफ्यूल्स अलायंस के माध्यम से हम दुनिया को एनर्जी ट्रांजिशन के योग्य बनाने में सहयोग करेंगे। इससे सर्कुलर इकॉनमी का फायदा ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचेगा।

क्लाइमेट एक्शन को लोकतांत्रिक स्वरूप देना, इस आंदोलन को गति प्रदान करने का सबसे अच्छा तरीका है। जिस प्रकार लोग अपने स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर रोजमर्रा के निर्णय लेते हैं, उसी प्रकार वे इस धरती की सेहत पर होने वाले असर को ध्यान में रखकर अपनी जीवनशैली तय कर सकते हैं। जैसे योग वैश्विक जन आंदोलन बन गया है, उसी तरह हम लाइफस्टाइल फॉर सस्टेनेबल इनवायरमेंट को भी प्रोत्साहित कर रहे हैं।

जलवायु परिवर्तन के कारण, खाद्य और पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करना एक बड़ी चुनौती होगी। इससे निपटने में मोटा अनाज या श्रीअन्न से बड़ी मदद मिल सकती है। श्रीअन्न क्लाइमेट स्मार्ट एग्रीकल्चर को भी बढ़ावा दे रहा है। इंटरनेशनल इयर ऑफ मिलेट्स के दौरान हमने श्रीअन्न को वैश्विक स्तर पर पहुंचाया है। द डेक्कन हाई लेवल प्रिंसिपल्स ऑन फूड सिक्योरिटी एंड न्यूट्रिशन से भी इस दिशा में सहायता मिल सकती है।

टेक्नॉलजी परिवर्तनकारी है लेकिन इसे समावेशी भी बनाने की जरूरत है। अतीत में, तकनीकी प्रगति का लाभ समाज के सभी वर्गों को समान रूप से नहीं मिला। पिछले कुछ वर्षों में भारत ने दिखाया है कि कैसे टेक्नॉलजी का लाभ उठाकर असमानताओं को कम किया जा सकता है। उदाहरण के लिए, दुनिया भर में अरबों लोग जिनके पास बैंकिंग सुविधा नहीं है, या जिनके पास डिजिटल पहचान नहीं है, उन्हें डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) के माध्यम से साथ लिया जा सकता है।

डीपीआई का उपयोग करके हमने जो परिणाम प्राप्त किए हैं, उन्हें पूरी दुनिया देख रही है, उसके महत्व को स्वीकार कर रही है। अब, जी-20 के माध्यम से हम विकासशील देशों को डीपीआई अपनाने, तैयार करने और उसका विस्तार करने में मदद करेंगे, ताकि वो समावेशी विकास की ताकत हासिल कर सकें।

भारत का सबसे तेज गति से बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाना कोई आकस्मिक घटना नहीं है। हमारे सरल, व्यावहारिक और सस्टेनेबल तरीकों ने कमजोर और वंचित लोगों को हमारी विकास यात्रा का नेतृत्व करने के लिए सशक्त बनाया है। अंतरिक्ष से लेकर खेल, अर्थव्यवस्था से लेकर उद्यमिता तक, भारतीय महिलाएं विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ रही हैं। आज महिलाओं के विकास से आगे बढ़कर महिलाओं के नेतृत्व में विकास के मंत्र पर भारत आगे बढ़ रहा है। हमारी जी-20 प्रेसीडेंसी जेंडर डिजिटल डिवाइड को पाटने, लेबर फोर्स में भागीदारी के अंतर को कम करने और निर्णय लेने में महिलाओं की एक बड़ी भूमिका को सक्षम बनाने पर काम कर रही है।

भारत के लिए, जी-20 की अध्यक्षता केवल एक उच्च स्तरीय कूटनीतिक प्रयास नहीं है। मदर ऑफ डेमोक्रेसी और मॉडल ऑफ डाइवर्सिटी के रूप में हमने इस अनुभव के दरवाजे दुनिया के लिए खोल दिये हैं।

आज किसी काम को बड़े स्तर पर करने की बात आती है तो सहज ही भारत का नाम आ जाता है। जी-20 की अध्यक्षता भी इसका अपवाद नहीं है। यह भारत में एक जन आंदोलन बन गया है।

जी-20 प्रेसीडेंसी का हमारा कार्यकाल खत्म होने तक भारत के 60 शहरों में 200 से अधिक बैठकें आयोजित की जा चुकी होंगी। इस दौरान हम 125 देशों के लगभग 100,000 प्रतिनिधियों की मेजबानी कर चुके होंगे। किसी भी प्रेसीडेंसी ने कभी भी इतने विशाल और विविध भौगोलिक विस्तार को इस तरह से शामिल नहीं किया है।

भारत की डेमोग्राफी, डेमोक्रेसी, डाइवर्सिटी और डेवलपमेंट के बारे में किसी और से सुनना एक बात है और उसे प्रत्यक्ष रूप से अनुभव करना बिल्कुल अलग है। मुझे विश्वास है कि हमारे जी-20 प्रतिनिधि इसे स्वयं महसूस करेंगे। हमारी जी-20 अध्यक्षता विभाजन को पाटने, बाधाओं को दूर करने और सहयोग को गहरा करने का प्रयास करती है। हमारी भावना एक ऐसी दुनिया के निर्माण की है, जहां एकता हर मतभेद से ऊपर हो, जहां साझा लक्ष्य अलगाव की सोच को खत्म कर दे।

जी-20 अध्यक्ष के रूप में, हमने वैश्विक पटल को बड़ा बनाने का संकल्प लिया था, जिसमें यह सुनिश्चित किया गया कि हर आवाज सुनी जाए और हर देश अपना योगदान दे। मुझे विश्वास है कि हमने कार्यों और स्पष्ट परिणामों के साथ अपने संकल्प पूरे किये है।

बैंक लूट की योजना बनाते हथियार के साथ तीन गिरफ्तार

बेगूसराय। पुलिस ने बैंक लूट की योजना बना रहे तीन अपराधियों को मौके पर से गिरफ्तार कर लिया है। इन लोगों के पास से भारी मात्रा में हथियार एवं गोली बरामद किए गए हैं। पुलिस को यह सफलता नावकोठी थाना क्षेत्र में मिली है। बुधवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान एसपी योगेन्द्र कुमार ने इसकी जानकारी दी। एसपी ने बताया कि समस्तीपुर में एक हत्याकांड के जांच पड़ताल के दौरान वहां के एसपी को जानकारी मिली थी कि समस्तीपुर एवं बेगूसराय के कुछ अपराधी नावकोठी थाना क्षेत्र के पहसारा में स्थित दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक को लूटने की योजना बना रहे हैं और इस समय टुना सिंह

इंटर कॉलेज कैंपस में मौजूद हैं। सूचना मिलते ही रोसड़ा डीएसपी एवं समस्तीपुर पुलिस के तकनीकी सेल से समन्वय स्थापित करते हुए बखरी डीएसपी चंदन कुमार के नेतृत्व में नावकोठी थानाध्यक्ष परशुराम सिंह, एफसीआई सहायक थानाध्यक्ष अमितकांत, नीमा चांदपुरा थानाध्यक्ष रंजन कुमार ठाकुर, नावकोठी थाना सशस्त्र बल, जिला आसूचना इकाई एवं चीता बल की टीम द्वारा छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान तीन लोग मोटरसाइकिल से भाग गए लेकिन पुलिस ने तीन लोगों को दबोच लिया। इसमें मास्टरमाइंड वृंदावन निवासी संदीप कुमार, वनद्वार निवासी विक्रम कुमार एवं विभूतिपुर थाना क्षेत्र के खदियाही निवासी सुमन सौरभ को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इन लोगों के पास से तीन लोडेड देशी पिस्तौल, दो देशी पिस्टल, दो मैगजीन, एसएलआर का तीन गोली एवं अन्य विभिन्न किस्म का 39 कारतूस बरामद किया गया। इन्होंने पूछताछ के दौरान इन्होंने स्वीकार किया कि पहसारा में स्थित ग्रामीण बैंक के बंद होते ही डकैती करने की योजना बनाई गई थी। डकैती की योजना में शामिल अन्य तीन लोगों की पहचान कर ली गई। पुलिस टीम द्वारा बेगूसराय एवं समस्तीपुर जिला में विभिन्न जगहों पर लगातार छापेमारी की जा रही है। एसपी ने बताया कि वृंदावन निवासी संदीप कुमार का भाई हत्या के एक मामले में लंबे समय से रोसड़ा जेल में बंद है। काफी पैसा खर्च होने के बाद भी बेल नहीं हो रहा था। इसी के कारण संदीप ने अन्य अपराधियों को साथ लेकर लूट की योजना बनाई। संदीप पर पहले से भी लूट एवं डकैती के पांच मामले दर्ज हैं। इन लोगों ने पहले ग्रामीण बैंक की रेकी किया था। जहां की सुरक्षा व्यवस्था लचर देखकर योजना बनाया गया और बैंक बंद होने के समय यह लोग लूटपाट करते। एसपी ने बताया कि अनुसंधान में पता चला है कि एक संगठन द्वारा यहां ब्लड डोनेशन किया जाता है। ब्लड डोनेशन कैंप की आड़ में अपराध का सिंडिकेट चलाने की सूचना मिली है। उस संगठन के सभी सदस्यों को थाना बुलाकर जांच पड़ताल किया जाएगा। सिविल सर्जन को कैंप में डोनेशन करने वालों की सूची मांगी गई है, उसकी भी जांच की जाएगी। बैंक में सीसीटीवी एवं सुरक्षा व्यवस्था कमजोर है। इसके लिए बैंक के मैनेजर एवं हेड ऑफिस को पत्र लिखा गया है।

नामांकन से कई छात्र-छात्राएं रही वंचित

नवप्रदेश प्रतिनिधि संझौली। प्रखंड क्षेत्र से सरकार के निदेर्शानुसार स्नातक कॉलेज में सीट की कमी के कारण एडमिशन से दर्जनों छात्र-छात्राएं स्नातक में नामांकन से वंचित रह गई है. वंचित छात्र-छात्राओं ने बताया कि नामांकन के लिए सरकार के निदेर्शानुसार ऑनलाइन एडमिशन का फॉर्म भरते समय एक से पांच कॉलेजों को चयन करना था. जबकि इंटरमीडिएट में नामांकन के लिए एक से 10 कॉलेज का चयन करना था. 10 + 2 में अधिक सीट रहने से इंटरमीडिएट में छात्र-छात्राओं को नामांकन लेने में कोई परेशानी नहीं हो रही है. लेकिन स्नातक में सीट काम होने से दर्जनों छात्र छात्राएं नामांकन वंचित हो जा रही हैं. स्नातक में नामांकन से वंचित छात्र ऋषि कुमार, अरविंद कुमार, बनेंगे आलोक कुमार, रवि रंजन कुमार शहीत कई छात्रों ने बताया कि हम लोग का मार्क्स कम हो जाने के चलते किसी भी कॉलेज में नामांकन नहीं हो पाया. वहीं दूसरे तरफ छात्र-छात्राओं के अभिभावक महेंद्र प्रसाद, गिरिजा कुमार, राम रती सिंह, सुबोध सिंह, रामखेलावन सिंह सहित ने बताया कि ऑनलाइन स्नातक में नामांकन लेने के लिए बच्चे पांच कॉलेज का नाम दिए थे. लेकिन क्षेत्रीय कॉलेज में नामांकन के लिए स्थान नहीं मिलने पर बच्चों को अपने घर से 50 से 90 किलोमीटर की दूरी पर नौहाटा, गंजभडासरा, दिनारा, सेमरी कॉलेज सहित कई दूर के कॉलेज में नामांकन लेना पड़ा है. अभिभावकों की सुने तो बहुत सारे ऐसे अभिभावक हैं जिनके पास उतनी राशि नहीं है कि अपने बच्चों को दूर के कॉलेज के इर्द-गिर्द किराए के मकान लेकर बच्चों को रखें ताकि बच्चे सरकार के निदेर्शानुसार अपने कॉलेज में उपस्थित होकर 75 प्रतिशत उपस्थित दर्ज कर सके. सरकार के निदेर्शानुसार जिन बच्चों की विद्यालयों या कॉलेज में उपस्थित 75 प्रतिशत से कम होगी, उनका नामांकन रद्द कर दिया जाएगा, सरकारी मिलने वाले लाभ सरकारी लाभ से वंचित हो जाएंगे. जिन अभिभावको के बच्चे आर्थिक अभाव के कारण दूर रहकर किराए की मकान में रहकर शिक्षा प्राप्त करने की स्थिति में नहीं है वै से बच्चे शिक्षा से वंचित रह जाएंगे. कहते हैं पूर्व में बच्चे अपने गांव, अपने शहर के इर्द- गिर्द के कॉलेज में नामांकन लेकर घर से आ जाकर, शिक्षा प्राप्त कर लेते थे. वर्तमान में सरकार के निदेर्शानुसार स्थिति इस तरह की उत्पन्न हो गई है कि गरीबों के बच्चे शिक्षा से वंचित रहने को मजबूर हो जाएंगे. अभिभावकों की सुन तो 100 में 70 से 80 बच्चे आर्थिक रूप से इतना कमजोर हैं की अपने घर से 50 से 90 किलोमीटर की दूरी पर रहकर शिक्षा ग्रहण करने में असमर्थ है. पूर्व में बच्चे कॉलेज में नामांकन लेकर निजी कोचिंग संस्थानों में जो घर के नजदीक हुआ करता है अपनी पढ़ाई लिखाई कर लेते थे. जब से सरकार का फरमान जारी हुआ है की उपस्थिति 75 प्रतिशत होनी चाहिए, तभी से आर्थिक रूप से कमजोर अभिभावक व उनके बच्चे अपने नसीब को कोस रहे हैं. कहते हैं सरकार को पूर्व की नियमों को ही लागू करना चाहिए ताकि गरीबों के भी बच्चे पढ़ाई लिखाई कर सकें।

ग्रीन पीरो, क्लीन पीरो अभियान शुरू

नवप्रदेश प्रतिनिधि पीरो। नगर परिषद के मुख्य पार्षद किरण उपाध्याय की पहल पर ग्रीन पीरो, क्लीन पीरो अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इस अभियान के क्रम में बुधवार को पीरो नगर के आरा सासाराम स्टेट हाइवे पर बने डिवाइडर के खाली जगह में सैकडों पौधे लगाए गए। नगर परिषद के मुख्य पार्षद किरण उपाध्याय की अगुवाई में जदयू के प्रदेश महासचिव मनोज उपाध्याय, पीरो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पूर्व प्रभारी डा. अखिलेश कुमार, नगर के जाने माने चिकित्सक डा. जयशंकर सिंह, पूर्व मुख्य पार्षद के प्रतिनिधि अजीत कुमार, वार्ड पार्षद राहुल कुमार, अमित कुमार वर्मा, अफरोज आलम, रमता रंजन, प्रभाशंकर तिवारी, विकास पांडेय, गुलाम सरवर, फिल्म अभिनेता व एंकर रवि रंजन राय सहित कई अन्य गणमान्य लोगों ने अपने हाथों पौधारोपण किया। मौके मुख्य पार्षद ने कहा कि पर्यावरण संतुलन की दृष्टिकोण से कुल भूमि के 20 प्रतिशत हिस्से पर पेड़-पौधे का जरूरी है पर सूबे बिहार में महज दो प्रतिशत भूभाग ही वनों से अच्छादित है। ऐसे में अधिक से अधिक पौधारोपण समय की मांग है। उन्होंने कहा कि पीरो की सडकें पेड पौधों के अभाव में सूनी सूनी दिखाई देती हैं। यह बात हमारे दिमाग में खटक रही थी । सो हमने अपने हरा-भरा बनाने के उद्देश्य से पौधारोपण अभियान शुरू किया। इस कार्यक्रम में सभी वार्ड पार्षदों के साथ साथ नगर के बुद्धिजीवियों का भरपूर सहयोग मिल रहा है। अभियान के प्रथम चरण में नगर परिषद कार्यालय के पास पौधारोपण किया गया है जबकि बुधवार को आरा सासाराम स्टेट हाइवे पर बने डिवाइडर की खाली पड़ी जमीन पर पौधारोपण हुआ। श्रीमती उपाध्याय ने कहा कि यह अभियान लगातार चलता रहेगा। जहां इसके लायक जमीन उपलब्ध होगी वहां पौधारोपण किया जाएगा। पौधारोपण अभियान के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे।

महावीर मंदिर से लक्ष्मी नारायण मूर्ति की चोरी



नवप्रदेश प्रतिनिधि तरारी भोजपुर। सिकरहटा थाना क्षेत्र के कुरमुरी गांव स्थित महावीर मंदिर से लक्ष्मी नारायण की मूर्ति समेत कई सामानों की चोरी अज्ञात तत्वों द्वारा कर ली गई है। 18 जोड़ी झाल दान पेटी में रखें 800 नगद घंटा और बर्तन आदि की चोरी हुई। मंदिर के पुजारी राधेश्याम सिंह ने स्थानीय थाना में लिखित शिकायत किया है। उन्होंने अपने आवेदन में बतलाया कि सोमवार की रात अज्ञात अपराधियों द्वारा सोने की मूर्ति को समझ कर लक्ष्मी नारायण की मूर्ति सिंहासन की चोरी कर ली गई है। लक्ष्मी नारायण की मूर्ति पीतल की है।

श्री कृष्ण जन्मोत्सव की तैयारी हुई पूरी आज मनाया जाएगा जन्मोत्सव

नवप्रदेश प्रतिनिधि आरा। चरपोखरी प्रखंड के श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर तोताद्री मंदिर सोनबरसा में आज एक बैठक आयोजन किया गया जिस्म की मंदिर में मनाया जाने वाले भगवान नटखट गोपाल के जन्मोत्सव को लेकर विशेष रूप से चर्चा की गई कार्यक्रम की अध्यक्षता मठ के मठाधीश स्वामी रंगनाथाचार्य जी महाराज ने किया, इस मौके पर महोत्सव से जुड़े हुए सभी पदाधिकारी मौजूद थे, और इस दौरान कार्यक्रम को भव्य तरीके से मनाने को लेकर चर्चा की गई , कल से शुरू हो रहे इस समारोह में जहां पहले भगवान का जन्म उत्सव मनाया जाएगा उसके बाद कीर्तन मंडली के द्वारा कीर्तन प्रस्तुत किया जाएगा और छठे दिन विधिवत रूप से भगवान श्री कृष्ण का छठी हार महोत्सव का आयोजन किया जाएगा, इस कार्यक्रम में आसपास के गांव समेत पूरे बिहार के विभिन्न कोने से भक्तगण इस समारोह में पहुंचेंगे और लोगों के लिए मंदिर की तरफ से बाबा भंडारे का आभूषण किया गया है इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न कोने से अनेक साधु संत भी पहुंचेंगे इस आशय की जानकारी महोत्सव के मीडिया प्रभारी डॉक्टर चंदन कुमार ने दी।

किसानों द्वारा बारिश की मनौती को लेकर सुप्रसिद्ध बाबा बांगलनाथ मंदिर के शिवलिंग पर वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ दूध चढाया गया

नवप्रदेश प्रतिनिधि-सूर्यपुरा। अल्प दृष्टि से अजीज होकर क्षेत्र के किसानों के द्वारा बारिश की मनौती को लेकर इलाके के सुप्रसिद्ध बाबा बंगाल नाथ मंदिर के शिवलिंग पर पुरोहित जी के द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण कर लगभग एक क्विंटल से अधिक दूध में डुबाया गया। बताते चलें कि इस साल धान की फसल के लिए उपयुक्त बारिश नहीं होने से मायूस हो किसानों ने मनौती मानकर प्रखंड मुख्यालय के मुख्य बाजार बलिहार स्थित सुप्रसिद्ध बाबा बंगाल नाथ मंदिर के शिवलिंग पर श्री कृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर बुधवार को क्षेत्र के ग्रामीण किसानों के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ बाबा बंगाल नाथ के शिवलिंग को लगभग एक क्विंटल से अधिक गाय के दूध से अरघा में दूध चढ़ा कर किसानों के साथ अन्य ग्रामीणों ने भी पुरोहित आचार्य संतोष बाबा एवं शंभू नाथ पांडे के वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ गाय का दूध शिवलिंग पर चढ़कर बारिश की मनौती के लिए श्रद्धालुओं ने पूरी आस्था के साथ बाबा बंगाल नाथ के मंदिर स्थित शिवलिंग को दूध से डुबाया कहते हैं मंदिर के मुख्य पुजारी एवं संरक्षक मेजर श्रीवास्तव विजय केसरी संतोष खरवार इसके पूर्व भी बरसात के मौसम में अल्प वृष्टि से दुखित हो क्षेत्र के ग्रामीण एवं किसानों के द्वारा अनेकों पर बाबा बंगाल नाथ मंदिर के शिवलिंग को गाय के दूध से डूबने के बाद बाबा के कृपा से झमाझम बारिश क्षेत्र के सभी किसान खुशहाल हो जाते हैं अतः इस साल भी ग्रामीण किसानों के द्वारा पूरी आस्था एवं विश्वास के साथ बाबा बंगाल नाथ मंदिर के शिवलिंग को गाय के दूध में डुबाया गया है।

बच्चों के विवाद को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट में एक व्यक्ति जख्मी

नवप्रदेश प्रतिनिधि-सूर्यपुरा। थाना क्षेत्र के शिवोबहार गांव में बच्चों को लेकर दो पक्षों के बीच उपजे विवाद इतनी बढ़ गयी कि एक पक्ष के दर्जनों लोगों ने लाठी-डंडे से एक बुजुर्ग को मारपीट कर बुरी तरह जख्मी कर दिया. जिसका प्राथमिक उपचार पीएचसी में करने के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेजा गया है.मामले को लेकर दोंनो पक्षों ने थाने में आवेदन दिया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की शाम शिवोबहार गांव के भिखारी राम एवं बाबुधन राम के परिवार के बीच बच्चों की बात को लेकर उपजे विवाद इतनी बढ़ गई कि बाबुधन राम के दर्जनों परिजनों ने मिलकर अकेला भिखारी राम(उम्र 70वर्ष) को लाठी- डंडा से मारकर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया. जिसका प्राथमिक इलाज स्थानीय पीएचसी में करने के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया गया. मामले को लेकर जख्मी भिखारी राम ने जबकि बाबुधन राम की पत्नी बिंदु देवी ने एक दूसरे के विरुद्ध थाने में आवेदन दिया है.थाना के मुंशी कृष्ण कुमार ठाकुर ने बताया कि दोंनो तरफ से सूचना के बाद बुधवार की शाम आवेदन दिया है।

दूध उत्पादक किसानों का जीवन नारकीय

नवप्रदेश प्रतिनिधि आरा। दुग्ध उत्पादकों का जीवन नारकीय. गोबर,किचड़, गंदगी, मच्छर के साथ एक तंबू नुमा टेंट जैसे मकान मे खाते,सोते लोगों कि सेवा मे रात-दिन ततपर दूध उत्पादक दूध उत्पादन कर मरीजों, सहित आम जन की सेवा करते दूध उत्पादक किसान वे गरीब है दूध बेंचकर अपना जीवन बस करते है। उनकी जिन्दगी नारकीय है. दिन रात पशु सेवा मे लगे रहते है। दूध उत्पादक किसान की उपेक्षा करती सरकार सरकार से दूध उत्पादकों के लिए मंड़ी और सालाना एक लाख अनुदान की मांग करते है तथा उनके बच्चों को मुफ्त शिक्षा और उनके पेसे के लिए मुफ्त बिजली उपलब्ध कराई जाय।

डेहरी नगर थाना मे शांति समिति की हुई बैठक

नवप्रदेश प्रतिनिधि डेहरी। पंव देखते हुए डेहरी नगर थाना परिसर में मंगलवार को शांति समिति की बैठक बुलाई गई। बैठक की अध्यक्षता पुलिस निरीक्षक सह डेहरी नगर थाना अध्यक्ष राजीव रंजन ने किया । बैठक में मुख्य रूप से प्रशिक्षित डीएसपी विनिता सिन्हा प्रखंड विकास पदाधिकारी पुरुषोत्तम त्रिवेदी सहित कई पुलिस पदाधिकारी, नगर पूजा कमिटी, मोहरम कमिटी के सदस्य मौजूद थे। थाना अध्यक्ष ने कहा कि ताजिया के जुलूस एक ऐतिहासिक जुलूस था जिसमें पहली बार डीजे किसी भी कमेटी के द्वारा नहीं बजाया गया उन्हें प्रशासन के तरफ से तहे दिल से धन्यवाद और इसी तरह प्रेम और सद्भाव हर त्यौहार में बना रहे मैं तमाम पूजा कमेटियों से अनुरोध करता हूं कि कृष्ण जन्माष्टमी प्रेम और सद्भाव से मनाई, डीजे का प्रदर्शन ना करें डीजे बजाने वालों पर प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी एक दिन ही विसर्जन करने का निर्णय भी लिया गया पूजा कमेटी के अध्यक्ष जोखन चंद्रवंशी ने कहा कि पूजा शांति से ही होगी और हर चौक चौराहे पर प्रशासन की व्यवस्था रहनी चाहिए विसर्जन में लाइट की सुविधा रहनी चाहिए ताकि कोई भी अप्रिय घटना ना घट सके। मौके पर एएसआई सुभाष कुमार डेहरी अनुमंडल विधिज्ञ संघ के अध्यक्ष उमाशंकर पाण्डेय उर्फ मुटुर पाण्डेय भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष संजय गुप्ता अजय सिंह कुंवर सिंह पीर मोहम्मद राईन, असलम कुरैशी, जोखन चंद्रवंशी कलाम आजाद अख्तर अंसारी तपेश्वर सिंह संजय सिंह उर्फ बालाजी विनय मिश्रा मुन्ना लाल कसेरा प्रभात शेखर सिंह, मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष महफूज अंसारी शादिक जाफर, अरुण शर्मा, दारा सिंह सोनू खान, सहित कई लोग उपस्थित थे।

एक लड़के को सांप के काटने से हुई मौत

नवप्रदेश प्रतिनिधि नासरीगंज(रोहतास)। कच्छवा थाना क्षेत्र के नुआंव टोला में लगभग 14 वर्ष के एक लड़के की सांप के काटने से मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक नुआंव टोला गांव के निवासी नंदजी रजवार के 14 वर्षीय पुत्र प्रिंस कुमार अपने घर में चौकी पर सो रहा था। इस दौरान उसे सांप ने काट लिया था। इसके बाद परिजन उसे झाड़-फूंक करने वाले एक ओझा के पास ले गए। लेकिन, वहां कुछ सुधार नही हुआ।

प्रखंड के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर मनाया गया कृष्ण जन्मोत्सव

नवप्रदेश प्रतिनिधि बिक्रमगंज। स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर जन्माष्टमी के अवसर पर बुधवार को बड़ें ही धूमधाम से कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। प्रखंड क्षेत्र के सभी आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका एवं सहायिकाओं के द्वारा छोटे-छोटे नन्हे-मुन्ने बच्चों को राधा-कृष्ण, गोपिया व सुदामा-बलराम की मनमोहक छवि बनाया गया था। जिसको देखने से ऐसा प्रतीत होता था कि स्वयं भगवान कृष्ण राधा के साथ गोपियों के बीच आंगनबाड़ी केंद्रों पर विराजमान हो गए हैं। आंगनबाड़ी केंद्रों से जुड़े छोटे-छोटे नन्हे-मुन्हे बच्चों को भगवान कृष्णा के बाल लीलाओं के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया एवं नन्हे-मुन्ने बच्चों के द्वारा बालकृष्ण की जीवनी को याद करते हुए अच्छे खासे नृत्य भी किया गया। जो बेहद ही मनोरंजन एवं मनमोहक रहा। साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों पर उपस्थित ग्रामीण जनता को पोषण अभियान एवं 20 सितंबर से शुरू होने वाली फाइलेरिया क्रीमी के संबंध में भी विस्तृत रूप से जानकारी दिया गया। कृष्ण जन्मोत्सव मनाने वालो में आंगनवाड़ी केंद्र शिवपुर 140, भड़कुरिया 144, इन्द्रार्थ कला 25, मोरौना 128, बिक्रमगंज नट टोला 93, नोनहर 09, नोनहर 130, कोल्हा 13, रमन डिहरा 54, रेडिया 65, रकसिया 79, अमाथु 27, दुगार्डीह 69, खिरोधरपुर 62, कुसुमहरा 01, मानी 55, धारुपुर 110, पतरावल 143, शांतिनगर 116, तेंदुनी आसकामिनी नगर 87, आनंदनगर 84, ढिबरा मुहल्ला पुराना बाजार 109 के अलावे प्रखंड क्षेत्र की अन्य सभी आंगनबाड़ी केंद्र शामिल है।

बुलेट मोटरसाइकिल के लिए बलि चढ़ी नवविवाहित

नवप्रदेश प्रतिनिधि दिनारा (रोहतास)। नटवार थाना क्षेत्र के वरडिहां गांव में बुलेट मोटरसाइकिल दहेज में नहीं देने के कारण शादी के तीन महीने भी पुरा नही कर पायी नवविवाहित। घटना के संबंध में सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नोखा थाना क्षेत्र के बलिगांवा निवासी विवेकानंद सिंह की इकलौती पुत्री प्रीति कुमारी (21) वर्ष की शादी बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास पूर्ण माहौल में विगत नौ जून की रात्रि में नटवार थाना क्षेत्र के वरडिहां गांव निवासी हरेन्द्र सिंह के पुत्र राहुल कुमार के साथ हुआ था। लेकिन दहेज में बुलेट मोटरसाइकिल की मांग ससुराल वालों के द्वारा किया जा रहा था। जिसके पूर्ति नहीं करने पर ससुराल वालों ने गला दबाकर मार डाला। जिसके खबर सुनकर नवविवाहित पक्ष के लोगों ने पुलिस के साथ घर पहुंचा तो पलंग पर लिटा नवविवाहिता का शव मिला। जिसके गर्दन पर लाल रंग का निशान बना हुआ था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद शव मृतका ससुराल वालों को भेजवा दिया है। इस संबंध में मृतका नवविवाहिता के पति राहुल कुमार, श्वसुर हरेंद्र कुमार सिंह,सास रीना देवी,ननद सुषमा कुमारी एवं पूजा कुमारी को नामजद अभियुक्त बनाया गया है।

एक नजर

चोरी की बाइक के साथ एक चोर गिरफ्तार

नवप्रदेश प्रतिनिधि अकोढीगोला। बजार स्थित डेहरी राजपुर पथ पर पीएनबी बैंक के समीप पुलिस ने चोरी कि बाईक के साथ एक चोर को गिरफ्तार कर जेल भेजा। थानाध्यक्ष चन्द्रशेखर शर्मा ने बताया की डालमियानगर निवासी रोहित रंजन उर्फ सोनु बिना नम्वर कि बाईक पैसनप्रो काला रंग के लेकर पीएनबी बैंक के पास पहुंचा। बैंक निरीक्षण करने गई पुलिस ने युवक को बिना नम्वर कि बाईक खडी करते देखकर उसे पुछताछ किया और युवक से बाईक कि कगजात दिखाने को कहा। युवक ने बाईक कि कगजात घर पर छुट जाने कि बात पुलिस को बताते हुए वहां से खिसकने कि कोशिश किया। लेकिन पुलिस के शक के आधार पर बाईक और युवक को हिरासत मे लेकर थाना ले आई और बाईक व युवक को गम्भीरता से जांच करने लगी। जांच कि दौरान पता चला कि काराकाट थाना क्षेत्र के सकलाकरथ बाजार से दो बाईक कि चोरो ने चोरी कर फरार हो गए थे। बाइक मलिक ने इसकी लिखित सुचना काराकाट पुलिस को दिया था। पुलिस कि पूछताछ के दौरान युवक ने बाईक को सकलाकरथ बाजार से चोरी कर फरार होने कि बात स्वीकार किया। पुलिस ने इसकी सत्यापन काराकाट थाना से करते हुए युवक को जेल भेज दिया।

विकास कार्य नहीं होने को लेकर सांसद से मिला बुद्धिजीवियों का एक शिष्टमंडल



नवप्रदेश प्रतिनिधि बेतिया। बाल्मीकि नगर लोकसभा क्षेत्र का अंतर्गत आने वाले सिकटा प्रखंड क्षेत्र का अबादी के रूप आने वाली बड़ा ग्राम सरगटिया पंचायत एवं पुरैनिया डिह पंचायत के सतगडही गांव में अभी तक सुधार रुप से सड़क नाला छठिया धाट एवं हनुमान मंदिर के पास स्थित जर्जर पुल के निर्माण को लेकर बुद्धिजीवियों का एक शिष्टमंडल बाल्मीकि नगर सांसद सुनील कुमार से भेट करके समस्याओं से अवगत कराया और बड़े ही बारीकी से सांसद ने उक्त शिष्ट मंडल कि बातों को सुन जल्दी उक्त क्षेत्र में दौरा करके धरातल पर जाकर स्थिति का जायजा लेते हुए कार्यों को पूरा करने का आश्वासन दिया उक्त शिष्ट मंडल में समाज सेवी जुन्नु कुमार सिंह दीपू कुमार यादव संत कबीर पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर इंजीनियर धर्मेश कुमार समेत कई लोग मौजूद रहे।

शिक्षक दिवस के अवसर पर मध्य विद्यालय शिवगंज के प्राधानाध्यापक संजय सम्मानित

नवप्रदेश प्रतिनिधि डेहरी। शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान को लेकर शिक्षक दिवस के मौके पर शिक्षा मंत्री प्रोफेसर चंद्रशेखर जी के द्वारा राजकीय शिक्षक पुरस्कार से मध्य विद्यालय शिवगंज के प्रधानाध्यापक संजय कुमार को सम्मानित किए। प्रधानाध्यापक संजय ने नामांकन उपस्थित अध्यापन व खेल चारों क्षेत्र में ध्यांगत रखते हुए विद्यालय की कार्य योजना का निर्माण किया विद्यालय से नकारात्मकता को खत्म कर क्षेत्र में मध्य विद्यालय शिवगंज की अलग पहचान दिलाई मोहल्ले में घर-घर जाकर नामांकन के लिए अभियान चलाया तथा छात्रों और माता-पिता तथा अभिभावकों को भी शिक्षा के महत्व के बारे में बताया संजय कुमार की राज्य शिक्षा पुरस्कार मिलने पर डेहरी में हर्ष का माहौल है। निवर्तमान नगर अध्यक्ष भाजपा डेहरी संजय गुप्ता ने उन्हें बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी एवं कहा की संजय कुमार हमेशा अपने स्कूल में बेहतर शैक्षणिक कार्य एवं उत्कृष्ट कार्य करते रहते हैं। अपने विद्यालय में बच्चों को हमेशा बेहतर शिक्षा देने का कार्य करते हैं। बधाई देने वालों में डेहरी के पूर्व विधायक सत्यनारायण यादव, मुख्य पार्षद प्रतिनिधि गुड्डू चंद्रवंशी,अमित कुमार, सुनील कुमार पाठक, उदय सिंह, अर्जुन केसरी, विमल सिंह, श्रवण कुमार अटल, धनंजय शर्मा, वीर बसंत लाल, शिक्षक तनवीर आलम सहित कई लोगो ने बधाई दिया हैं।

बस स्टैण्ड, ट्रांसपोर्ट नगर व डंपिंग प्वाइंट हेतु प्रस्तावित भूमि का निरीक्षण

नवप्रदेश प्रतिनिधि बेतिया। नगर निगम अन्तर्गत पिपरा चौक से एक किलोमीटर आगे बृजेश कुशवाहा पेट्रोल पंप के बगल में खाता न.102 खेसरा न. 3290 तथा 102, 671 खेसरा 3577, 3602 भूमि का निरीक्षण नगर आयुक्त शम्भू कुमार, उप मेयर प्रतिनिधि रमण गुप्ता, वार्ड 45 के पार्षद मदन गुप्ता समेत वार्ड 46 के मुन्ना राय, छबीला मुखिया, संदीप राय, के द्वारा विभिन्न लोगो के समक्ष निरक्षण किया गया। जहां नगर निगम आयुक्त ने बताया कि सामान्य बोर्ड की बैठक में विभाग द्वारा दिशानिर्देश के आलोक में स्थानीय निगम पार्षदों के अनुरोध पर इस सरकारी भूमि का निरीक्षण किया जा रहा है, आगे इस जमीन की विस्तृत जानकारी नगर निगम बोर्ड के समक्ष पटल पर रखी जायेगी उसके बाद चयनित योजनाओं का क्रियान्वयन किया जाएगा। मौके पर सिटी मैनेजर रवि अमरनाथ, अमीन कुन्दन सिंह, सफाई निरीक्षक जुलुम साह, तबरेज आलम, विनय कुमार आदि उपस्थित थे।

बाबा हरिदास नागा सरस्वती शिशु बालिका विद्या मन्दिर में बच्चों ने मनाया धूमधाम से श्री कृष्ण जन्माष्टमी



नवप्रदेश प्रतिनिधि बेतिया। बाबा हरिदास नागा सरस्वती शिशु बालिका विद्या मन्दिर बेतिया राज देवढ़ी स्थित श्री कृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर कक्षा अरुण एवं उदय के भैया-बहनों के द्वारा राधा-कृष्ण रूप सज्जा का आयोजन किया गया। जिसमें अधिकांश भैया-बहनों की सहभागिता रही। कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय के प्रधानाचार्य सुशील कुमार, वरिष्ठ आचार्य बंका प्रसाद यादव, आचार्या प्रणिता श्रीवास्तव, अभिभाविका प्रिया द्विवेदी एवं शिवकुमारी के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में सभी आचार्यों की सहभागिता रही। कार्यक्रम में भजन, श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर भैया-बहनों की राधा-कृष्ण के रूप में प्रस्तुति एवं उपस्थित माताओं-बहनों द्वारा पुष्प वर्षा एवं आरती की गयी। वही नगर के लाल बाजार पंचायती मंदिर, जोड़ा शिवालय मंदिर, तीन लालटेन चौक, जनता सिनेमा चौक बाला जी मंदिर आदि कई स्थानों पर श्री कृष्ण जन्माष्टमी की पूजा धूमधाम से पूजा अर्चना के साथ मनाया गया, पूरा शहर का वातावरण भक्तिमय हो गया।

नन्हे बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम कर मनाया शिक्षक दिवस

नवप्रदेश प्रतिनिधि पश्चिमी चम्पारण। बेतिया नगर निगम अंतर्गत द्वार देवी चौक स्थित टैलेंट स्टडी सेंटर के प्रांगण में 5 सितम्बर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जनमोत्स्व के उपलक्ष्य में शिक्षक दिवस के अवसर पर नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कुमारी उषा शिक्षिका सिद्धार्थ पब्लिक स्कूल तथा टैलेंट स्टडी सेंटर के संचालिका पूनम कुमारी ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत पर्यावरण पर आधारित पेड़ नाटक में राधा कृष्ण नृत्य की काफी सराहना की। इस कार्यक्रम में उद्घोषिका छात्रा दिव्यांशी शर्मा एवं खुशनुमा परवीन ने अहम भूमिका निभाई।

प्रखंड क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया जन्माष्टमी

नवप्रदेश प्रतिनिधि दावथ। प्रखंड क्षेत्र के गांवों में हर्षोल्लास के साथ जन्माष्टमी का त्योहार मनाया गया। सुबह से ही लोग मंदिरों में पुजा अर्चना का उपवास रखा। अधिकतर मंदिरों और घरों में श्री कृष्ण की मूर्ति पालनों में स्थापित की गयी है. छठियार तक कान्हा के बाल रुप की पूजा कर भोग लगाया जायेगा। आज रात 12 बजे आधी रात को भगवान का जन्मोत्सव मनाया जायेगा। जन्मोत्सव के बाद पुजा अर्चना कर प्रसाद वितरण किया जायेगा। इसके बाद उपवास रखने वाले लोग सुबह छः बजकर दो मिनट के बाद पारण करेगें।

संपादकीय

हेट स्पीच : हो कड़ी कार्रवाई

हेट स्पीच के बढ़ते मामले गहन चिंता का विषय बन गए हैं। भारत जैसे धर्म निरपेक्ष राष्ट्र में जहां सभी धर्मों का सम्मान करने की प्राचीन परंपरा रही है, वहां किसी भी धर्म के खिलाफ विवादास्पद और आपत्तिजनक बयानबाजी होना आश्चर्य का विषय है। खास तौर पर राजनीतिज्ञ हेट स्पीच देते रहते हैं, क्योंकि उनके खिलाफ कार्रवाई करना मुशिकल होता है। हाल ही में सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य ने हिन्दू धर्म पर निशाना साधते हुए बेहद आपत्तिजनक टिप्पणी की थी, लेकिन अभी तक उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है। अब तमिलानाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन ने भी सनातन धर्म पर आपत्तिजनक टिप्पणी की है। उदयनिधि स्टालिन खुद भी मंत्री हैं, ऐसे में उनके खिलाफ अभी तक यदि कोई कार्रवाई नहीं हुई तो इसमें ताज्जुब वाली कोई बात नहीं है। उदयनिधि स्टालिन के बयान की चौतरफा निंदा हो रही है और उनके खिलाफ देश के कई राज्यों में एफआईआर भी दर्ज कराई गई है, लेकिन अभी भी वे अपने विवादास्पद बयान पर कायम है। उनकी यह हठधर्मिता बताती है कि उनके भीतर कानून का कोई खौफ नहीं है। हाल ही में मेवात में हुई हिंसा के बाद सुप्रीम कोर्ट ने हेट स्पीच के मामलों को गंभीरता से लेते हुए यह तल्ख टिप्पणी की थी कि हेट स्पीच देने वाला व्यक्ति चाहे कोई भी हो उसके खिलाफ कानून कड़ी कार्रवाई करेगा। अब लोगों की उम्मीदें सुप्रीम कोर्ट पर ही टिकी हुई है। देश के 262 हस्तीयों ने उदयनिधि स्टालिन के मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट को एक चिट्ठी भेजी है, जिसमें सुप्रीम कोर्ट से खुद होकर इस मामले में दखल देने का अनुरोध किया गया है। इस चिट्ठी के लिखने वालों में 14 पूर्व जज 130 ब्यूरोकेट और सेना के 118 रिटायर्ड अफसर शामिल हैं। उनका कहना है कि उदयनिधि स्टालिन के खिलाफ शिकायत के बावजूद अभी तक तमिलनाडु सरकार ने कोई कार्रवाई नहीं की है। इसलिए अब इस मामले में सुप्रीम कोर्ट को दखल देना चाहिए। गौरतलब है कि उदयनिधि स्टालिन ने सनातन धर्म की तुलना डेंगू मलेरिया और कोरोना जैसी संक्रमाक बीमारियों से की थी और यह कहा था कि इसका केवल विरोध नहीं किया जा सकता, बल्कि इसे खत्म करना जरूरी है। उनके इस बयान की देशभर के साधु संतों ने भी कड़ी निंदा की थी और उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग उठायी थी। भाजपा नेताओं ने भी इस बयान का विरोध किया था। आईएनडीआईए गठबंधन में शामिल कई दलों के नेताओं ने भी उदयनिधि के स्टालिन के बयान को गलत बताया था। इतने विरोध के बावजूद उनके खिलाफ कार्रवाई न हो पाना दुर्भाग्य जनक है। हेट स्पीच देने वाले स्वनाम धन्य नेताओं के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने का ही यह दुष्परिणाम है कि बड़बोले नेता हेट स्पीच देने का दुषशाहस दिखाते हैं। अब समय आ गया है कि हेट स्पीच के मामलों को सरकार भी गंभीरता से ले। किसी भी धर्म के खिलाफ जहर उगलने वालों के विरूद्ध तत्काल कड़ी कानूनी कार्रवाई का प्रावधान सुनिश्चित किया जाए। भले ही इसके लिए यदि संविधान में संसोधन की आवश्यकता पड़े तो संविधान में संशोधन भी किया जाए। जब तक हेट स्पीच देने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई नहीं की जाएगी तब तक वे हेट स्पीच देने से बाज नहीं आयेंगे।

सामयिकी

भारत' को 'इंडिया' से मुक्ति मिले

डॉ. रमेश ठाकुर

'भारत' शब्द वैसे हमारी संस्कृति, देशी रीति-रिवाजों और पुरानी परंपराओं की आत्मा है, तभी उसे भारत माता कह कर पुकारते आए हैं। गुजरा वक्त इसी शब्द से गुलजार रहा था। लेकिन जब अंग्रेजों की घुसपैठ हुई, तो उन्होंने अपने मुआफिक नया नाम 'इंडिया' गढ़ दिया जिसे भारतीयों को ना चाहते हुए भी अपनाना पड़ा। 200 सालों तक देश उनका बंधक रहा, इस बीच ये नाम भी प्रचलित होता गया। आजादी से लेकर आज तक यानी 275 वर्षों से भारत के जगह इंडिया शब्द ही बोला और लिखा जाता रहा। समूचा संसार भी इंडिया से ही जानता-पहचानता और पुकारता है। ये सच्चाई वैसे हम सभी जानते हैं कि भारत का अंग्रेजी नाम इंडिया अंग्रेजों की देन है। क्योंकि इंडिया की उत्पत्ति इंडस यानी सिंधु शब्द से है जो यूनानियों द्वारा चौथी सदी ईसा पूर्व से प्रचलन में रही। इंडिया नाम पुरानी अंग्रेजी में 9वीं सदी में और आधुनिक अंग्रेजी में 17वीं सदी से मिलता है। चाहे प्राचीन भारत की बात हो, या आधुनिक समय की, दोनों विधाओं के परिसंगम में हमारी परंपराओं और घरेलू संस्कृतियों में इंडिया शब्द का कोई वास्ता नहीं? पर, शायद अब भारत के माथे पर जबरन गोदा गया इंडिया नाम सदैव के लिए लुप्त होने की कगार पर है जिसकी अधिकृत शुरूआत देश की राष्ट्रपति द्वारा चुपके से मंगलवार को उस समय हुई, जब उनके कार्यालय से जी-20 कार्यक्रम को लेकर नामचीन हस्तियों को निमंत्रण भेजे गए। निमंत्रण पत्र में उनके पद से 'इंडिया' शब्द हटा हुआ दिखा। अकसर, भारत के राष्ट्रपति के पद के आगे ह्यद प्रेसिडेंट ऑफ इंडियाह्ल लिखा होता था। पर, मंगलवार से उस स्थान पर ह्यद प्रेसिडेंट ऑफ भारतह्ल शब्द गुदा हुआ दिखाई देगा। जाहिर है इसके बाद सियासी हंगामा कटता और हंगामा कटते हुए देर नहीं लगी? हिंदुस्तान के तकरीबन सभी सियासी दल केंद्र सरकार विशेषकर प्रधानमंत्री पर हमलावर हो गए हैं। सभी एक सुर में बोलने लगे कि प्रधानमंत्री संविधान से भी छेड़छाड़ करने लगे हैं। कांग्रेस नेता जयराम की टिप्पणी आई, बोले इंडिया शब्द से आपत्ति क्यों है प्रधानमंत्री को? क्या इसलिए कि जब से विपक्षी दलों ने सामूहिक रूप से अपने संयुक्त गठबंधन का नाम इंडिया रख लिया है। जबकि, इससे पूर्व अपने नौ वर्षों के कार्यकाल में प्रधानमंत्री ने अपने करीब 150 योजनाओं के नाम इंडिया शब्द से ही रखे। चाहे खेलो इंडिया हो या स्टार्टअप इंडिया? विपक्ष इसे बड़ा चुनावी मुद्दा बनाने के मूड में है। समूचा विपक्ष विशेष सत्र में इसे मजबूती से उठाएगी। लेकिन, सरकार ने सत्र आने से पहले ही ऐसा धमाका कर दिया जिससे विपक्ष में भगदड़ मच गई। उनमें अभी तक शोर सिर्फ 'एक देश, एक चुनाव' को लेकर था। लेकिन एक और बड़ा बम फोड़ डाला। मोदी-शाह की जोड़ी एक बात ठीक से जानती है कि एक साथ इतने मसले उठा दो, जिससे विपक्ष कंफ्यूज हो जाए, कि कौन सा उठाए, कौन सा नहीं? बहरहाल, 'इंडिया' को 'भारत' कर देना, ये संवैधानिक रूप से सभी सियासी दलों के साथ मंत्रणा करने वाला मुद्दा है। हालांकि अभी भी संदेह के कुछ बादल मंडरा रहे हैं। मात्र राजनीतिक गलियारों में ही चर्चाएं हैं। स्थिति अभी भी साफ नहीं है कि वास्तव में ऐसा होगा, या संविधान से इंडिया शब्द को हमेशा के लिए हटाया जाएगा।

श्रीकृष्ण. समग्र का सनातन सौंदर्य

गिरीश्वर मिश्र

पूर्णता की यात्रा का सोपान बनी कृष्ण की गाथा विद्या, विनय, क्षमा, शौर्य, औदार्य, धैर्य, संतोष, मैत्री और लोकसंग्रह का कीर्तिमान स्थापित करती है। लोकपुरुष श्रीकृष्ण ने निषेध, अपमान, राज-मद, दर्प और अहंकार का सबका खंडन और प्रतिकार करते हुए राह बनाई। कृष्ण-भाव की कामना हर तरह से आश्वस्त करती है और लघुता में विराटता तथा साधारण में अलौकिक का दर्शन कराती है।

श्रीकृष्ण जितने अलौकिक और विस्मयजनक रूप से विराट हैं वैसे ही सामान्य लोकजीवन में रचे-पगे सरलता और सहजता को स्वीकार करने में भी बेमिसाल हैं। ऐसी विस्तृत व्याप्ति वाला कोई दूसरा लोकनायक दूर-दूर तक नहीं दिखता । उनकी विलक्षण लीलाएं लघु और महान की आंख-मिचौली करती हैं । जन्म से लेकर बाल्यावस्था, कैशोर्य, युवावस्था, प्रौढ़ावस्था, वृद्धावस्था से होते हुए लीला-संवरण तक का समग्र कृष्ण-चरित अपने भीतर अनगिन कौतूहलों को सहेजे हुए है। इसके बारे में यही कहा जा सकता है कि यह मोहक रूप परिपूर्णता की कसौटी है। कृष्णचरित में बहुत कुछ ऐसा भी दिखता है जो ऊपर से परस्परविरुद्ध और उटपटांग लगता हो पर पूर्णावतार कृष्ण उन सभी अन्तर्विरोधों के बीच वे अच्युत खड़े रहते हैं। वे तरह-तरह की मयार्दाओं का निर्वाह करते हैं, अहितकर होने पर उन्हें तोड़ते भी हैं और फिर पहले से बड़ी नई मयार्दा भी खड़ी करते हैं। फिर आवश्यकता पड़ने पर उस मयार्दा का भी अतिक्रमण करते हैं। एक अनथक यात्री कृष्ण को किसी तरह का विश्राम नहीं है। उन्हें किसी तरह का अवकाश नहीं मिलता है। सोच-विचार और कर्म की दुनिया में वे एक क्रांति ले आते हैं और धर्मप्रधान संस्कृति की स्थापना के लिए एक प्रतिमान उपस्थित करते हैं। ऐश्वर्य, धर्म, यश, श्री, वैराग्य और मोक्ष जैसे उदात्त गुणों के समन्वय के साथ यदुकुलनंदन श्रीकृष्ण साक्षात भगवान हैं। इसी स्वरूप में वे पूजित हैं।

लगातार मनुष्य बनने की ओर अग्रसर हैं श्रीकृष्ण

वस्तुतः दिव्य जन्म और कर्म वाले श्रीकृष्ण अखंड जीवन की साधना के निकर्ष हैं। वे ऐसे देव हैं जो लगातार मनुष्य बनने की ओर अग्रसर हैं। निर्लिप्त भोगी, त्यागी और योगी के रूप में वे क्या कुछ नहीं करते। उनकी अछोर भूमिकाएं लोक मानस को चमत्कृत करती हैं। वे आकाश के देवता की जगह धरती के देवता की प्रतिष्ठा करते हैं। युधिष्ठिर के राजसूय यज्ञ में आगंतुक ब्राह्मणों के पैर धुलाने और जूठी पत्तल बटोरने का काम भी वे बड़े प्रेम के साथ करते हैं। कृष्ण का पूरा जीवन ही नानाप्रकार के सुखों-दुखों के बीच समत्व के योग और स्थितप्रज्ञ-जीवन को उद्घाटित करता है। बड़े कठोर जीवनक्रम के बीच कारागृह में जन्म, दूसरे परिवार में शैशव, बाल्यावस्था से ही शत्रुओं का प्रतिकार, प्रिय जनों से दूर आत्म-बल की रक्षा, लोक-हित के लिए समर्पण, एक विश्वासी मित्र और सखा के रूप में सबको जोड़ते हुए लोकसंग्रह की सामर्थ्य आदि सद्गुण मिल कर श्रीकृष्ण के अद्भुत व्यक्तित्व गढ़ते हैं । लोक में रमते हुए श्रीकृष्ण लोकोत्तर गुणों की खान हैं। माधुर्य के स्वामी श्रीकृष्ण अपनी लीलाओं, प्रिय जनों को प्रेमपगी मुरली की मधुर तान से सबको विभोर कर देते हैं। अपरूप लावण्य के अधिपति श्रीकृष्ण भागवत धर्म के ऐसे महान उपदेष्टा हैं जिनकी चरणरज को पाने वाले इतने तृप्त होते हैं कि उनके लिए सब कुछ स्वर्ग और मोक्ष सब तुच्छ हो जाता है।

मनुष्य के नारायण योगेश्वर

श्रीकृष्ण सत्, चित् और आनंद तीनों को व्यक्त करने वाली लीलाओं के साथ ज्ञान, कर्म और भक्ति की त्रिवेणी रचते हैं। वे मनुष्य के रूप में नारायण योगेश्वरेश्वर हैं। तपश्चर्या से वे जीवनमुक्त की स्थिति में रहते हुए वे सामान्य बंधनों से नहीं बंधते। वे जितेंद्रिय और ज्ञानी थे। वे लगातार नानाप्रकार की परिस्थितियों में पड़ते ही रहे पर सदैव निर्लिप्त बने रहे। आखिर माया से शरीर धारण करने वाले उस निराकार परमात्मा को कोई बंधन बांध भी कैसे सकता है? कृष्ण अपनी दिव्य प्रकृति को स्पष्ट करते हुए गीता में कहते हैं कि यद्यपि मैं अजन्मा और अविनाशी आत्मा और सर्व भूतों का ईश्वर हूं, फिर भी मैं अपनी प्रकृति को वश में कर के अपनी ही शक्ति से जन्म ग्रहण करता हूं।

सूक्ष्म से विराट की अभिव्यक्ति

श्रीकृष्ण की लोक-यात्रा में आने वाली चुनौतियों का सामना करते हुए हमें अनेक अवसरों पर सूक्ष्म से विराट की अभिव्यक्ति मिलती है। श्रीकृष्ण के आख्यान भारतीय लोक-मानस में अभी भी गूंज रहे हैं। यशोदानंदन, कान्हा, गोपाल, गोविंद, राधावर, गिरिधर, गोपीकृष्ण, बंशीधर, सुदर्शनधारी, पार्थसारथी और भी जाने कौन-कौन सी छवियां जन-मन में कुछ इस तरह बैठी हुई हैं कि कृष्ण की लीलाएं और उनके वे रूप अलौकिक नहीं लगते। वह जो कुछ करते हैं सब लीला है, खेल है। सभी तन्मय हो कर रास का आनंद उठाते हैं। वैसे भी मनुष्य अपनी शारीरिक सीमा का अतिक्रमण करना चाहता है और करता भी है। मन की उत्कट उछाल के साथ कृष्णचरित में यह अवसर भरपूर मिलता हैं।

लोकसंग्रह का कीर्तिमान

श्रीकृष्ण तत्व विलक्षण सक्रियता के साथ लोभ, मोह, मद, ईर्ष्या, भय की सारी सीमाओं को तोड़ता-फलांगता मुक्त करता विराट तक की यात्रा करता है। पूर्णता की यात्रा का सोपान बनी कृष्ण की गाथा विद्या, विनय, क्षमा, शौर्य, औदार्य, धैर्य, संतोष, मैत्री और लोकसंग्रह का कीर्तिमान स्थापित करती है। पूर्णता की यात्रा का सोपान बनी कृष्ण की गाथा विद्या, विनय, क्षमा, शौर्य, औदार्य, धैर्य, संतोष, मैत्री और लोकसंग्रह का कीर्तिमान स्थापित करती है। लोकपुरुष श्रीकृष्ण ने निषेध, अपमान, राज-मद, दर्प और अहंकार का सबका खंडन और प्रतिकार करते हुए राह बनाई। कृष्ण-भाव की कामना हर तरह से आश्वस्त करती है और लघुता में विराटता तथा साधारण में अलौकिक का दर्शन कराती है।

(लेखक, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के पूर्व कुलपति हैं।)

शाह की शह पर मध्य प्रदेश भाजपा

डॉ. अर्पण जैन 'अविचल'

भाजपा की जन आशीर्वाद यात्रा शुरू हो चुकी है। यह यात्रा 10643 किलोमीटर की दूरी तय करेगी और प्रदेश के 210 विधानसभा क्षेत्रों से गुजरेगी। इन यात्राओं में भाजपा का केन्द्रीय नेतृत्व और पार्टी के वरिष्ठ शामिल होंगे। वैसे पुराने चुनाव पर नजर डाली जाए तो अमित शाह का चुनावी मैनेजमेंट तगड़ा दिख रहा है।

इस समय कांग्रेस तो चुनावी मोड में कम नजर आ रही है पर भाजपा कोई चुनावी कसरत नहीं छोड़ रही। हर योजना को चुनावी एंगल से कसा जा रहा है। भाजपा की सक्रियता के मास्टर माइंड यदि कोई हैं तो वह केन्द्रीय गृहमंत्री और भाजपा के चाणक्य माने जाने वाले अमित शाह हैं। मध्य प्रदेश के राजनीतिक हलके में एक ही नारा गूंज रहा है, वह है-अबकी बार फिर भाजपा सरकार। गरीब कल्याण महाअभियान से लेकर जन आशीर्वाद यात्रा तक, भाजपा का सब कुछ केन्द्रीय नेतृत्व से तय हो रहा है। एक तरफ तो मुख्यमंत्री शिवराज सिंह से जनता की नाराजगी भी झलक रही है तो दूसरी तरफ केन्द्र में बैठा भाजपा का नेतृत्व किसी भी कीमत पर मध्य प्रदेश को भाजपा के हाथ से खोना नहीं चाहता। जी जान से जुटे कार्यकताओं में हर समय जोश और विजय का मंत्र फूंका जा रहा है। बूथ-बूथ, पन्ना-पन्ना, वार्ड-वार्ड, मोहल्ला-मोहल्ला भाजपा के नेताओं की दस्तक शुरू हो चुकी है।

भाजपा ने मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनाव से लगभग 100 दिन पहले ही पहली सूची जारी कर दी। पहली सूची में जारी 39 उम्मीदवारों में सी और डी श्रेणी की सीटें हैं, जहां भाजपा 2018 में हारी और कुछ सीटें ऐसी हैं जहां दस साल से हार रही है। ऐसी सीटों पर घोषित उम्मीदवारों को बाद में यह कहने का भी अवसर नहीं है कि ऐन वक्त पर उम्मीदवारी घोषित हुई या चुनाव प्रचार, संपर्क आदि के लिए समय नहीं मिला। अब पूरा समय मिला है तो उम्मीदवार भी मुश्तैदी से मैदान संभाल चुके हैं।

कमाल की बात तो यह है कि अब तक कांग्रेस के खेमे से चुनाव की महक भी आनी शुरू नहीं हुई। जन आशीर्वाद यात्रा की शुरूआत राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा कर चुके हैं। अमित शाह बीते दो माह में कई बार प्रदेश का दौरा कर चुके हैं। उनका इंदौर का कार्यकर्ता सम्मेलन और भोपाल का औचक दौरा इस बात की गवाही दे रहा है कि इस बार मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनाव में भाजपा के लीडर इन एक्शन अमित शाह ही हैं।

शाह की रणनीति मध्य प्रदेश भाजपा के लिए बेहद कामगार भी हो सकती है पर इसी बीच भाजपा में दरार नजर आ रही है। भाजपा के नौ कद्दावर नेताओं का कांग्रेस में जाना यही संकेत दे रहा है ।इससे पहले भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय कैलाश जोशी के बेटे और पूर्व मंत्री दीपक जोशी भी कांग्रेस में जा चुके हैं। मोदी मैजिक मध्य प्रदेश में कितना असर करेगा ये चुनाव परिणाम ही बता सकते हैं, पर मोदी को मध्य प्रदेश की चिंता भी लगातार सता रही है इसीलिए अपने सबसे मास्टरझब्लास्टर अमित शाह को मध्य प्रदेश की कमान सौंप रखी है।

अमित शाह ने भाजपा के मिशन 2023 की नैया पार लगाने के लिए अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की 82 सीटों में भगवा फहराने का संकल्प लिया है। गौरतलब है कि मध्य प्रदेश में आदिवासी वर्ग के लिए 47 और अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए 35 सीटें सुरक्षित हैं। वह कई बार आदिवासी क्षेत्रों का दौरा कर चुके हैं। लगभग तीन वर्ष पहले वे राजा शंकर शाह-रघुनाथ शाह के बलिदान दिवस 18 सितंबर को जबलपुर आए थे। यहां से उन्होंने आठ वादे किए थे। इनमें पेसा नियम लागू करने का वादा भी था। दरअसल, वर्ष 2018 में भाजपा के सरकार न बनने का प्रमुख कारण अजा-अजजा वोटबैंक का भाजपा से दूर जाना रहा है। दो साल बाद भाजपा को कांग्रेस की कलह का फायदा मिला। वह सत्ता में आई। तभी से शाह ने अजा-अजजा की 82 सीटों पर वापसी के लिए सक्रियता बढ़ा दी।

इसके अलावा भाजपा की जन आशीर्वाद यात्रा शुरू हो चुकी है। यह यात्रा 10643 किलोमीटर की दूरी तय करेगी और प्रदेश के 210 विधानसभा क्षेत्रों से गुजरेगी। इन यात्राओं में भाजपा का केन्द्रीय नेतृत्व और पार्टी के वरिष्ठ शामिल होंगे। वैसे पुराने चुनाव पर नजर डाली जाए तो अमित शाह का चुनावी मैनेजमेंट तगड़ा दिख रहा है।

इस चुनावी मौसम में कांग्रेस अपनी आपसी खींचतान से जूझ रही है। दिग्विजय सिंह तो कमलनाथ पर सार्वजनिक जुबानी हमला बोलने से रुक नहीं रहे। कांग्रेस का केन्द्रीय नेतृत्व भी मध्य प्रदेश में सक्रिय नजर नहीं आ रहा। अभी तक कांग्रेस के चुनाव प्रभारी भी तय नहीं हुए हैं। उम्मीदवारों की घोषणा तो दूर की कौड़ी है। इससे कांग्रेस का पारम्परिक वोट बैंक भी चिंतित है।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

कृषि में कार्य के लिए जी20 का आह्वान : भारत के लिए एक अवसर

आर चन्द्रशेखर

भारत कृषि क्षेत्र में बदलाव के लिए नई और उभरती प्रौद्योगिकियों को अपनाने में वैश्विक लीडर बन सकता है। सरकार को सावधानीपूर्वक संतुलित लेकिन महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की जरूरत है: मानक स्थापित करना, आवश्यक नीतियां शुरू करना और महत्वपूर्ण डीपीआई को सुविधाजनक बनाना।

जी20 कृषि मंत्रियों की 16-17 जून, 2023 के दौरान हैदराबाद में आयोजित बैठक में कुछ महत्वपूर्ण सिद्धांतों पर सहमति बनी और कई मोर्चों पर कार्य के लिए गरमजोशी के साथ आह्वान किया गया। खास दिलचस्प बात यह है कि समावेशी, अनुकूल और सतत कृषि और खाद्य प्रणालियों के विकास के माध्यम से सभी के लिए खाद्य सुरक्षा और पोषण के लिए प्रतिबद्धता को जारी रखने के लिए विभिन्न अन्य उद्देश्यों को प्राप्त करने के प्रमुख साधन के रूप में डिजिटल रणनीतियों पर जोर दिया जा रहा है। "इसमें विशेष रूप से भारत के लिए महत्वपूर्ण अनिवार्यताएं और अवसर निहित हैं।

आउटकम दस्तावेज में सात विशिष्ट डेक्कन उच्च स्तरीय सिद्धांत बताए गए हैं जो वैश्विक खाद्य सुरक्षा संकटों के लिए चल रही विभिन्न प्रतिक्रियाओं के पूरक हैं। इनमें से, सिद्धांत 6 नवाचार और डिजिटल प्रौद्योगिकी के उपयोग में तेजी लाने की आवश्यकता को रेखांकित करता है। सिद्धांत 7 डिजिटल अवसंरचना में निवेश सहित कृषि में जिम्मेदार सार्वजनिक और निजी निवेश को बढ़ाने के महत्व पर जोर देता है। कार्य के लिए आह्वान इस बात पर जोर देता है कि आज की दुनिया में, कृषि परिवर्तन के लिए डिजिटलीकरण और समावेशिता महत्वपूर्ण है। इसके बदले में इस क्षेत्र में उपयुक्त डिजिटल अवसंरचना, सार्वभौमिक ब्रॉडबैंड इंटरनेट एक्सेस, डिजिटल अधिकारों और डेटा एक्सेस, उपयोग और गोपनीयता पर नियमों की आवश्यकता होती है। यह घोषणापत्र डिजिटल उपकरणों और प्रौद्योगिकी के प्रसार और किसानों द्वारा इसे अपनाने को बढ़ावा देने सहित क्षमता-वर्धन प्रयासों को मजबूत करने के लिए सभी हितधारकों के साथ सहयोग करने की प्रतिबद्धता व्यक्त करता है। यह अनुभवों और अंतर्दृष्टि के आदान-प्रदान के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने के लिए भी प्रतिबद्ध है।

कार्य के लिए आह्वान उभरती डिजिटल प्रौद्योगिकियों का उपयोग करके कृषि में नवाचारों को गति देने में मदद करने के लिए डिजिटल अवसंरचना के पर्याप्त सार्वजनिक और निजी वित्तपोषण की आवश्यकता को पहचानता है। यह कृषि और कृषि-खाद्य मूल्य श्रृंखलाओं में उद्यमिता को सक्षम करने पर जोर देने के साथ स्टार्ट-अप, इनक्यूबेटर और एक्सेलेरेटर में जिम्मेदार निवेश बढ़ाने की आवश्यकता को रेखांकित करता है। मुझे इस कार्यक्रम में डिजिटली रूप से असंबद्ध लोगों को जोड़नाः कृषि में डिजिटल प्रौद्योगिकियों की शक्ति का उपयोग करना विषय पर पैनल चर्चा का संचालन करने का सौभाग्य मिला। पैनल में आरडी के अमेरिकी अवर सचिव, मनीला के एडीबी के महानिदेशक, बीएमजीएफ वाशिंगटन के वरिष्ठ प्रतिनिधि और भारतीय कृषि मंत्रालय के अलावा भारत के 3 रोमांचक एग्रीटेक

स्टार्टअप प्रमोटर शामिल थे। एआई की व्यापक शक्ति का लाभ उठाने की क्षमता कृषि क्षेत्र के अलावा किसी अन्य क्षेत्र में अधिक स्पष्ट नहीं है। कृषि में संभावनाएं अपार हैं। इसमें शामिल हैं :

-पानी के उपयोग सहित आदानों के उपयोग को इष्टतम करना, कृषि संबंधी पद्धतियों में सुधार, बाजारों तक पहुंच बढ़ाना, सलाहकारी विस्तार सेवाओं में सुधार, भोजन की बर्बादी को कम करना

-जलवायु अनुकूलन और शमन को सक्षम करना व प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा और पुनरुद्धार करना।

क्षेत्र के परिवर्तन के लिए विविध हितधारकों, डेटा सेट और प्रौद्योगिकियों से जुड़े कई बिंदुओं को जोड़ने की आवश्यकता है, जिनमें भूमि स्वामित्व और उस पर भार, फसल का विकल्प, इनपुट आवश्यकताएं और आपूर्तिकर्ता, जल संसाधन, मृदा और कृषि-जलवायु डेटा, बैंक और ऋण संस्थाएं, फसल बीमा, उपग्रह डेटा, बाजार यार्ड और बाजार की जानकारी, कीटों के हमलों का शीघ्र पता लगाने के लिए एआई उपकरण, आवाज, वीडियो और पाठ संचार से सुसज्जित स्थानीय भाषा में अनुकूलित एआई-सक्षम सलाहकार सेवाएं, मोबाइल टेलीफोनी का लाभ उठाना आदि शामिल हैं। इसलिए इको-सिस्टम स्तर, किसान-केंद्रित, कार्यनीतिक सोच में डिजिटल परिवर्तन को मजबूत करना चाहिए। इसके लिए वितरणात्मक, अनुकूली और खुला डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र एक अनिवार्यता है। भारत भाग्यशाली है कि उसके पास इस परिवर्तन के लिए आवश्यक सभी तीन सामग्रियां हैं :

-एआई और आईओटी, बिग डेटा, ड्रोन, ब्लॉकचेन, इंटेलिजेंट सिस्टम, रोबोटिक्स आदि जैसी नई और उभरती प्रौद्योगिकियों में विकसित देश की क्षमताओं के साथ एक संपन्न वैश्विक आईटी उद्योग।

-एक जीवंत स्टार्टअप इको-सिस्टम युवा, नए युग के उद्यमियों से भरा हुआ है जो कृषि सहित विभिन्न सामाजिक क्षेत्रों में अत्यधिक नवीन, बेहद फायदेमंद, लाभदायक समाधान तैयार कर रहे हैं, और

-स्वास्थ्य सेवा, कृषि और अन्य क्षेत्रों में अपरिपक्वस स्तनर पर अन्य के साथ जनसंख्या के पैमाने पर डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) जैसे आधार, यूपीआई, ओएनडीसी स्थापित करने का विश्व स्तर पर अद्वितीय ट्रैक रिकॉर्ड है।

पैनल में शामिल तीन प्रभावशाली कृषि -तकनीक स्टार्टअप इस अपरिपक्व क्रांति में भारत और निजी क्षेत्र के लिए अवसर के दायरे, लाभ और पैमाने को सबसे अच्छी तरह से दर्शाते हैं, जो अभी भारत और अन्य जगहों पर सामने आ रही है। एब्सोल्यूट उद्देश्य अरबों वर्षों के विकास द्वारा विकसित प्रकृति की आविष्कारशील समस्या-समाधान और जटिल संचार क्षमता को कैपच्चर कर-के लागू करने के लिए एआई का उपयोग करना है। वेकूल ने एक विशेष प्लेतटफार्म स्थापित किया है जो इस क्षेत्र में वाणिज्य का समर्थन करता है। सम्मुनाती ऐसे समाधान प्रदान करता है जो किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए सही समय और स्थान चुनकर अपने वित्तीय रिटर्न को अधिकतम करने में सक्षम बनाता है। आउटकम दस्तावेज में डिजिटल कार्यनीतियों की प्रमुखता के संदर्भ में, यह जानकर संतुष्टि होती है कि यह कृषि पारिस्थितिकी तंत्र और किसान केंद्रित सार्वजनिक और निजी डिजिटल नवप्रवर्तन के सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन हेतु उत्प्रेरक बनाने के लिए डिजिटल बुनियादी ढांचे को समावेशी बनाने पर भारत के फोकस को दर्शाता है। भारत कृषि क्षेत्र में बदलाव के लिए नई और उभरती प्रौद्योगिकियों को अपनाने में वैश्विक लीडर बन सकता है। सरकार को सावधानीपूर्वक संतुलित लेकिन महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की जरूरत हैः मानक स्थापित करना, आवश्यक नीतियां शुरू करना और महत्वपूर्ण डीपीआई को सुविधाजनक बनाना। लक्ष्य निजी क्षेत्र की ऊर्जा को प्रसारित करते हुए सुसंगतता, एकीकरण और समानता सुनिश्चित करना और क्षेत्र के डिजिटल परिवर्तन को आगे बढ़ाने की पहल करना है।

(लेखक सेंटर फॉर द डिजिटल फ्यूचर के अध्यक्ष, भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स, आईटी और टेलीकॉम विभाग के पूर्व सचिव और नैसकॉम के पूर्व अध्यक्ष हैं)

एक नजर

एसीबी की बड़ी कार्रवाई 25000 घूस लेते नगर परिषद् के सिटी मैनेजर गिरफ्तार

नवप्रदेश, कोडरमा। जिले में एसीबी ने बड़ी कार्रवाई की है बता दें कि बुधवार के दिन जिले के झूमरी तिलैया नगर परिषद में सिटी मैनेजर के पद पर कार्यरत प्रशांत भारतीय को एसीबी ने रंगे हाथ 25000 घूस लेते हुए गिरफ्तार किया गया है। बताते चले कि मामला एक विज्ञापन कंपनी के साथ संबंधित है। मेसर्स गायत्री इंटरप्राइजेज नगर परिषद क्षेत्र में होर्डिग बैनर के जरिए विज्ञापन का कार्य करती है। वित्तीय वर्ष 2022-2023 में दीपिका एंटरप्राइजेज प्राइवेट कंपनी और मेसर्स गायत्री इंटरप्राइजेज को विज्ञापन की जिम्मेदारी मिली थी। मेसर्स गायत्री इंटरप्राइजेज के संचालक परसाबाद निवासी राजीव लोचन सिंह विद्यार्थी उर्फ पप्पू सिंह पिछले 8 महीने से नगर परिषद के साथ एग्रीमेंट के लिए चक्कर काट रहे थे। सिटी मैनेजर प्रशांत भारतीय एग्रीमेंट करने की ऐवज में 50000 की मोटी रकम मांग की गई थी। नगर प्रशासक विनीत कुमार के तबादला के बाद बात 25000 में सौदा तय हुआ। 6 सितंबर को मेसर्स गायत्री इंटरप्राइजेज संचालक पप्पू सिंह के द्वारा घूस की राशि ऑफिस जाकर दी गई। प्रशांत भारती ने हाथों में पैसा नहीं लेकर अपने चेंबर के ड्रावर में पैसा रखने को कहा। थोड़ी देर बाद एसीबी की टीम आ पहुंची। और एसीबी टीम ने सिटी मैनेजर को आई कार्ड दिखाकर कार्रवाई शुरू की इस दौरान सिटी मैनेजर प्रशांत भारतीय एसीबी को अपना दबदबा दिखा कर भागने की कोशिश करने लगा। लेकिन एसीबी की टीम के साथ आई पुलिस बल द्वारा सिटी मैनेजर प्रशांत भारतीयों को धर दबोचा गया। करीब 5 मिनट तक दोनों के बीच हाथापाई देखने को मिला। बाद में एसीबी की टीम ने प्रशांत भारती के चेंबर से 25000 नगदी, योजना से जुड़े फाइल व मोबाइल बरामद कर प्रशांत भारतीय को अपने साथ ले गए। बताते चले भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के द्वारा पिछले 2 महीने में कोडरमा जिले के अंदर वन विभाग में तीन, सहकारिता विभाग में एक और अब नगर परिषद में घूस लेने के मामले में कार्रवाई की गई है।

विवेकानंद आइडियल पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया कृष्ण जन्माष्टमी

नवप्रदेश, डोमचांच। प्रखंड अंतर्गत रामकृष्ण विवेकानंद एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा संचालित विवेकानंद आइडियल पब्लिक स्कूल नवादा चौक धरगांव में दिन बुधवार को हर्षोल्लास के साथ कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन राधे कृष्ण के चित्र पर विद्यालय के प्राचार्य जयप्रकाश मेहता एवं विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक लालजीत मेहता के द्वारा पुष्पांजलि अर्पण, माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने एक से बढ़कर एक नृत्य, गीत, संगीत अभिनय गीत एवं नाटक की प्रस्तुत किया गया। मौके पर प्राचार्य जयप्रकाश मेहता ने कृष्ण को अपने दैनंदिन एवं व्यवहारिक जीवन से जोड़ने का अनुरोध किया। विद्यालय के शिक्षक शहबाज सिद्दीकी ने बड़े खुशी से भगवान श्री कृष्ण के जीवन की सबसे महत्वपूर्ण घटना कृष्ण सुदामा के दोस्ती का वर्णन किया एवं प्रस्तुति पर भाव विभोर दिखे। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सहायक शिक्षक अमित कुमार, संजीत कुमार कैलाश दास शाहबाज सिद्दकी, भोला मेहता, आशा मैम, संध्या मेहता, प्रीति यादव, संजना पंडित, ज्योति यादव छात्र छात्राओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाया।

आरपीएफ ने अंग्रेजी शराब के साथ दो शराब तस्कर को किया गिरफ्तार

नवप्रदेश, कोडरमा। सहायक उप निरीक्षक नारायण यादव साथ प्रधान आरक्षी मनोज कुमार सिंह, प्रधान आरक्षी रवि रौशन कुमार तथा आरक्षी जितेन्द्र कुमार 1 सभी रेसुब, पोस्ट कोडरमा के बल सदस्य कोडरमा रेलवे स्टेशन के द्वारा गश्ती के क्रम में कोडरमा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म सं. 04/05 ओवर ब्रीज के नीचे दो व्यक्तियों को दो पिठ्ठु बैग के साथ संदिग्ध अवस्था में देखा गया। संदेह होने पर उनके पास जाकर पूछताछ किया गया तो उनलोगों ने अपना नाम व पता क्रमशः राजेन्द्र साहु, उम्र करीब 40 वर्ष, पिता रामावतार साहु, सा. सतौर, पंचायत लेम, थाना सदर, जिला चतरा झारखंड तथा पप्पु कुमार, उम्र 40 वर्ष, पिता राजनंदन प्रसाद, सा. जमालपुर, थाना कांको, जिला जहानाबाद बिहार बताया। उसके बाद राजेन्द्र साहु के कब्जे वाले काले रंग के पिठ्ठु बैग को खोलकर जांच किया गया तो कुल अंग्रेजी शराब की कुल क्षमता 9000 मिली0 व कुल कीमत 13260/- रुपए आंका गया। अंग्रेजी शराब के बोतल के बाबत न तो कोई कागजात दिखाये और ना ही संतोषप्रद जबाब दिये। जिसके बाद मौके पर ही सहायक उप निरीक्षक बशिष्ट नारायण यादव, रेसुब पोस्ट, कोडरमा के द्वारा अंग्रेजी शराब को जप्ती सूची बनाते हुए पकड़े गये व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया तथा अग्रिम कार्यवाही वास्ते रेसुब पोस्ट कोडरमा पर लाया गया जिसे अग्रिम कारवाई करते हुए जप्त शराब व गिरफ्तार अभियुक्तों को उत्पाद विभाग कोडरमा को सुपुर्द कर दिया गया।

झामुमो जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में किया गया सतगावां प्रखंड का दौरा, दस हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य

नवप्रदेश, कोडरमा। झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला समिति कोडरमा के तत्वाधान में सतगावा प्रखंड का दौरा किया गया। इस दौरान प्रखंड कमेटी की बैठक प्रखंड के पदाधिकारी एवं कार्यकताओं के उपस्थिति में सम्पन्न हुई। टहरो निवासी भूतपूर्व सैनिक रामस्वरूप यादव की आकस्मिक निधन पर उनकी आत्मा की शांति हेतु 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। झामुमो जिलाध्यक्ष वीरेंद्र पांडे ने कहा कि सतगांवा प्रखंड में दस हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य है। झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना से समाज के अंतिम व्यक्ति को जोड़ना हमारी प्राथमिकता है। झारखंड मुक्ति मोर्चा की बढ़ती जनाधार को देखकर भाजपा के लोग अनर्गल बयान बाजी करते थक नहीं रहे हैं। जबकि भाजपा को छोड़कर बाबूलाल मरांडी बाय- बाय कहने का काम किया और 16 वर्षों तक भाजपा को कोसा करते थे। डीजल, पेट्रोल, खाद्ध सामग्री, एलपीजी गैस, की महंगाई से आम जनता में त्राहिमाम मची हुई है। जब से झारखंड में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार बनी है तब से आम जनता के हित में कार्य किया जा रहा है। वह कार्य धरातल पर भी दिख रहा है। मौके पर केंद्रीय समिति सदस्य बैजनाथ मेहता, जिला उपाध्यक्ष अशोक कुमार, युवा मोर्चा पूर्व जिला सचिव सुधाकर यादव, सुबोध कुमार, अखिलेश कुमार, निशांत कुमार, ब्यूटी कुमारी, ब्रह्मदेव यादव, अजीत भगत, भागीरथ विश्वकर्मा, गोविंद शुक्ला, रोशन कुमार, रोबिन कुमार, राहुल कुमार, संतोष यादव, बिट्टू कुमार, मनीष साहू, विक्रम कुमार, निरंजन यादव, सनी पांडे, कौशल यादव, नीतीश कुमार, नीरज चतुर्वेदी, सुमंत सिंह, राकेश कुमार, समेत दर्जनों की संख्या में झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष गणेश राय ने किया तथा संचालन प्रखंड सचिव धर्मेंद्र कुमार ने किया।

महेश एकेडमी में मनाया गया श्री कृष्ण जन्माष्टमी

नवप्रदेश, डोमचांच। नगर पंचायत स्थित महेश एकेडमी में श्री कृष्ण जन्माष्टमी बुधवार को गीत एवं भाव नृत्य के साथ धूमधाम से मनाया गया। कक्षा नर्सरी और के.जी. की मान्या, काव्या, आदित्य, अनीश, इशिका, सिकंदर, शाश्वत, श्रुति, सृष्टि ने राधा- कृष्ण के रूप में आकर्षक झांकी प्रस्तुत किया. वर्ग दशम के छात्रों उदय, प्रांजल, अनुराग, अंशु, श्रवण, शीतल, रितेश, सौरभ, प्रिंस ने इस अवसर पर मक्खन से भरे लबालब मटकी फोड़ने का मनमोहक और उत्तेजना पूर्ण कार्यक्रम प्रस्तुत कर इस उत्सव में चार चांद लगा दिया. भक्ति गीतों पर आधारित अनेक नृत्य कार्यक्रम के माध्यम से छात्राओं ने कृष्ण लीला को प्रस्तुत किया. इस अवसर पर अनेक अभिभावकों सहित एकेडमी के निदेशक सुनील कुमार सिन्हा, प्राचार्या रीना दारद, शिक्षक गण एवं सैंकड़ो छात्र- छात्राएँ उपस्थित थे।

19 सितंबर को माले का मजदूर किसान अधिकार संकल्प रैली

मोदी सरकार किसान- मजदूरों के अधिकारों को छिनने का काम किया-विनोद सिंह

नवप्रदेश, कोडरमा। डोमचांच नगर क्षेत्र स्थित मेहता भवन में दिन बुधवार को भाकपा माले की डोमचांच प्रखंड स्तरीय जी.बी बैठक आहूत की गई। इस दौरान भाकपा माले के सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित हुए। कार्यक्रम में मुख्य अथिति बगोदर विधायक विनोद सिंह वहीं विशिष्ट अथिति पूर्व विधायक राजधनवार राजकुमार यादव, माले जिला सचिव राजेंद्र मेहता, राजेंद्र साव, विनोद पांडे मुख्य रूप से मौजूद थे। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए विधायक विनोद सिंह ने कहा कि आगामी 19 सितंबर को भाकपा माले की ओर से किसान मजदूर सम्मेलन का आयोजन किया गया है। जिसमें महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। इसी बाबत व्यापक स्तर पर तैयारी चल रही है। यह कार्यक्रम वैसे दौर में हो रहा है। भाजपा लगातार चुनाव जीतते आ रही जो 10 वर्ष पूरा होने को है। जब लगातार एक देश एक कानून की बात हो रही है। छोटे उद्योगों के लिए और छोटे किसान और बड़े किसानों के लिए आपको एक देश एक कानून नहीं दिखेगा। जो सरकार अपने लिए बालू स्टोन चिप्स पत्थर निकाल रहे हैं। उसके लिए इतने कानून के रोड़े अटका रहे हैं। वही मोदी सरकार लोहा कोयला अडानी अंबानी के हाथों में दिया जाए उसके लिए तमाम नीतियां अलग है। एक तरफ जहां जंगल उजड़े जा रहे हैं। वहां पॉल्यूशन पर्यावरण कुछ भी नहीं है। 2 साल से प्रधानमंत्री आवास की राशि रोक दी गई है। लोग पलायन करके बाहर जा रहे हैं। उनके लिए कोई सुविधा नहीं है ना बाहर ना यहां ना स्वास्थ्य सुविधा न रोजगार की सुविधा है। मोदी सरकार में किसान- मजदूरों के अधिकारों को छिनने का काम किया गया है। राजधनवार पूर्व विधायक राज कुमार यादव ने कहा केंद्र की मोदी सरकार देश के संविधान और लोकतंत्र के लिए भी खतरा बन चुकी है। अपने हक की लड़ाई लड़ने वालों पर शोषण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कोडरमा के लोग रोजगार के क्षेत्र में पिछड़ गया है। लोगो को रोजी रोटी के लिए पलायन करना पड रहा है। कोडरमा मे केंद्रीय शिक्षा मंत्री रहने के बाबजूद सरकारी शिक्षा का बुरा हाल है। केंद्र ने विकास के नाम पर पूरे झारखंड को ठगने का काम की है। तमाम मुद्दों को लेकर 19 सितंबर को भव्य सम्मेलन होगा। उन्होंने लोगों से मजदूर- किसान अधिकार संकल्प रैली मे पहुँचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। मौके पर भुवनेश्वर केवट, भागीरथ सिंह घटवार, कृष्णकांत मेहता, नीतीश कुमार सिंह, विनोद सिंह, तुलसी राणा, चेतलाल साव, शेरु निशा, सहदेव सिंह, भुनेश्वर ठाकुर,उमेश ठाकुर, राजेश कुमार यादव, बालेश्वर यादव, सहदेव मंडल, अब्दुल अंसारी, प्रकाश पासवान, अमर यादव, रामदेव सिंह, हरि तुरी,पंकज कुमार दास, विनोद दास, छोटी मेहता, हरलाल मेहता, किशोरी सिंह, भागी दास, शंकर पासवान, संजय तिवारी, महानंद तिवारी, मो. शमीम आदि मौजूद थे।

मृत और जेल में बंद व्यक्ति के नाम पर मनरेगा में मजदूरी भुगतान मामले में मुकदमा दर्ज

पलामू। जिले के तरहसी प्रखंड की गोइंदी पंचायत क्षेत्र में मृत और जेल में बंद व्यक्ति के नाम पर मनरेगा में मजदूरी भुगतान करने के मामले में प्रखंड विकास पदाधिकारी सच्चिदानंद महतो ने बड़ी कार्रवाई की है। बीडीओ ने तरहसी थाना में मामला दर्ज कराया है। बीडीओ ने कांड संख्या 56/2023 धारा 406, 420 और मनरेगा अधिनियम 25 के तहत गोइंदी की मुखिया सरीता देवी, पंचायत सचिव श्यामसुंदर सिंह, रोजगार सेवक आलोक रंजन, महिला मेठ सुनीता देवी एवं सुमन देवी एवं लाभुक धर्मराज सिंह, प्रकाश कुमार यादव पर प्राथमिक दर्ज कराई है। बीडीओ ने मजदूरी भुगतान की राशि 12 प्रतिशत चक्रवृद्धि ब्याज के साथ वसूला है और एक हजार रुपये का दंड भी लगाया है। मामला सामने आने के बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी ने मुखिया, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक समेत अन्य को शोकाज किया था लेकिन स्पष्टीकरण का जवाब सभी दोषियों ने संतोषजनक नहीं दिया। ऐसे में उनके खिलाफ मामला दर्ज करने का निर्णय लिया गया। बीडीओ ने बताया कि मामला सामने आने के बाद जांच की गई। मृत व्यक्ति के साथ साथ जेल में बंद ग्रामीण के बारे में थाना एवं अन्य स्तर पर वेरिफाई किया गया। मामला सही पाए जाने पर भुगतान की गई राशि की वसूली करते हुए प्राथमिकी दर्ज की गई।

क्या है मामला

दरअसल गोइंदी पंचायत क्षेत्र में पांच साल पहले मृत व्यक्ति एवं जेल में बंद मनरेगा जॉबकार्डधारी मजदूरी करते पाये गये थे। दोनों के नाम पर मजदूरी के पैसे की अवैध निकासी भी की गई है। गोइंदी इलाके में मृतक जितेंद्र पासवान के जॉब कार्ड 003/258 सरतेज पासवान के खेत में डोभा निर्माण वर्क कोड 25081 में डिमांड कर मजदूरी की राशि निकासी की गई जबकि जितेन्द्र पासवान की मृत्यु 28 सितम्बर, 2018 को हो गई है। डिमांड की तारीख 16 से 29 जनवरी 2023 तक है। इसी प्रकार से जेल में बंद प्यारी सिंह का जॉब कार्ड 003/216 में डिमांड करके अवैध निकासी की गई है। योजना का नाम पंकज कुमार यादव के 60760710 डोभा निर्माण वर्क कोड 2206513 है। 16 मार्च की तारीख में 1422 रुपये की निकासी की गई है जबकि इस तिथि में प्यारी सिंह जेल में बंद था। 10 दिन पहले ही वह जेल से बाहर आया है। उप विकास आयुक्त को इस संबंध में आवेदन देकर मनरेगा अधिनियम के तहत कार्रवाई करने की अपील की गई थी। मांग करने वालों में विद्युत कुमार यादव, रोशन यादव एवं अन्य शामिल थे।

उपायुक्त की अध्यक्षता में मैट्रिक छात्रवृति योजना अन्तर्गत स्वीकृति समिति की बैठक संपन्न

नवप्रदेश, कोडरमा। उपायुक्त कार्यालय कक्ष में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में दिन बुधवार को वित्तीय वर्ष 2022-23 पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति योजना अन्तर्गत स्वीकृति समिति की बैठक संपन्न हुई। इस दौरान जिला कल्याण विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि कोडरमा जिले में पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए 19452 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिनमें प्रवेशिकोत्तर संस्थानों द्वारा अब तक 18934 छात्र-छात्राओं के आवेदन को छात्रवृत्ति हेतु अग्रसारित किया गया है। प्राप्त आवेदनों की संवीक्षा के दौरान जिलास्तरीय समिति द्वारा 11653 छात्र- छात्राओं के आवेदन को अनुमोदित किया गया। जिनमें 3349 छात्र-छात्राओं को आच्छादित कर दिया गया है तथा वर्तमान में छात्र छात्राओं को प्रतिदिन आच्छादित किया जा रहा है। मौके पर वन प्रमंडल पदाधिकारी सूरज कुमार सिंह, उप विकास आयुक्त ऋतुराज, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी, अग्रणी बैंक जिला प्रबंधक व अन्य उपस्थित रहे।

नगर पंचायत कोडरमा में राजस्व संग्रहण को लेकर बैठक संपन्न

नवप्रदेश, कोडरमा। शशि शेखर सुमन प्रशासक नगर पंचायत कोडरमा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उन्होंने बताया कि नगर पंचायत कोडरमा क्षेत्र अंतर्गत टैक्स संग्रहण की प्राप्ति असंतोषजनक है। अतः सभी नगर पंचायत कोडरमा वासियों से आग्रह किया जाता है कि ससमय होल्डिंग टैक्स जमा करें। बड़े होल्डिंग टैक्स बकायदारो को डिमांड देने का निर्देश दिया गया एवं सभी लोग ससमय वॉटर टैंक्स भी जमा करना सुनिश्चित करें' छूटे हुये व्यावसायिक प्रतिष्ठान दुकानदार जल्द से जल्द ट्रेड लाइसेंस लेना सुनिश्चित करें जो प्रतिष्ठान दुकानदार ट्रेड लाइसेंस नहीं लेते हैं वैसे प्रतिष्ठानों दुकानदारों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए दंड शुल्क लिया जायेगा। बैठक में नगर मिशन प्रबंधक संजीत कुमार साहू, चॉइस कंसलटेंसी के विनय जरीवाल पीएमयू आरए, सहायक बाल कृष्णा सिंह, अजय कुमार रितिका प्रिंटेड प्राइवेट लिमिटेड के विकास कुमार, तिलक कुमार उपस्थित थे।

ग्लोरियस पब्लिक स्कूल में मना कृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार

नवप्रदेश, कोडरमा। ग्लोरियस पब्लिक स्कूल लरियाडीह में कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर छात्र- छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक पंकज सिंह ने किया। विद्यार्थियों ने माखन चुराते हुए कृष्ण की बाल रूप की झांकी प्रस्तुत की। नर्सरी विद्यार्थियों ने राधा कृष्ण का सखियों के साथ का दृश्य प्रस्तुत किया। बच्चों ने राधा-कृष्ण की वेशभूषा में विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मटकी व बांसुरी सज्जा प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप में शामिल पूनम देवी, पिंकी देवी, हीना, खुशबू कुमारी, ज्योति कुमारी, संजू कुमारी, सुमन देवी, चांदनी कुमारी, अनन्या सिंह, प्रियांसी गुप्ता, पूजा देवी, दीपा सिंह, संगीता देवी, रूप सुनील कुमार, इंद्रजीत कुमार, अभिषेक सिंह, अभिनव सिंह, राज सिंह इत्यादि मौजूद थे।

विधायक राज सिन्हा ने अपने जन्मदिन पर कुष्ठ आश्रम में भोजन वितरण किया

धनबाद। बुधवार को धनबाद विधायक राज सिन्हा नें अपने जन्मदिन के अवसर पर बरमसिया स्थित कुष्ठ आश्रम में रह रहे लोगों के बिच भोजन वितरण किया। मौके पर सुशील सिंह, दिलीप सिंह, टिंकू साव, निर्मल प्रधान, अमित सिंह, रिंकू सिन्हा, मनोज मालाकार एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

मछली पकड़ने के दौरान डैम में डूबने से एक व्यक्ति की मौत, हत्या का आरोप

नवप्रदेश, चन्दवारा। प्रखण्ड अंतर्गत खांड़ी के जवाहर घाटी डैम महरभूता मे मछली मारने के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान जोगीडीह निवासी दिनेश यादव उम्र लगभग 40 वर्ष पिता स्वः चमन यादव के रूप मे की गई। घटना को लेकर चंदवारा थाना में बुधवार को लालू शर्मा उम्र 30 वर्ष ग्राम खाण्डी निवासी आवेदन देकर हत्या का मामला दर्ज कराया है। आवेदन में उन्होंने कहा है कि बीते रात मछली पकड़ने के क्रम में हमें पकड़ कर मारपीट कर मेरे साथी दिनेश यादव जौगीडीह निवासी को मारपीट करते हुए हत्या करके पानी में फेंक दिया। हम चारों दोस्त महरभुता जवाहर डैम मछली पकड़ने के लिए गए लेकिन मछली नहीं मिलने पर हम लोग आगे बढ़कर वोट लेकर डैम गए तभी अचानक तेज बारिश शुरू हो गया हम लोग डैम में बने केज पर बारिश से बचने लगे तभी ताराटांड़ निवासी जिब्राइल अंसारी, इजराफुल अंसारी एवं बारिश मियां, परिसाज अंसारी एवं अन्य लोग सभी मिलकर हम चारों के ऊपर जानलेवा हमला कर दिया हमलोग वहां से बचकर भागने का प्रयास किया तभी हम लोग के साथी दिनेश यादव व मालू यादव को पकड़ लिए एवं बुरी तरह मारपीट करने लगे एवं दिनेश यादव को मार कर जल में फेंक दिया एवं मालू यादव को केज के रूम में बंद कर दिया। घटना कि जानकारी मिलते ही मौके पर थाना प्रभारी नीतिश कुमार एएसआई राजेंद्र राणा घटनास्थल पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया वही केज रूम में बंद युवक को भी अपने साथ ले गए घटना के संबंध में थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने बताया की हत्या है या आत्महत्या पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

उपायुक्त की अध्यक्षता में मिशन इन्द्रधनुष 5.0 को लेकर जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक संपन्न

सघन मिशन इन्द्रधनुष कार्यक्रम में होगा टीकाकरणः उपायुक्त ने की अपील, शत-प्रतिशत टीकाकरण कराए लोग

नवप्रदेश, कोडरमा। समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में सघन मिशन इन्द्रधनुष 5.0 (आई.एम.आई) को लेकर जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक दिन बुधवार को संपन्न हुई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि प्रथम राउंड समाप्त होने के उपरांत द्वितीय राउड जिले में दिनांक- 11 से 16 सितंबर तक मिशन इंद्रधनुष (एम.आई) 5.0 अभियान संचालित किया जायेगा। इसके तहत 0-5 वर्ष के बच्चों और गर्भवती महिलाएँ को छूटे हुए टीके की खुराक दिया जाना है।अभियान की सफलता को लेकर जरूरी तैयारी पूर्ण हो चुकी है। जिले के सभी प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में साप्ताहिक समीक्षा बैठक में मिशन इंद्रधनुष के सफल क्रियान्वयन के लिए घर घर सर्वे कर ड्यू लिस्ट एवं सर्वे रजिस्टर का पुनरीक्षण कई प्रखंड में किये जा चुके हैं एवं अन्य प्रखंडो में भी 2 दिनों के भीतर सम्पन्न हो जाएगा। बैठक में अभियान की सफलता से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गयी एवं उपायुक्त द्वारा कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। मौके पर उपायुक्त महोदया ने कहा कि सभी टडक्ठ सुनिश्चित करेंगे कि टीकाकरण के पश्चात एएनएम द्वारा वैक्सीनेशन कार्ड में टीकाकरण काअवश्य भरा जाए, जिससे बच्चों के परिजनों को आसानी हो कि अगला टीका पड़ने की तिथि क्या है। कई पेरेंट्स को मालूम ही नहीं होता है की उनके बच्चों को अगला टीका कब दिया जाएगा जिस कारण कई बार बच्चों का टीकाकरण छूट जाता है। साथ ही उपायुक्त महोदया ने कहा कि जनवरी 2023 से जिन बच्चों को मिजिल्स और रूबेला का पहला टीका पड़ा उनको पोलियो का तीसरा डोज का टीका पढ़ना था, जो की कई बच्चों का छूट गया है। उन सभी बच्चों का भी पोलियो का टीका दिलवाना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही स्वास्थ्य, शिक्षा और समाज कल्याण विभाग आपस मे समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करना सुनिश्चित करेंगे। इसके अतिरिक्त बैठक में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम पर भी चर्चा की गई, जहां बताया गया कि 20 सितंबर,2023 को एकदिवसीय कार्यक्रम का आयोजन कर जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्र एवं सरकारी व निजी विद्यालयों में राष्ट्रीय कृमि दिवस का आयोजन कर 1 साल से 19 वर्ष के सभी बच्चों/किशोर व किशोरियों को कृमि नियंत्रण की दवाई निशुल्क खिलाई जाएगी। मौके पर सिविल सर्जन, अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, जिले के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, जिला कोडरमा अंतर्गत सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी व अन्य उपस्थित रहे।

11 सूत्री मांग पत्र को लेकर एआईसीसीटीयू का बीसीसीएल मुख्यालय पर आक्रोश मार्च व सभा

नव प्रदेश संवाददाता

धनबाद। 11 सूत्री मांग पत्र पर सीएमडब्लूयू संबद्ध एआईसीसीटीयू (एक्टू)के बैनर तले 6 सितंबर को बीसीसीएल मुख्यालय कोयला भवन पर आक्रोश मार्च व सभा की। कार्यक्रम के अध्यक्षता नकुलदेव सिंह व संचालन मनोरंजन मलिक ने किया। नेहरु कॉम्प्लेक्स से आक्रोश मार्च निकाले गए और कोयला भवन मुख्यालय पर सभा हुई। मौके पर उपस्थित सीएमडब्लूयू के केंद्रीय अध्यक्ष उपेन्द्र सिंह ने कहा कि बीसीसीएल मुख्यालय प्रबंधन को 20 मई को 11 सूत्री मांग पत्र दिया गया था और इस मांग पत्र पर 5 जून को युनियन नेताओ के साथ प्रबंधन का सौहार्दपूर्ण बातचीत हुई थी। प्रबंधन 11 दिन का समय लिया था और कहा था कि संगठित-असंगठित मजदूरों के सवालो को हल करेंगे लेकिन तीन माह गुजर जाने के बाद भी प्रबंधन कोई संज्ञान नहीं लिया। युनियन के नेताओं ने इस बीच कई बार संपर्क किया लेकिन प्रबंधन के जिम्मेवार अधिकारियों का कोई जबाव नहीं मिला प्रबंधन के वादाखिलाफी के विरोध में आक्रोश मार्च व सभा के कार्यक्रम आयोजित किया गया है। सभा के माध्यम से प्रबंधन को एक सप्ताह के समय दिया गया कि मांग पत्र पर विचार कर ले नहीं तो आरपार की लड़ाई होगी। मांग पत्र इस प्रकार है। बीसीसीएल ब्लॉक 2 एवं बरोरा एरिया के रेल्वे साइडिंग के सेलपीकर मजदूरों को हाई पावर कमिटि के अनुशंसित वेतन भुगतान किया जाता था। अभी वेतन में कटौती कर दी गई है। अनुशंसित वेतन भुगतान किया जाए। आउटसोर्सिंग में कार्यरत सारे मजदूरों को हाई पावर कमिटि के अनुशंसित वेतन भुगतान किया जाए। बीसीसीएल के मधुवन कोल वाशरी, दहीबाडी समेत सभी कोलवाशरी में स्लरी एवं एवं रिजेक्ट कोयला मेनुयल ट्रक लोडिंग की व्यवस्था किया जाए। किसानों व विस्थापितों के अधिग्रहित जमीन के बदले नोकरी और मुआवजा भुगतान किया जाए। रोड सेल के लिए प्रति माह 15000 टन कोयला आवंटित किया जाए। कामगारों के 13 दिन के बकाया वेतन का अविलंब भुगतान किया जाए। बंद खदानो को आउटसोर्सिंग कंपनी के जगह विभाग के द्वारा चालू किया जाए। एरिया 12 के दहीबाडी अवस्थित न्यू तीन तला आवासीय कालोनी के गंदे पानी से उपजाऊ जमीन नष्ट हुए हैं जमीन मालिक अशोक महतो एवं अन्य किसानों को क्षतिपूर्ति की भुगतान अविलंब किया जाए। भूली टाउनशिप में जमुना शर्मा के नाम आवंटित है।उसे हेंड ओवर किया जाए। कार्यरत सफाई कर्मियो को वर्दी, जूता एवं अन्य सुरक्षा प्रदान किया जाए। सेवानिवृत कर्मचारियों को बिना आवास खाली किए ग्रेच्युटी की भुगतान किया जाए। इन नेताओ ने भी सभा को संबोधित किया माले जिला सचिव कार्तिक प्रसाद, नागेन्द्र कुमार, एक्टू नेता कृष्णा सिंह सीएमडब्लुयू के नेता बलदेव वर्मा, जगदीश शर्मा, रामेश्वर साव, लक्ष्मीनारायण दास, नरेश भईया, सत्येन्द्र चौहान, बीपीन मंडल, संजीत राऊत, सुखदेव हरि, अजय प्रजापति, ब्रह्मदेव साहु, विनोद कालिन्दी, मुन्ना चौहान, रोशन कुमार सुरेश रविदास, चंदवा देवी, ऋणा देवी, शिला देवी गौरी देवी, मनोज महतो, देवीला महतो, जोगिन्दर मुईया, पप्पू रविदास, बिमला देवी, सरला देवी शशीभूषण प्रसाद, नंदलाल महतो, सीता देवी आदि आक्रोश मार्च एवं सभा में सैंकड़ो संगठिन-असंगठित महिला-पुरुष शामिल थे।

विद्यार्थी परिषद ने तोरपा में चलाया सदस्यता अभियान

खूंटी। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा बुधवार को तोरपा प्रखंड के श्रीहरि प्लस टू विद्यालय, बीकेबी मेमोरियल स्कूल और बिरसा सरस्वती शिशु मंदिर, डोडमा में सदस्यता अभियान चलाया गया। जिला संयोजक कमलेश महतो ने कहा कि संगठन के माध्यम से व्यक्तित्व निर्माण के साथ-साथ राष्ट्र के पुनर्निर्माण के लिए प्रत्येक वर्ष सदस्यता अभियान के माध्यम से अपने विचारों से छात्र-छात्राओं को जोड़ने का काम करती है।

राष्ट्रवाद की विचारधारा को लेकर विद्यार्थियों के बीच शिक्षा, चरित्र व संस्कार के भाव को विद्यार्थी परिषद विकसित कर रही है। इसलिए आज बड़ी संख्या में विद्यार्थी संगठन से जुड़ रहे हैं। ज्ञान शील और एकता इसका मूलमंत्र है। इस वर्ष संपूर्ण जिले के विभिन्न कॉलेज और स्कूलों में सदस्यता अभियान के माध्यम से तीन हजार छात्रों को इस संगठन से जोड़ने का लक्ष्य है। मौके पर बीकेबी स्कूल के प्राचार्य लक्ष्मीकांत नारायण बड़ाईक ने विद्यार्थी परिषद की सदस्यता ग्रहण करने के लिए छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया।

आइसा ने बीबीएमकेयू के वीसी व जैक सचिव का पुतला जलाया

धनबाद। बुधवार को ऑल इंडिया स्टुडेंट एसोसियेशन (आइसा) के बैनर तले बीबीएमकेयु के वीसी सुखदेव भोई व जैक सचिव बिनोद कुमार सिंह का पुतला जलाया गया। आयशा के स्टेट जॉइंट सेक्रेटरी अजारानी निशानी ने बताया कि बीबीएमकेयू के सभी अंगिभुत कॉलेजों मे इंटर का नामांकन नही लिया जा रहा है। जबकि राज्य से आदेश आने के बाद झारखंड के हर जिलों मे लिया जा रहा है धनबाद व बोकारो जिले मे +2 स्कुलों कि संख्या कम है और उसमे भी जगह नही बची है पहले से तय कार्यक्रम के अनुसार जब युनिवर्सिटी गए तो वहां पर बातचीत के दौरान सारा दोष जिला शिक्षा विभाग पर दे दिया गया। जब शिक्षा विभाग के दफ्तर मे गए तो वहां अधिकारी छुट्टी पर गए है ऐसे स्थिति मे छात्रों को काफि परेशानीयों का सामना करना पड़ रहा है। नई शिक्षा नीति के तहत युनिवर्सिटी अपनी मनमानी कर रहा है और शिक्षा का बाजारीकरण कर रहा है +2 के कई प्राइवेट शिक्षण संस्थान के खोला जा रहा है इस मंहगाई मे छात्रों के पास अभाव है। छात्र पढाई छोड़ने को विवश है रहे है। आगे कहां की आइसा मांग करती है कि जल्द से जल्द उक्त विषय पर ध्यान दिया जाए और सभी अंगिभुत कॉलेजों मे नामांकन प्रक्रिया शुरू करवाए अन्यथा आइसा उग्र आंदोलन को बाध्य होगी मौके पर आइसा जिला सचिव ज्ञानोदय गोर्कि, राज्य सह सचिव अजरानी निशानी, पीके रॉय कॉलेज के अध्यक्ष रोहित राजभार, वीर भगत गोविंदपुरी, विशाल, प्रेम, महावीर, मोहन, लक्की, बैधनाथ, एम एस एफ के साथी अफरोज अंसारी, शाहजहा अंसारी, साजिद शाह, जसीम अंसारी, मुन्ना अंसारी आदि मौजूद थे।

एक नजर

यवनपुर मुखिया के मृतक पिता को श्रद्धांजलि देने पहुँचे पूर्व विधायक मनोज यादव

चौपारण। यवनपुर मुखिया जानकी यादव के मृतक पिता के स्मृति में आयोजित श्रंद्धाजलि सभा सह दशकर्म में सम्मिलित हुए बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव इस दौरान पूर्व विधायक व भाजपा कार्यकताओं ने मृतक के तस्विर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रंद्धाजलि दिया। पूर्व विधायक ने कहा कि मृत्तक आत्म ने जरूर अपने जीवन मे पुण्य का कार्य किये होंगे जिस कारण उन्हें श्रद्धांजलि देने वालो का भीड़ उमड़ा है। कहा पीड़ित परिवार के साथ मेरी पूरी सवेदना है। मौके पर जिला परिषद सदस्य राकेश रंजन, पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष राजदेव यादव, बेला पैक्स अध्यक्ष सियाराम सिंह, सतेंद्र सिंह, पूर्व मुखिया अरबिंद सिन्हा, रामचंद्र सिंह, लोक गायक जन्मजय सिंह, मंतोष सिंह, मनोज यादव, विकास यादव, प्रकाश यादव, कामदेव प्रजापति, रंजीत प्रजापति, प्रकाश साव, महरू यादव, गंदौरी यादव, लक्ष्मण यादव, संजय यादव, प्रकाश गुप्ता, उदय यादव, अशोक यादव, टहल यादव, बलदेव यादव, बुधन साव इत्यादि मौजूद थे।

क्रीड़ा भारती खेल महोत्सव में शतरंज, रस्साकशी एवं वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन



धनबाद। बुधवार को क्रीड़ा भारती खेल महोत्सव अंतर्गत राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर प्रांगण में शतरंज बाल वर्ग, तरूण वर्ग रस्सा-कस्सी, बालिकाओं के लिए वालीबॉल की प्रतियोगिता प्रारंभ हुई। तीनों खेल में कुल 210 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय सचिव संजीव अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि प्रधानाचार्य सुमंत मिश्रा, कार्यक्रम संयोजक क्रीड़ा भारती महानगर मंत्री आलोक चौधरी, पर्यवेक्षक अध्यक्ष डॉक्टर राजशेखर सिंह, उपाध्यक्ष सुनील सिंह एवं उपाध्यक्ष देवेन तिवारी, राजशेखर, अध्यक्ष क्रीड़ा भारती धनबाद महानगर, उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिन्हा, सैकड़ों छात्र-छात्राएं समेत विद्यालय कर्मी एवं शिक्षक कार्यक्रम के साक्षी बने। सभी विजेताओं को पुरस्कार से सम्मानित किया गया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले को खेल महोत्सव के समापन समारोह 17 सितंबर को सम्मानित किया जाएगा।

बड्र्स गार्डन स्कूल में राधा कृष्ण सज्जा प्रतियोगिता का आकर्षक आयोजन



धनबाद/राजगंज। बुधवार को बड्स गार्डन स्कूल, राजगंज में जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर राधा कृष्ण सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें जूनियर कक्षा के बच्चे राधा, कृष्ण, हनुमान, सुदामा का दर्शनीय रूप धारण कर आए थे। उनके साथ उनके अभिभावक भी इस कार्यक्रम में शामिल थे। बच्चों ने राधा कृष्ण के रूप में अलग-अलग मनमोहक लीलाएं प्रस्तुत की, साथ ही माखन चोरी, कृष्ण रास एवं कृष्ण के जीवन से जुड़े अन्य घटनाओं से संबंधित नृत्य संगीत भी प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की शिक्षिका एलेन रॉबिंसन, रिमझिम सिंह,पूनम सिंह, निभा सिंह, रोजाना कुजूर, मोनिका तिवारी व खुशी रजक आदि की भूमिका सराहनीय रही। विद्यालय प्रबंधन प्राचार्य प्रमोद चौरसिया एवं अध्यक्ष, अमर कुमार पाल ने बच्चों को पारितोषिक के रूप में टॉफी आदि वितरित किए। इस दौरान बच्चों व अभिभावकों में जन्माष्टमी उत्सव का काफी उत्साह था।

झारखंड पेंशनर कल्याण समाज का द्वितीय सम्मेलन संपन्न

धनबाद। झारखण्ड पेंशनर कल्याण समाज की जिला शाखा धनबाद का द्वितीय सम्मेलन मंगलवार को गाँधी सेवा सदन रणधीर वर्मा चौक में जयराम सिंह जी अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर झारखण्ड पेंशनर समाज कल्याण के राज्याध्यक्ष गणेश प्रसाद उपाध्यक्ष रामसेवक तिवारी अशोक कुमार सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे। इसके अलावे झा. रा. अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के अशोक कुमार सिंह, राष्ट्रीय संगठन सचिव, नयन, झा. रा. चि. एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के महामंत्री सजूत सहाय, रघुनंदन विश्वकर्मा एवं लखन हरिजन एवं पेशनर समाज कल्याण के धनबाद जिला के अन्य सदस्य उपस्थित थे। सम्मेलन में सभी मंचासीन पदाधिकारियों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप जलाकर सम्मेलन का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में जिले पेन्शनर धारी सभी सेवा निवृत कर्मचारियों का जुटान हुआ। सम्मेलन में पेन्शनर समाज की विभिन्न मांगो एवं मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई उनकी समस्याओं और कठिनाओं पर विचार किया गया और निर्णय लिया गया की हर माह जिला कमिटी एक बैठक का आयोजन करेगी और उक्त बैठक के माध्यम से पेन्शनर पा रहे सेवा निवृत कर्मचारियों की समस्यओं को पटल पर ला कर उसका निराकरण हेतु आवश्यक कदम उठाया जाएगा। इस अवसर पर राज्याध्यक्ष गणेश प्रसाद द्वारा जिला शाखा को मान्यता भी दी गई।नये सत्र के लिये जिला समिति का गठन करते हुये अध्यक्ष जयराम सिंह, जिला मंत्री अरूण कुमार सिंह, रामरूप सिंह उपाध्यक्ष शान्ती राम महतो कोषाध्यक्ष समेत अन्य पदाधिकारियों का चयन हुआ।

खिलाडियों से भरा ऑटो पलटा, एक की मौत, पांच घायल

लातेहार। लातेहार-बालूमाथ मुख्य मार्ग पर ओलहेपाट गांव के समीप मंगलवार रात फुटबॉल मैच खेलकर वापस घर लौट रहे खिलाड़ियों से भरा ऑटो पलट गया। ऑटो पलटने से उसमें सवार एक युवक की मौत हो गई, वहीं पांच गंभीर रूप से घायल हो गये। जानकारी के अनुसार, ऑटो में सवार सभी लोग कल्याणपुर (लावालौंग) से फुटबॉल मैच खेलकर वापस अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान ओलहेपाट गांव के पास अनियंत्रित होकर ऑटो ने मवेशी को टक्कर मार दी, जिससे ऑटो पलट गया। इससे उसके नीचे दबने से शिव कुमार नायक (20) की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, अमित नायक, मनोहर नायक, संदीप नायक, दीपक नायकऔर रौशन नायक (सभी ग्राम दिरीदाग, बालूमाथ) निवासी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से सभी घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉ सुरेंद्र कुमार की देखरेख में प्राथमिक उपचार किया गया। गंभीर रूप से घायल रौशन नायक को बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर किया गया है।

प्रखण्ड स्तरीय खेलो झारखण्ड का समापन, विजेता बच्चे 9 सितंबर को जिला स्तरीय खेल में दिखायेगे दम

चौपारण। खेल मैदान चौपारण में आयोजित प्रखण्ड स्तरीय खेलो झारखण्ड खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में स्कूल स्तर पर विजेता प्रतिभागियों ने प्रखण्ड स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में शामिल हुए। इस दौरान बालक व बालिका वर्ग के अंडर 14, 17 और 19 वर्ग में 100 मी दौड़, 200 मी, 400मी, 800मी व लंबी कूद, उच्ची कूद, गोला फेंक, भाला फेंक, रिले दौड़, कबड्डी व वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बालिका वर्ग के खेल में ओभर ऑल कस्तुरबा गाँधी बालिका आवसीय विद्यालय मानगढ़ चौपारण का दबदबा रहा वही ओभर ऑल खेल बालक वर्ग में प्लस दो उच्च विद्यालय दनुवा व प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय रामपुर का दबदबा रहा। कबड्डी बालिका वर्ग में कस्तुरबा स्कूल व बालक वर्ग में इगुनिया उच्च विद्यालय विजेता बना। वॉलीबॉल में प्रोजेक्ट उच्च रामपुर स्कूल विजेता रहा। प्रखण्ड स्तर पर विजेता प्रतिभागी बच्चे जिला स्तर पर 9 सितंबर को आयोजित प्रतियोगिता में शामिल होंगे। कार्यक्रम में बतौर अतिथि के रूप में प्रमुख पूर्णिमा देवी, उप प्रमुख प्रिती गुप्ता, जीप सदस्य आरती कौशल, बीईईओ राकेश कुमार, उमाकान्त यादव, कार्यक्रम को सफल बनाने में जनार्दन प्रसाद वर्मा, जितेंद्र सिंह, मो कैसर आलम, सुबोध सिंह, सुरेन्द्र दास, मृत्युंजय सिंह, डॉ प्रदीप साहू, कमलेश कुमार कमल, रतन कुमार वर्मा, राजकुमार प्रजापति, राजकुमार रविदास, बंसत दास, प्रदीप कुमार, उमेश सिंह, शशिकांत शर्मा, मुलायम सिंह यादव, राकेश कुमार, रेखा कुमार, आरती कुमारी, प्रतिमा कुमारी मुन्नी यादव, सरोज कुमारी, निशु सिंह, सरस्वती देवी, उषा कुमारी, किशन कुमार, दिलीप कुमार, यमुना प्रसाद, विजय कुमार, प्रदीप कुमार, कैलाश साव, राजेश कुमार, नौसाद अंसारी, बच्चू राणा, अजय यादव, गोपाल साव, रंजना कुमारी, गौरी कुमारी, प्रतिमा राज, बद्दी उजमा, बीपीएम मो आरिफ अंसारी, बीआरपी मो सईद अंसारी, रामावतार प्रजापति, शशिभूषण सिंह, राजाराम रवि, आदि उपस्थित थे।

भारत जोड़ो यात्रा की प्रथम वर्षगांठ आज

हजारीबाग। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष आदरणीय राजेश ठाकुर के निदेर्शानुसार जिला कांग्रेस कमिटी हजारीबाग के तत्वावधान में भारत जोड़ो यात्रा की प्रथम वर्षगांठ मनाई जाएगी। भारत जोड़ो पदयात्रा अपराह्न तीन बजे जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम से चलकर कांग्रेस कार्यालय रोड के विभिन्न मार्गो से भगत सिंह चौक, सुजाइत चौक, पंच मंदिर चौक, झंडा चौक, मेन रोड, टावर चौक से होते हुए इन्द्रपुरी चौक स्थित भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर और लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा पुष्प अर्पित कर आम सभा की जाएगी। जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी निसार खान ने बताया कि कार्यक्रम का नेतृत्व जिला कांग्रेस के अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव करेंगे वहीं कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव सह जिला प्रभारी अजय कुमार सिंह तथा जिला कार्यक्रम प्रभारी पूर्व मंत्री सह प्रदेश के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष केशव महतो कमलेश बड़कगांव की विधायक माननीय सुश्री अम्बा प्रसाद बरही के विधायक माननीय उमा शंकर अकेला धार्मिक न्यास बोर्ड के प्रदेश अध्यक्ष जयशंकर पाठक प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा, मुन्ना सिंह, आर सी प्रसाद मेहता, दिगम्बर प्रसाद मेहता सहित सभी प्रखंडों के अध्यक्ष प्रदेश प्रतिनिधि 20 सूत्री के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सदस्य, 15 सूत्री के सदस्य युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, कांग्रेस सेवा दल, एन एस यू आई, सभी विभाग प्रकोष्ठ के अध्यक्ष, व कार्यकर्तागण मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे।

नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत खूंटी में मास्टर ट्रेनरों का प्रशिक्षण

खूंटी। राजकीय कन्या मध्य विद्यालय खूंटी के सभागार में बुधवार को एक दिवसीय जिला स्तरीय नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत प्रखंड स्तरीय मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में विद्यालयों को शामिल किया गया है। विद्यालय के सीआरपी के रूप में बजरंग साहू प्रभारी प्रधानाध्यापक राजकीय मध्य विद्यालय, राजकीय मध्य सह उत्क्रमित उच्च विद्यालय कुड़ापूर्ति किशोर सिंह राजकीय प्राथमिक विद्यालय कोनवा ने प्रशिक्षण दिया गया। सितंबर का पहला सप्ताह साक्षरता सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा है। कार्यक्रम में बताया गया की सभी सीआरसी, प्रखंड और जिले में निबंध प्रतियोगिता के कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। बताया गया कि नवभारत साक्षरता कार्यक्रम केंद्र और राज्य सरकार दोनों की योजना है। इस योजना के तहत सभी के लिए शिक्षा का प्रावधान है। पहले यह कार्यक्रम प्रौढ़ शिक्षा के नाम से जाना जाता था। एनइपी 2020 में इसका नाम बदलकर नवभारत साक्षरता अभियान साक्षरता कार्यक्रम किया गया। यह कार्यक्रम वर्तमान में 2022 से 2027 के लिए बनाया गया है। इसमें 15 वर्ष एवं उससे अधिक उम्र वाले लोगों को शामिल किया गया है। उन्हीं लोगों को सर्वे के माध्यम से चिह्नित कर उनको शिक्षित करने की योजना है। प्रशिक्षण में जिला शिक्षा अधीक्षक, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, सीआरपी, बीआरपी, एडीपीओ के अलावा सिनी टाटा ट्रस्ट की शिप्रा रानी और पिरामल फाउंडेशन के सदस्यों के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

पलामू के तरहसी, लेस्लीगंज और पांकी में मार्केट कॉम्पलेक्स की रखी आधारशिला

पलामू। जिला परिषद ने तरहसी, लेस्लीगंज एवं पांकी में बुधवार को मार्केट कॉम्पलेक्स निर्माण कार्य की आधारशिला रखी गई। जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिमा कुमारी, उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह के अलावा जिप सदस्य कृष्ण मुरारी सिंह, रूपवंती देवी एवं अन्य जिला पार्षद ने संयुक्त रूप से शिलान्यास किया। इसके साथ 15वें वित्त योजना से तरहसी हाट बाजार का उन्नयन कार्य का भी शिलान्यास किया गया। तरहसी प्रखंड मुख्यालय के मुख्य बाजार परिसर, पांकी प्रखंड के तेतराई बाजार परिसर तथा नीलांबर-पीतांबरपुर प्रखंड मुख्यालय के बाजार परिसर में दुकान निर्माण के लिए शिलान्यास किया गया। तरहसी की पुरानी दुकानों की मरम्मत 15 लाख रुपये से करायी जाएगी जबकि तरहसी, तेतराई तथा नीलांबर-पीतांबरपुर में करीब पौने तीन करोड़ रुपये की लागत से नया बाजार परिसर का विकास किया जाएगा। जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिमा ने कहा कि जिला परिषद को सशक्त कर जन-समस्याओं को दूर करने का प्रयास तेज किया जा रहा है। इसी कड़ी में नयी दुकान निर्माण के लिए शिलान्यास किया गया। उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह ने कहा कि पलामू जिला विकास की दौड़ में पिछड़ता रहा है जबकि संसाधनों और राजनैतिक सोच में कभी कोई कमी नहीं रहा है। केवल मजबूत इच्छाशक्ति और एकजुट होकर प्रयास करने की जरूरत है। तरहसी के जिला पार्षद कृष्ण मुरारी सिंह ने कहा कि लंबे समय से उनकी इच्छा थी कि तरहसी के बाजार को विकसित किया जाए। शिलान्यास से सपना पूरा होने की दिशा में पहल शुरू हुई है। ग्रामीण क्षेत्र में विकास से बड़ा बदलाव आयेगा। इस दौरान जिला पार्षद प्रमोद सिंह, रामलव चौरसिया, विजय रविदास, विजय कुमार, अमित जायसवाल, संग्राम सिंह, फजायल अहमद, खुशबू कुमारी, प्रदीप कुमार चावला, प्रमुख पंचम गुप्ता और अन्य प्रतिनिधि मौजूद थे।

बाबूलाल मरांडी ने 2024 के चुनाव में नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का किया आह्वान

गिरिडीह। संकल्प यात्रा के तीसरे चरण के तहत जमुवा में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बुधवार को हेमंत सोरेन पर जमकर हमला बोला। झमाझम वर्षा के दौरान बाबूलाल मरांडी ने जनसभा को किया संबोधित। उन्होंने कहा कि संथाल परगना के भोगनाडीह से शुरू हुआ संकल्प यात्रा अब जनता के भारी समर्थन से जन संकल्प यात्रा बन चुका है। उन्होंने कहा कि पौने चार साल के हेमंत सरकार में झारखंड का विकास तो नहीं हुआ, बल्कि कानून व्यवस्था चौपट हो गया। प्रत्येक दिन पांच से अधिक हत्या, दुष्कर्म, अपहरण की घटना से झारखंड भयभीत है। पुलिस कानून व्यवस्था ठीक करने के बजाए वसूली और हेमंत सरकार के फिलाफ बोलने वालों पर केस करने में व्यस्त है। अंचल ब्लॉक और जिले के सरकारी कार्यालयों में बिना पैसे दिये कोई काम नहीं होता है। भ्रष्टाचार मुक्त, अपराध मुक्त प्रदेश बनाना है तो झारखंड से हेमंत सरकार को हटाना है और भाजपा को लाना है। उन्होंने कहा कि परिवार, पैसे, बिचौलिया, दलालों के लिए राजनीति करने वाले हेमंत ईडी के कार्रवाई से डर कर भाग रहे हैं। हेमंत सरकार दलालों, बिचौलियों को बचाने में व्यस्त है। ट्रांसफर-पोस्टिंग और योजनाओं में हेमंत सरकार पैसा लेना बंद कर दे तो भ्रष्टाचार खुद समाप्त हो जाएगा। हेमंत सोरेन को जनता की चिंता नहीं है। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी ने झारखंड राज्य के सपने को साकार किया और गांव-गांव सड़क, नदी-नालों पर पुल-पुलिया और बिजली दिया। इस प्रदेश को संवारने का कार्य भी भाजपा ही करेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में चांद पर पहुंच गये। अब सूर्य की बारी है। उन्होंने 2024 में केंद्र में मोदी को प्रधानमंत्री और झारखंड में भाजपा की सरकार बनाने का संकल्प दिलाया।

जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों के प्रति जन जागरुकता जरूरी: उपायुक्त

खूंटी। उपायुक्त लोकेश मिश्र की अध्यक्षता में बुधवार को राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम से संबंधित जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान जलवायु परिवर्तन के कारण मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले विपरीत प्रभावों के संबंध में चर्चा की गई। कार्यक्रम के तहत सामान्य जागरुकता बढ़ाने, स्वास्थ्य पेशेवरों और समुदायों का क्षमता निर्माण, प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों के कार्यान्वयन, जलवायु संवेदनशील रोगों की निगरानी और उपाय आदि पर ध्यान केंद्रित करने वाली विभिन्न गतिविधियां की जाती हैं। बैठक में जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव व इसके उन्मूलन के लिए विभिन्न गतिविधियों के क्रियान्वयन पर चर्चा की गई। इसमें विभिन्न विभागों की सहभागिता और आपसी समन्वय से कार्य करने पर चर्चा करते हुए जलवायु परिवर्तन और मानव स्वास्थ्य को लेकर कई निर्देश दिए गए। जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव के कारण होनेवाली विभिन्न बीमारियों के उन्मूलन के बारे में भी चर्चा की गई। इसके अलावा बैठक में कृषि उत्पाद पर जलवायु परिवर्तन, शहरी क्षेत्रों में जलवायु परिवर्तन, पानी की कमी, साफ सफाई पर ध्यान समेत अन्य विषयों पर भी चर्चा करते हुए उपायुक्त ने पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया।

आज से कतरासगढ़ स्टेशन पर 5 जोड़ी ट्रेनों का होगा ठहराव

कतरास। पूर्व मध्य रेलवे हाजीपुर डिवीजन ने कतरागढ़ स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव के लिए हरी झंडी दे दी है। डिवीजन द्वारा जारी समय सारिणी के अनुसार 7 सितम्बर से 13403 रांची भागलपुर वनांचल एक्प्रेस 22.38 बजे कतरासगढ़ स्टेशन आएगी और 22.40 बजे प्रस्थान करेगी। वहीं 13404 रांची भागलपुर वनांचल एक्प्रेस 04.47 बजे कतरासगढ़ स्टेशन आएगी और 04.49 बजे प्रस्थान करेगी। 18619 रांची गोड्डा एक्स्प्रेस 00.58 बजे आएगी और 1.00 बजे प्रस्थान करेगी।



संविधान सभा में कमलापति त्रिपाठी ने बताये थे 'भारत' के मायने

इंडिया बनाम भारत

'इंडिया' बनाम 'भारत' की चर्चा इस वक्त देश में सबसे ज्यादा हो रही है। पहले जी20 के निमंत्रण पत्र में 'प्रेजिडेंट ऑफ भारत' लिखा गया तो बाद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इंडोनेशिया दौरे के कार्यक्रम में 'प्राइम मिनिस्टर ऑफ भारत' का उल्लेख हुआ। अब जब चर्चा हो रही है कि क्या आधिकारिक रूप से देश का नाम बदलने वाला है। ऐसे में देश का संविधान लिखने वाली सभा की एक पर हुई बहस के बारे में जानना भी जरूरी होगा। जो बेहद दिलचस्प थी।

आज संविधान में देश के जिस नाम 'इंडिया दैट इज भारत' का उल्लेख मिलता है उस पर संविधान सभा के सदस्य कमलापति त्रिपाठी ने दिलचस्प सुझाव दिए थे। आइये हैं कि कमलापति ने देश के नाम को लेकर क्या कहा था?

संविधान सभा ने देश के नाम पर क्या कहा?

संविधान का अनुच्छेद एक कहता है 'इंडिया, यानी भारत, राज्यों का एक संघ होगा।' हालांकि, मूल मसौदे में 'भारत' नाम का कोई जिक्र नहीं था। दरअसल, चार नवंबर 1948 को संविधान सभा में संविधान का मसौदा पेश किया गया था। यह मसौदा डॉ. भीमराव अंबेडकर की अध्यक्षता वाली एक समिति द्वारा तैयार किया गया था। लगभग एक साल बाद 17 सितंबर 1949 को अंबेडकर ने एक प्रस्ताव रखा जिसमें पहले उप खंड में 'भारत' नाम के संशोधन में बदलाव का सुझाव दिया गया।

18 सितंबर 1949 को आजाद देश को एक के बजाय दो नाम देने के प्रस्ताव के बारे में सदस्यों के बीच भारी असहमति देखने को मिली थी। प्रारंभिक प्रावधान पर संविधान सभा में 'इंडिया' और 'भारत' के बीच संबंध पर काफी चर्चा हुई। सदस्यों ने कई संशोधनों का सुझाव दिया लेकिन किसी को भी स्वीकार नहीं किया गया। अंबेडकर के बाद ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक के नेता एचवी कामथ ने पहले उप खंड के हिस्से को भारत या अंग्रेजी में इंडिया से बदलने का प्रस्ताव करते हुए पहला संशोधन पेश किया। कामथ यह प्रस्ताव आयरिश संविधान से प्रेरणा लेते हुए सामने लेकर आए थे।

कमलापति ने 'भारत' को 'इंडिया' से अधिक प्राथमिकता दी

इसी चर्चा में कांग्रेस के एक अन्य सदस्य कमलापति त्रिपाठी भी जुड़े। कमलापति ने इस बात पर जोर दिया था कि भारत को इंडिया से अधिक प्राथमिकता मिलनी चाहिए। कमलापति ने संशोधन प्रस्ताव पर अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। इस दौरान उन्होंने कहा, आज देश के नाम को लेकर एक संशोधन हमारे सामने है, मुझे खुशी होती अगर प्रारूप समिति ने इस संशोधन को किसी अलग रूप में प्रस्तुत किया होता। यदि 'इंडिया दैट इज भारत' के अलावा किसी अन्य अभिव्यक्ति का इस्तेमाल किया गया होता तो मैं सोचता हूं, यह इस देश की प्रतिष्ठा और परंपराओं के अधिक अनुरूप होता और वास्तव में इससे इस संविधान सभा का भी अधिक सम्मान होता।

यदि 'दैट इज शब्द' आवश्यक होते तो, जो प्रस्ताव हमारे सामने प्रस्तुत किया गया है, उसमें 'भारत दैट इज इंडिया' शब्द का प्रयोग करना अधिक उचित होता। मेरे मित्र कामथ ने यह संशोधन पेश किया है कि 'भारत जैसा कि इसे अंग्रेजी भाषा में इंडिया कहा जाता है' का प्रयोग किया जाना चाहिए। प्रारूप समिति ने इसे स्वीकार कर लिया था यदि वह अब भी इसे स्वीकार करती है तो यह हमारी भावनाओं और हमारे देश की प्रतिष्ठा के प्रति सराहनीय विचार होगा। हमें इसे स्वीकार करने में बहुत खुशी होती। फिर भी, जो प्रस्ताव हमारे सामने रखा गया है उससे हम प्रसन्न हैं और इसके लिए हम प्रारूप समिति को बधाई देते हैं।

'गुलामी में देश अपनी आत्मा गंवा देता है'

उन्होंने आगे कहा, जब कोई देश गुलामी में होता है तो वह अपनी आत्मा गंवा देता है। एक हजार साल की गुलामी के दौरान हमारे देश ने भी अपना सब कुछ खो दिया। हमने अपनी संस्कृति खो दी, हमने अपना इतिहास खो दिया, हमने अपनी प्रतिष्ठा खो दी, हमने अपनी मानवता खो दी, हमने अपना स्वाभिमान खो दिया, हमने अपनी आत्मा खो दी और वास्तव में हमने अपना रूप और नाम खो दिया। आज एक हजार वर्ष तक परतन्त्रता में रहने के बाद यह स्वतन्त्र देश अपना नाम दोबारा हासिल करेगा और हमें आशा है कि यह अपना खोया हुआ नाम पुनः प्राप्त करके अपनी आन्तरिक चेतना तथा बाह्य स्वरूप को फिर पा लेगा तथा अपनी आत्मा की प्रेरणा से कार्य करना आरंभ कर देगा जो कि पहले भी थी। यह वास्तव में दुनिया में अपनी प्रतिष्ठा पुनः प्राप्त करेगा। राष्ट्रपिता बापू के पदचिह्नों पर चलकर देश में जो क्रांतिकारी आंदोलन चला, उसने हमें अपने स्वरूप और अपनी खोयी हुई आत्मा की पहचान करायी। आज उन्हीं के कारण और उनकी तपस्या के कारण ही हम अपना नाम भी पुनः प्राप्त कर रहे हैं। कमलापति त्रिपाठी ने कहा, "मैं 'भारत' के ऐतिहासिक नाम से प्रभावित हूं। यहां तक कि इस शब्द के उच्चारण मात्र से ही क्षण भर में ही हमारे सामने एक के बाद एक सदियों के सांस्कृतिक जीवन की तस्वीर उभर आती है। मेरी राय में दुनिया में कोई दूसरा देश नहीं है जिसका इतिहास, ऐसी संस्कृति और ऐसा नाम हो जिसकी उम्र सहस्राब्दियों में गिनी जाती हो जैसा कि हमारे देश के पास है।"

देवतागण स्वर्ग में भारत देश का नाम स्मरण करते रहे हैं

त्रिपाठी आगे कहते हैं, हमारे देश को जितने दमन, अपमान और लंबी गुलामी से गुजरना पड़ा, उसके बाद भी उसने अपने नाम और अपनी प्रतिभा को बचाकर रखा है। दुनिया में ऐसा कोई दूसरा देश नहीं है। हजारों साल बाद भी हमारा देश आज भी 'भारत' के नाम से जाना जाता है। वैदिक काल से ही यह नाम हमारे साहित्य में आता रहा है। हमारे पुराणों में सम्पूर्ण भारत के नाम की स्तुति की गयी है। देवतागण स्वर्ग में इस देश का नाम स्मरण करते रहे हैं। गायन्ति देवाः किल् गीतकानि। देवताओं की प्रबल इच्छा है कि वे भारत की पवित्र भूमि पर जन्म लें और यहीं जीवन व्यतीत कर अपने सर्वोच्च लक्ष्य को प्राप्त करें।



महापुरुषों व महर्षियों ने महान संस्कृति को जन्म दिया था

हमारे लिए यह नाम पवित्र स्मृतियों से भरा है। इस नाम का उच्चारण करते ही हमारे मन में हमारे प्राचीन इतिहास और प्राचीन गौरव तथा हमारी प्राचीन संस्कृति के चित्र उभर आते हैं। हमें याद आता है कि यह वह देश है जहां प्राचीन युगों में महापुरुषों और महर्षियों ने एक महान संस्कृति को जन्म दिया था। वह संस्कृति न केवल इस भूमि के विभिन्न क्षेत्रों में फैली, बल्कि इसकी सीमाओं को पार करते हुए सुदूर पूर्व के कोने-कोने तक भी पहुंची। हमें याद आता है कि एक ओर तो यह संस्कृति भूमध्य सागर तक पहुंची और दूसरी ओर इसने प्रशांत महासागर के तटों को भी छुआ। हमें याद आता है कि हजारों साल पहले इस देश के अधिनायकों और विचारकों ने एक महान राष्ट्र का निर्माण किया और अपनी संस्कृति को दुनिया के चारों कोनों तक पहुंचाया और अपने लिए प्रतिष्ठा हासिल की। जब हम इस शब्द का उच्चारण करते हैं तो हमें हमारे महर्षियों द्वारा कहे गए ऋग्वेद के मंत्रों की याद आती है जिनमें उन्होंने सत्य के दर्शन का वर्णन किया।

राम, कृष्ण और बुद्ध को किया याद

"जब हम इस शब्द का उच्चारण करते हैं तो हमें भगवान बुद्ध की याद आती है। जब हम इस शब्द का उच्चारण करते हैं तो हमें दुनिया को नई दृष्टि देने वाले शंकराचार्य की याद आती है। जब हम इस शब्द का उच्चारण करते हैं तो हमें भगवान राम की शक्तिशाली भुजाओं की याद आती है, जिन्होंने धनुष की प्रत्यंचा चढ़ाकर हिमालय से लेकर इस भूमि और आकाश के आसपास के समुद्रों को गूंजायमान कर दिया था। जब हम इस शब्द का उच्चारण करते हैं तो हमें भगवान कृष्ण के चक्र की याद आती है।"

अच्छा होता यदि संशोधन को स्वीकार होता...

इस बीच डॉ. बीआर अम्बेडकर टिप्पणी करते हैं, श्रीमान, क्या यह सब आवश्यक है? इस पर कमलापति त्रिपाठी कहते हैं, 'मैं तो आपको प्रासंगिक बातें सुनने के लिए कह रहा हूं। फिर अम्बेडकर कहते हैं, अभी बहुत काम किया जाना बाकी है। कमलापति त्रिपाठी फिर बोलते हैं, जब हम इस शब्द का उच्चारण करते हैं तो हमें मानवता को एक नया संदेश देने वाले बापू की याद आती है। हमें यह देखकर खुशी हुई कि इस शब्द का इस्तेमाल किया गया है और हम इसके लिए डॉ. अंबेडकर को बधाई देते हैं। बहुत अच्छा होता यदि उन्होंने कामथ द्वारा प्रस्तुत संशोधन को स्वीकार कर लिया होता।"

अंत में सभी संशोधन खारिज

अंततः संविधान सभा ने मसौदा समिति के अध्यक्ष बीआर अंबेडकर द्वारा पेश किए गए संशोधनों को छोड़कर अनुच्छेद के मसौदे में सभी संशोधनों को खारिज कर दिया। इसके साथ ही अनुच्छेद-1 के प्रावधान 'इंडिया दैट इज भारत' को संविधान सभा ने 18 सितंबर 1949 को अपना लिया।

पंचांग, राशिफल, शब्द पहेली, सूडोकू

आज का राशिफल : 07 सितंबर, 2023

मेष : अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-1-4-6

वृष : महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा होगा। समय व्ययकारी होगा। शुभांक-2-5-7

मिथुन : परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार बनाये रखें। नैतिक दायरे में रहें। शुभांक-3-6-7

कर्क : सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। मनोबल ऊंचा रखें। शुभांक-4-6-8

सिंह : अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। साक्षात्कार के लिए दिन शुभ रहेगा। शुभांक-5-8-9

कन्या : कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे। निकटजनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। बुरी संगति से बचें। वरिष्ठ लोगों से तनाव पैदा हो सकता है। शुभांक-4-7-9

तुला : पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। शांतिपूर्वक कार्य करें। धार्मिक यात्रा का योग हैं। शुभांक-5-7-9

वृश्चिक : दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में न पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में बाधा को दूर होगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति ठीक रहेगी। शुभांक-2-5-9

धनु : संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार में स्थिति अच्छी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। शुभांक-4-6-8

मकर : मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रहें। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। शुभांक-3-5-7

कुंभ : स्वास्थ्य में ताजगी बनी रहने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-6-9-9

मीन : सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-3-6-7





मुजीब उर रहमान ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पूरे किये 150 विकेट

लाहौर (हि.स.)। अफगानिस्तान के स्पिनर मुजीब उर रहमान ने मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 150 विकेट पूरे कर लिए और यह उपलब्धि हासिल करने वाले वह अपने देश के चौथे खिलाड़ी बन गए। उन्होंने यह उपलब्धि एशिया कप ग्रुप चरण में श्रीलंका के खिलाफ मुकाबले के दौरान हासिल की। मुजीब ने अपने 10 ओवर में 60 रन देकर एक विकेट लिया। उन्हें 14 रन पर धनंजय डी सिल्वा का विकेट मिला। अब 110 मैचों में उनके नाम 23.19 की औसत और 4.61 की इकोनॉमी रेट से 150 विकेट हैं, जिसमें सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आंकड़े 5/20 हैं। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में चार बार चार विकेट और दो बार पांच विकेट लिए हैं। अफगानिस्तान के लिए अंतरराष्ट्रीय विकेटों के मामले में वह दौलत जादरान (155), मोहम्मद नबी (249) और राशिद खान (336) से पीछे हैं। मुजीब ने अपने द्वारा खेले गए एकमात्र टेस्ट में एक विकेट लिया है। 66 एकदिवसीय मैचों में, उन्होंने 25.86 की औसत से 93 विकेट लिए हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन 5/50 है। इसके अलावा 43 टी20 में उन्होंने 17,83 की औसत से 56 विकेट लिए हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन 5/20 है। मैच की बात करें तो इस मुकाबले में श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 8 विकेट पर 291 रन बनाए, इस लक्ष्य को सुपर फोर चरण के लिए क्वालीफाई करने के लिए अफगानिस्तान को 37.1 ओवर में हासिल करना था, जवाब में अफगानिस्ता की पूरी टीम 37.4 ओवरों में 289 रनों पर ऑल आउट हो गई।

यूएस ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे नोवाक जोकोविच

न्यूयॉर्क (हि.स.)। सर्बियाई टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच मंगलवार की रात अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज को हराकर न्यूयॉर्क में चल रहे यूएस ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। इसी के साथ वह 47वीं बार किसी ग्रैंड स्लैम इवेंट सेमीफाइनल में पहुंचे हैं। जोकोविच ने गर्म परिस्थितियों में फ्रिट्ज को 6-1, 6-4, 6-4 से हराया, जिससे फ्रिट्ज के खिलाफ उनके आमने-सामने के रिकॉर्ड में 8-0 का सुधार हुआ और यूएस ओपन क्वार्टरफाइनल में उनकी जीत का सिलसिला 13-0 तक बढ़ गया। बता दें कि दुनिया के नौवें रैंक के खिलाड़ी फ्रिट्ज बिना कोई सेट गंवाए अपने पहले यूएस ओपन क्वार्टरफाइनल में पहुंचे थे। हालाँकि, जोकोविच ने छह बार उनकी सर्विस तोड़ी और 25 वर्षीय खिलाड़ी के पहले सर्विस के 55% प्रतिशत का फायदा उठाते हुए मैच अपने नाम कर लिया। दूसरे वरीय, जिन्होंने पिछले महीने सिनसिनाटी में रिकॉर्ड-विस्तारित 39वां एटीपी मास्टर्स 1000 खिताब जीता था, ने दो घंटे और 34 मिनट के खेल में घातक सटीकता और गहराई के साथ शॉट लगाकर लगातार 10वीं जीत हासिल की। मैच के बाद एटीपी ने जोकोविच के हवाले से कहा, ₹मैं पसीने से भीग गया हूं और मैंने टेलर को कई बार अपनी शर्ट बदलते देखा। यह बहुत उमस भरी स्थिति थी। दोनों खिलाड़ियों के लिए खेलना मुश्किल है। लेकिन यह दोनों के लिए समान है। प्रयास करने और खुद को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की स्थिति में लाने के लिए ही हम प्रशिक्षण लेते हैं। मुझे यहां कोर्ट की ऊर्जा और माहौल पसंद है। मैं उस ऊर्जा पर निर्भर हूं, चाहे जो भी ऊर्जा हो, मैं इसे अपना सर्वश्रेष्ठ टेनिस खेलने के लिए ईंधन के रूप में उपयोग करता हूं। मैं इस कोर्ट पर कई वर्षों से खेल रहा हूं, इसलिए कई ऐतिहासिक मैच मैंने यहां जीते हैं। मैं अगले कुछ दिनों में दूसरे मैच का इंतजार नहीं कर सकता। सेमीफाइनल में जोकोविच का मुकाबला बेन शेल्टन से होगा। शेल्टन मंगलवार रात 30 साल में सबसे कम उम्र के अमेरिकी यूएस ओपन सेमीफाइनलिस्ट बन गए हैं। उन्होंने 10वीं वरीयता प्राप्त हमवतन फ्रांसिस टियाफो को 6-2, 3-6, 7-6(7), 6-2 से हरा दिया।

तीसरी जीत दर्ज करने के लिए ग्रीन पार्क स्टेडियम में उतरेगी लखनऊ फॉल्कंस

कानपुर (हि.स.)। हैट्रिक लगाने के लिए बुधवार को ग्रीन पार्क स्टेडियम के मैदान में लखनऊ फॉल्कंस टीम उतरेगी। उप्र टी 20 मुकाबले आठवें दिन आज नोएडा सुपर किंग्स व काशी रुद्रांश के बीच खेला जाएगा। बुधवार शाम को दूसरा मुकाबला लखनऊ फॉल्कंस और मेरठ मेवरिक्स के बीच होगा। गौरतलब है कि नोएडा का पहला मुकाबला 30 सितंबर को कानपुर सुपरस्टार से था। इसमें नोएडा के कप्तान नितीश राणा महेज चार रन ले सके। 01 अगस्त को नोएडा का मुकाबला गोरखपुर लॉयंस से हुआ। इसमें भी नितीश राणा को 04 रन पर संतोष करना पड़ा। 02 सितम्बर को मेरठ का मुकाबला लखनऊ से हुआ। इसमें नीतीश ने नाबाद 64 रनों की पारी खेली। नोएडा का चौथा मुकाबला 05 सितम्बर को मेरठ के साथ हुआ, जिसमें नितीश राणा बिना खाता खोले ही लौट गए। मेरठ मेवरिक्स का दूसरा मुकाबला बुधवार को लखनऊ फाल्कंस के साथ होगा। मेरठ ने अभी तक तीन मैचों में दो में जीत दर्ज की है। पहले मुकाबले में मेरठ ने काशी रुद्रांश को सुपर ओवर में हराया था। दूसरे मुकाबले में मेरठ को कानपुर से 07 विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। तीसरे मुकाबले में मेरठ ने नोएडा को 09 विकेट से हराकर जीत दर्ज की थी। वहीं, लखनऊ की टीम ने चार मैचों में तीन में जीत दर्ज की है। लखनऊ की टीम ने पहला मुकाबला गोरखपुर लॉयंस से सुपर ओवर में जीता था। दूसरे मुकाबले में लखनऊ को नोएडा से 08 विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। तीसरे मैच में लखनऊ ने कानपुर को दो विकेट से हराया था। चौथे मैच में लखनऊ ने काशी रुद्रांश को 05 विकेट से हराया था।

विश्व कप 2023 के लिए बांग्लादेश क्रिकेट टीम के निदेशक नियुक्त हुए खालिद महमूद

ढाका (हि.स.)। बांग्लादेश के पूर्व कप्तान और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के वर्तमान निदेशक खालिद महमूद को राष्ट्रीय चयन समिति द्वारा आईसीसी पुरुष विश्व कप 2023 के लिए 'टीम निदेशक' नियुक्त किया गया है। इससे पहले, महमूद ने जोर देकर कहा था कि वह टीम निदेशक के रूप में वापसी के लिए तैयार नहीं हैं, यह पद उन्होंने भारत के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के बाद छोड़ दिया था। हालांकि, महमूद ने मंगलवार को क्रिकबज से पुष्टि की कि वह इस भूमिका के लिए बीसीबी अध्यक्ष नजमुल हसन के प्रस्ताव को ना नहीं कह सकते। महमूद ने क्रिकबज से कहा, नजमुल भाई ने आज सुबह मुझे फोन किया और कहा कि वह विश्व कप के लिए टीम प्रबंधन सूची में मेरा नाम शामिल कर रहे हैं और मैं उन्हें ना नहीं कह सका। इससे पहले, महमूद राष्ट्रीय मुख्य कोच के रूप में अपने पहले कार्यकाल के दौरान बांग्लादेश के मुख्य कोच चंडिका हाथुरुसिंघा के टीम प्रबंधन का हिस्सा थे और दोनों के बीच अच्छे संबंध हैं। महमूद ने कहा कि वह इस बात को लेकर निश्चित नहीं हैं कि उन्हें चयन प्रक्रिया में शामिल किया जाएगा या नहीं, हालांकि 2021 में आईसीसी विश्व टी20 में टीम की हार के बाद जब उन्हें पिछली बार टीम निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया था तो उन्हें चयन बैठक में शामिल किया गया था। महमूद, जो पहले तकनीकी निदेशक के रूप में कार्यरत थे, ने पद से हटने का फैसला किया था क्योंकि मुख्य कोच रसेल डोमिंगो और टीम प्रबंधन के अन्य सदस्यों द्वारा तैयार किए गए चयन और योजना पर उनका कोई अधिकार नहीं था। बाद में वह टीम प्रबंधन का हिस्सा थे जिसे बीसीबी द्वारा विभाजित कोचिंग शुरू करने का निर्णय लेने के बाद सबसे छोटे प्रारूप में श्रीधरन श्रीराम द्वारा निर्देशित किया गया था, श्रीराम टी20ई की देखभाल करते थे जबकि डोमिंगो टेस्ट और एकदिवसीय क्रिकेटरों का प्रबंधन करते थे।

अंडर-23 एशियाई कप क्वालीफायर: मालदीव के देर से हटने के कारण भारत का पहला मैच रद्द

डालियान (हि.स.)। एएफसी अंडर-23 एशियन कप क्वालीफायर, ग्रुप जी में भारत का शुरूआती मुकाबला, जो बुधवार को खेला जाना था, मालदीव के टूर्नामेंट से आखिरी मिनट में हटने के बाद रद्द कर दिया गया है। अब ग्रुप जी में तीन टीमें ही रह गई हैं, जिसमें भारत, मेजबान चीन और संयुक्त अरब अमीरात शामिल है। भारत अब टूर्नामेंट का अपना पहला मैच 9 सितंबर को यहां डालियान सुओयुवान स्टेडियम में चीन पीआर के खिलाफ खेलेगा। मुख्य कोच क्लिफोर्ड मिरांडा ने कहा कि कार्यक्रम में बदलाव के बावजूद उनकी टीम का फोकस वही रहेगा। एआईएफएफ ने अपनी वेबसाइट में मिरांडा के हवाले से कहा, ह्लहमारे लिए कुछ भी नहीं बदलता; हमें वही चीजें करनी होंगी जो हम मालदीव के साथ करते। हमें अभी भी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना है और अपनी अधिकतम क्षमता से खेलना है।" चीजों के सकारात्मक पक्ष को देखते हुए, कोच मिरांडा चीन में कुछ अतिरिक्त दिनों के प्रशिक्षण से खुश थे। उन्होंने कहा, अच्छी बात यह है कि हमें पूरी टीम के रूप में एक साथ कुछ दिनों का प्रशिक्षण मिलता है। साथ ही, चीन की बेहद लंबी और थका देने वाली यात्रा के बाद लड़कों को शारीरिक और मानसिक रूप से आराम करने और स्वस्थ होने का समय मिलेगा। मालदीव के खिलाफ खेलने से हमें चीन और यूएई का सामना

भारतीय क्रिकेट टीम में कानपुर के चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव का हुआ चयन,प्रशंसकों में खुशी

कानपुर (हि.स.)। विश्वकप 2023 की भारतीय क्रिकेट टीम में कानपुर के चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव का चयन हुआ है। 15 सदस्यीय टीम में चयन होने से उनके परिवार के सदस्यों एवं प्रशंसकों में खुशी जताई है। बुधवार को कुलदीप के पिता राम सिंह, मां ऊषा देवी और बड़ी बहन मधु ने बताया कि औद्योगिक नगरी कानपुर

के साथ उत्तर प्रदेश का नाम होगा। इसके साथ ही कुलदीप के चयन पर जाजमऊ स्थित रोवर्स मैदान में प्रशिक्षु खिलाड़ियों ने जश्न मनाया। इसी मैदान में खेलकर कुलदीप ने भारतीय टीम का सफर तय किया है। उनके पिता ने कहा कि बेटे से फोन पर बात हुई है, हम सभी विश्व कप टीम में दूसरी बार चयन होने पर बहुत खुश हैं। गौरतलब है कि वर्तमान में कुलदीप यादव एशिया कप खेलने के लिए श्रीलंका में हैं। जैसे ही चयन की खबर आई, परिवार और शहर में उनके प्रशंसक खुशी से झूम उठे। कुलदीप के कोच कपिल देव पांडेय ने बताया कि पिछले विश्व कप में पाकिस्तान जैसी टीम के खिलाफ कुलदीप ने अहम मौकों पर खुद को साबित किया था। कुलदीप एशिया कप में अपनी तैयारी को अंतिम रूप दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि विश्व कप में कुलदीप की फिरकी बड़ी टीमों के सामने चुनौती बनेगी। वहीं, जाजमऊ स्थित रोवर्स मैदान में उनके नक्शेकदम पर तैयारी कर रहे प्रशिक्षु क्रिकेटरों ने कहा कि यह देश के साथ ही कानपुर शहर के लिए अहम बात है। कुलदीप भैया ने शहर का मान बढ़ाया है।

चाइना ओपन 2023: सात्विक-चिराग के शुरूआती दौर में हार के साथ ही भारतीय चुनौती समाप्त

नई दिल्ली (हि.स.)। राष्ट्रमंडल खेलों के पुरुष युगल चैंपियन सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को चीन ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट के शुरूआती दौर में बुधवार को चीन के चांगझू में इंडोनेशिया के मुहम्मद शोहिबुल फिकरी और मौलाना बागस की जोड़ी से तीन गेम में हार का सामना करना पड़ा।

विश्व में दूसरे नंबर की भारतीय जोड़ी दुनिया की 13वें नंबर की जोड़ी से एक घंटे आठ मिनट तक चले मुकाबले में 17-21, 21-11, 17-21 से हार का सामना करना पड़ा।

सिक्की रेड्डी और रोहन कपूर की भारतीय मिश्रित युगल जोड़ी भी पहले दौर में चेन तांग जी और तोह ई वेई की मलेशियाई जोड़ी से 15-21, 16-21 से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गई।

इसके साथ ही टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती भी समाप्त हो गई क्योंकि देश का कोई भी खिलाड़ी टूर्नामेंट

के दूसरे दौर में आगे नहीं बढ़ सका।

इस साल की शुरूआत में स्विस ओपन सुपर 300, कोरिया ओपन और इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 में सफलता के बाद एशियाई खेलों से ठीक पहले शुरूआती दौर में हार सात्विक और चिराग के लिए बहुत बड़ी निराशा होगी। इस साल यह दूसरी बार है जब इंडोनेशियाई खिलाड़ियों ने सात्विक-चिराग की जोड़ी को हराया है। उन्होंने जून में थाईलैंड ओपन के प्री-क्वार्टर फाइनल में भी भारतीय जोड़ी को हराया था।

मंगलवार को, विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता एचएस प्रणय भी मलेशिया के एनजी त्जे योंग (12-21, 21-13, 18-21) से तीन गेम में हारकर शुरूआती दौर में ही बाहर हो गए थे।

मौजूदा राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन लक्ष्य सेन भी पहले दौर में हाल के विश्व कांस्य पदक विजेता डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन से तीन गेम (21-23, 21-16, 9-21) से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे। शीर्ष वरीयता प्राप्त और तीन बार की विश्व चैंपियन जोड़ी चेन किंग चेन और यी फैन जिया ने गायत्री गोपीचंद और ट्रीसा जॉली की भारतीय जोड़ी को 46 मिनट तक चले मुकाबले में 18-21, 11-21 से हराया।

प्रियांशु राजावत को इंडोनेशियाई क्वालीफायर शेसार हिरेन रुस्तावितो ने 13-21, 24-26 से हराया, जबकि युगल जोड़ी एम. आर. अर्जुन और ध्रुव कपिला को जापान के सातवीं वरीयता प्राप्त केलिचिरो मात्सुई और योशिनोरी ताकेउची से 21-23, 19-21 से हार का सामना करना पड़ा।पीवी सिंधु और किदांबी श्रीकांत ने आगामी एशियाई खेलों को ध्यान में रखते हुए टूर्नामेंट से पहले ही नाम वापस ले लिया था।

एशिया कप सुपर 4 : भारत और पाकिस्तान 10 सितंबर को कोलंबो में फिर होंगे आमने-सामने

कोलंबो (हि.स.)। मौजूदा एशिया कप के सुपर 4 चरण आज से शुरू हो रहे हैं, जिसमें चार टीमें महाद्वीपीय टूर्नामेंट के अगले चरण के लिए आमने-सामने हैं। मंगलवार को अफगानिस्तान पर रोमांचक जीत के बाद, सह-मेजबान श्रीलंका ने टूर्नामेंट के सुपर 4 चरण में जोरदार तरीके से प्रवेश किया। चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान और भारत पहले ही ग्रुप ए से सुपर 4 चरण के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं, और अब ग्रुप बी से श्रीलंका और बांग्लादेश दो टीमें हैं जिन्होंने अन्य दो स्थान हासिल किए हैं। चार टीमें अब सुपर 4 चरण के दौरान तीन और मैच खेलेंगी ताकि यह निर्धारित किया जा सके कि 17 सितंबर को कोलंबो में होने वाले एकमात्र फाइनल में कौन सी दो टीमें पहुंचेंगी। सुपर 4 चरण की शुरूआत के लिए पाकिस्तान लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में बांग्लादेश की मेजबानी करेगा। इसके बाद बांग्लादेश 9 सितंबर को आर. प्रेमदासा स्टेडियम में श्रीलंका से भिड़ेगा। चिर प्रतिद्वंद्वी भारत और पाकिस्तान के बीच टूर्नामेंट का दूसरा मैच 10 सितंबर को कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में होगा, इससे पहले रोहित शर्मा की टीम दो दिन बाद 12 सितंबर को श्रीलंका से खेलने के लिए उसी स्थान पर लौटेगी। इसके बाद श्रीलंका 13 सितंबर को कोलंबो में एक महत्वपूर्ण मुकाबले में पाकिस्तान से भिड़ेगा। सुपर 4 चरण का आखिरी मैच 15 सितंबर को भारत और बांग्लादेश के बीच होगा।

सुपर 4 शेड्यूल:

6 सितंबर: पाकिस्तान बनाम बांग्लादेश, गद्दाफी स्टेडियम, लाहौर
9 सितंबर: श्रीलंका बनाम बांग्लादेश, आर प्रेमदासा स्टेडियम, कोलंबो,
10 सितंबर: पाकिस्तान बनाम भारत, आर प्रेमदासा स्टेडियम, कोलंबो
12 सितंबर: भारत बनाम श्रीलंका, आर प्रेमदासा स्टेडियम, कोलंबो
14 सितंबर: पाकिस्तान बनाम श्रीलंका, आर प्रेमदासा स्टेडियम, कोलंबो
15 सितंबर: भारत बनाम बांग्लादेश, आर प्रेमदासा स्टेडियम, कोलंबो

श्रीलंका के पूर्व क्रिकेटर सचित्रा सेनानायके को मैच फिक्सिंग के आरोप में किया गया गिरफ्तार

कोलंबो (हि.स.)। श्रीलंका के पूर्व क्रिकेटर सचित्रा सेनानायके को खेल मंत्रालय की विशेष जांच इकाई (एसआईयू) के सामने पेश होने के बाद मैच फिक्सिंग के आरोप में बुधवार को गिरफ्तार कर लिया गया। उसे बाद में दिन में अदालत में पेश किया जाएगा।

पिछले महीने, कोलंबो मजिस्ट्रेट ने 38 वर्षीय खिलाड़ी पर तीन महीने के लिए विदेश यात्रा पर प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया था। यह पूर्व क्रिकेटर के खिलाफ आपराधिक आरोप तय करने के लिए अटॉर्नी जनरल (एजी) द्वारा एसआईयू को दिए गए निर्देश पर था।

आरोपों के मुताबिक, सेनानायके ने कथित तौर पर 2020 में लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) के पहले संस्करण में मैच फिक्स करने के लिए दुबई से फोन पर दो क्रिकेटरों से संपर्क किया था।

पूर्व क्रिकेटर, जिन्होंने श्रीलंका के लिए 73 सफेद गेंद मैचों में 78 अंतरराष्ट्रीय विकेट लिए थे, ने सभी आरोपों से इनकार किया है और दावा किया है कि वे झूठे और निराधार थे।

सेनानायके द्वारा 2021 में अपनी गिरफ्तारी के खिलाफ कोलंबो मजिस्ट्रेट के समक्ष दायर अग्रिम जमानत को खारिज कर दिया गया था।

कुल छह सुपर फोर मैचों में से एक लाहौर में होगा जबकि बाकी पांच कोलंबो में होंगे।

मोहम्मद नबी ने पूरे किए 5,000 अंतरराष्ट्रीय रन, ऐसा करने वाले बने पहले अफगान खिलाड़ी

लाहौर (हि.स.)। अफगानिस्तान के ऑलराउंडर मोहम्मद नबी ने मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 5,000 रन पूरे कर लिए। इसी के साथ वह यह उपलब्धि हासिल करने वाले अफगानिस्तान के पहले खिलाड़ी बन गए। 38 वर्षीय नबी ने श्रीलंका के खिलाफ एशिया कप 2023 के ग्रुप स्टेज मुकाबले के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। श्रीलंका द्वारा दिये गए 292 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए, जिसे सुपर फोर चरण के लिए क्वालीफाई करने के लिए उन्हें 37.1 ओवर में हासिल करना था, नबी ने 32 गेंदों में 65 रन बनाए, जिसमें छह चौके और पांच छक्के शामिल थे। उनके रन 203.12 के स्ट्राइक रेट से आए। हालांकि नबी की यह पारी टीम के काम ना आ सकी और पूरी अफगानी टीम 37.4 ओवरों में 289 रनों पर ऑल आउट हो गई। नबी का 24 गेंदों में अर्धशतक, एकदिवसीय इतिहास में अफगानिस्तान के किसी खिलाड़ी द्वारा सबसे तेज अर्धशतक बन गया, जिसने मुजीब उर रहमान के पिछले महीने पाकिस्तान के खिलाफ 26 गेंदों में लगाए गए अर्धशतक के हालिया रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। अब 259 अंतरराष्ट्रीय मैचों में नबी ने 99.22 की स्ट्राइक रेट के साथ 24.56 की औसत से 5,011 रन बनाए हैं। उन्होंने 238 पारियों में एक शतक और 21 अर्द्धशतक बनाए हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 116 है। वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अफगानिस्तान के अग्रणी रन-स्कोरर हैं, उनके बाद मोहम्मद शहजाद (156 मैचों में 4,811) और असगर अफगान (195 मैचों में 4,246) हैं। तीन टेस्ट मैचों में उन्होंने 5.50 की औसत से 33 रन बनाए हैं और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 24 रहा है। 147 एकदिवसीय मैचों की 131 पारियों में उन्होंने 27.18 की औसत से 3,153 रन बनाए हैं, जिसमें एक शतक और 18 अर्द्धशतक शामिल हैं। वह रहमत शाह (97 मैचों में 3,269 रन) के बाद वनडे में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। उन्होंने 109 टी20ई भी खेले हैं, जिसमें 22.25 की औसत से 1,825 रन बनाए हैं, जिसमें 101 पारियों में पांच अर्द्धशतक शामिल हैं, 89 का सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। वह मोहम्मद शहजाद (2,015 रन) के बाद टी-20ई में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं।

आईसीसी विश्व कप के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम घोषित, सीन एबॉट को मिला मौका

मेलबर्न (हि.स.)। ऑस्ट्रेलिया ने आईसीसी विश्व कप 2023 के लिए बुधवार को 15 खिलाड़ियों की अस्थायी टीम की घोषणा की है। टीम में मार्नस लाबुशेन का जगह नहीं मिली है, जबकि चोटिल खिलाड़ी पैट कमिंस, स्टीवन स्मिथ, मिशेल स्टार्क और ग्लेन मैक्सवेल को शामिल किया गया है। वहीं, सीन एबॉट ने विश्व कप टीम में पहली बार जगह बनाई है। जोश इंगलिस को बैकअप विकेटकीपर और अतिरिक्त बल्लेबाजी विकल्प के रूप में शामिल किया गया है। टीम में 28 सितंबर तक संशोधन किया जा सकता है जिसके बाद आईसीसी की मंजूरी की आवश्यकता होगी।

इस महीने की शुरूआत में दक्षिण अफ्रीका और भारत दौरों के लिए चुने गए मूल 18-खिलाड़ियों के समूह में से एलिस, आरोन हार्डी और तनवीर संघा तीन ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्हें अंतिम टीम में जगह नहीं मिली है।

विश्व कप के लिए ऑस्ट्रेलिया की तैयारी पहली पसंद के खिलाड़ियों के कई चोटों के कारण कुछ हद तक अव्यवस्थित हो गई है। कमिंस और स्मिथ दोनों को एशेज के दौरान कलाई में चोट लग गई, जिससे वे दक्षिण अफ्रीका में एकदिवसीय श्रृंखला से बाहर हो गए, जबकि स्टार्क को कमर की समस्या के कारण बाहर कर दिया गया है।

इस बीच, मैक्सवेल, जो अपने पहले बच्चे के जन्म के कारण दक्षिण अफ्रीका के एकदिवसीय मैचों से बाहर रहने वाले थे, अपने टखने में तकलीफ के कारण जल्दी घर लौट आए और विश्व कप से पहले सावधानी बरतने की

संभावना है।

राष्ट्रीय चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने कहा, आने वाले हफ्तों में सभी बड़े खिलाड़ी वापस आने और संभावित रूप से भारत के खिलाफ आगामी श्रृंखला में चयन के लिए अच्छी स्थिति में हैं। अंतिम टीम घोषित होने से पहले दक्षिण अफ्रीका और भारत में अभी भी आठ एक दिवसीय मैच खेले जाने बाकी हैं। उनके बाद दो विश्व कप अभ्यास मैच होंगे, जो टूर्नामेंट के लिए तैयारी जारी रखने का भरपूर अवसर प्रदान करते हैं।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज में प्रभावित करने के बाद लेगस्पिनर सांघा ने पिछले हफ्ते सबका ध्यान अपनी ओर खींचा था, जहां एडम जाम्पा के बीमार होने पर उन्हें आखिरी मिनट में डेब्यू के लिए बुलाया गया था। हालाँकि, चयनकताओं ने टीम में दो फ्रंटलाइन स्पिनरों - जाम्पा और एश्टन एगर - को मैक्सवेल और ट्रैविस हेड के पूरक के रूप में चुना है।

आने वाले हफ्तों में चयनकताओं को जो प्रमुख निर्णय लेने होंगे उनमें से एक यह है कि बल्लेबाजी की शुरूआत कौन करेगा। मिशेल मार्श की टी20 फॉर्म और मार्च में भारत के खिलाफ उनके प्रदर्शन ने उन्हें शीर्ष क्रम पर बनाए रखने का मजबूत दावा पेश किया है, जबकि हेड वनडे में वापसी के बाद से शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं।

वार्नर इस साल की शुरूआत में भारत श्रृंखला के पहले दो मैचों में नहीं खेल पाए थे और जब वह लौटे तो हेड और मार्श के साथ ओपनिंग करते हुए नंबर 4 पर आ गए। संभावना है कि स्मिथ नंबर 3 पर अपना स्थान बरकरार रखेंगे।

ऑस्ट्रेलिया अपने विश्व कप अभियान की शुरूआत 8 अक्टूबर को चेन्नई में भारत के खिलाफ करेगा।

ऑस्ट्रेलिया की वनडे विश्व कप टीम इस प्रकार है- पैट कमिंस (कप्तान), सीन एबॉट, एश्टन एगर, एलेक्स कैरी, कैमरून ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंगलिस, मिशेल मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, स्टीव स्मिथ, मिशेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, डेविड वार्नर, एडम जाम्पा।

खेलो एमपी यूथ गेम्स में विभिन्न चरणों में 12 से 28 सितम्बर तक होंगी खेल प्रतियोगिताएं

भोपाल (हि.स.)। प्रदेश में खेलों के प्रति युवाओं को जागरूक करने, खेल को सर्व सुलभ बनाने, ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्रों के प्रतिभावान खिलाड़ियों की पहचान और उन्हें खेलों की तकनीकी पद्धति से प्रशिक्षण प्रदान करने के लिये प्रदेश में कई अभिनव पहल किये जा रहे है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में पहली बार हुए खेलों इण्डिया यूथ गेम्स की सफलता के बाद घोषणा की थी कि ₹खेलो इण्डिया यूथ गेम्स₹ की तर्ज पर मध्यप्रदेश में ₹खेलो एमपी यूथ गेम्स₹ का आयोजन भी किया जाएगा। इस कड़ी में 12 से 28 सितम्बर तक प्रदेश में विभिन्न चरणों में खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

जनसंपर्क अधिकारी बिन्दु सुनील ने बुधवार को जानकारी दी कि खेलो एमपी यूथ गेम्स का आयोजन प्रदेश के सभी 52 जिलों के 313 विकासखण्डों में किया जाएगा। यूथ गेम्स 4 चरणों, ब्लॉक, जिला, संभाग एवं राज्य स्तर पर किया जाएगा। ब्लॉकस्तरीय चयन स्पर्धा 12 से 14 सितंबर के मध्य किया जाएगा। जिलास्तरीय प्रतियोगिता 16 से 18 सितंबर, संभागस्तरीय 20 से 23 सितंबर तथा राज्यस्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन 24 से 28 सितंबर तक किया जाएगा। राज्यस्तर पर प्रदेश के 8 संभाग भोपाल, ग्वालियर, इंदौर, जबलपुर, रीवा, सागर, उज्जैन एवं शहडोल की टीमें सहभागिता करेंगी। 24 खेलों में राज्यस्तरीय प्रतियोगिताएँ प्रदेश के 7 शहर भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, शिवपुरी, उज्जैन, रीवा एवं जबलपुर में किये जाएंगे।

उन्होंने बताया कि जिला एवं संभाग स्तर पर प्रदेश में प्रचलित 18 खेल एथलेटिक्स, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, बॉक्सिंग, फुटबॉल, हॉकी, जूडो, कबड्डी, खो-खो, मलखम्ब, तैराकी, वेटलिफ्टिंग, कुश्ती, टेबिल टेनिस, योगासन, वॉलीबॉल, टेनिस और शतरंज का आयोजन किया जाएगा।

राज्यस्तर पर 6 खेल ताइक्वांडो, फैंसिंग, रोइंग, क्याकिंग-कनोइंग, शूटिंग एवं आर्चरी जैसे खेलों का आयोजन किया जाएगा। राज्यस्तर पर एथलेटिक्स, शूटिंग प्रतियोगिताएँ स्पोर्टस कॉम्पलेक्स शिवपुरी में होंगी। भोपाल के टी.टी. नगर स्टेडियम में बॉक्सिंग, ताक्वांडो, जूडो, फैंसिंग, टेनिस, फुटबॉल, वॉलीबॉल, कुश्ती, शतरंज प्रतियोगिताएँ होंगी। भोपाल की बड़ी झील में क्वाकिंग-कनोइंग और रोइंग तथा प्रकाश तरण पुष्कर में तैराकी प्रतियोगिता की जाएंगी। इंदौर के बॉस्केटबॉल काम्प्लेक्स में बास्केटबॉल और वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिताएँ तथा एमरॉल्ड हाइट्स स्कूल में टेबल टेनिस के मुकाबले होंगे। ग्वालियर में मध्यप्रदेश बेडमिंटन अकादमी बेडमिंटन और मध्यप्रदेश महिला हॉकी अकादमी कम्पू ग्वालियर में हॉकी की प्रतियोगिताएँ होंगी। स्पोर्टस कॉम्पलेक्स उज्जैन में मलखम्ब और योगासन, जबलपुर के रानीताल स्पोर्टस कॉम्प्लेक्स में खो-खो एवं तीरंदाजी तथा स्पोर्टस कॉम्प्लेक्स रीवा में कबड्डी के मुकाबले खेले जाएंगे।

जी-20 बैठक के लिए उत्तराखंड के केदारनाथ में बंद की गईं हेली सेवाएं : आईजी गढ़वाल

देहरादून (हि.स.)। राजधानी दिल्ली में होने जा रही जी-20 बैठक को लेकर भारत सरकार ने बड़ी तैयारी की है। दिल्ली को जहां कड़े सुरक्षा घेरे के बीच रखा गया है वहीं इसका असर केदारनाथ धाम में भी देखा जा रहा है। धाम में उड़ने वाले तमाम हेली सर्विस सेवाओं को फिलहाल 7 सितंबर से लेकर 11 सितंबर तक पूरी तरह से बंद कर दिया है। दरअसल भारत सरकार ने केदारनाथ में उड़ने वाली तमाम हेलीकॉप्टर सर्विस को दिल्ली जी-20 बैठक के लिए बुक कर लिया है। मौजूदा समय में लगभग 8 हेलीकॉप्टर कंपनियां केदारनाथ में अपनी सर्विस दे रही हैं। ऐसे में मेहमानों के आने-जाने और मेहमानों की संख्या को देखते हुए केदारनाथ की तमाम हेली सर्विस सेवाओं को दिल्ली में लगाया गया है। ऐसे में चीनी यात्रियों ने केदारनाथ धाम जाने के लिए हेलीकॉप्टर की टिकट बुक करवाई थी। उन्हें 11 के बाद ही केदारनाथ धाम में हेलीकॉप्टर से यात्रा करने की अनुमति मिलेगी। ऐसे में पैदल यात्रा सुचारु रूप से जारी रहेगी। आईजी गढ़वाल करण सिंह नाग्याल बताया कि जी-20 बैठक के लिए यह फैसला लिया गया है। ऐसे में तमाम हेलीकॉप्टर दिल्ली में रहेंगे। गढ़वाल डीआईजी का कहना है कि ऐसे में संभावना यही है कि केदारनाथ जाने वाले श्रद्धालुओं की संख्या पैदल मार्ग पर अधिक होगी। इसलिए उन्होंने तमाम हेली कंपनियों को भी निर्देशित किया है कि जो लोग कल हेली सर्विस की वजह से केदारनाथ या अन्य हेलीपैड पर पहुंचेंगे, उन्हें किसी न किसी तरह से संदेश भेजा जाए। आईजी गढ़वाल ने बताया कि अब हेलीकॉप्टर सर्विस सेवा 11 सितंबर को शुरू होगी।

वायुसेना की मेजबानी में हिंडन एयरबेस पर 25-26 को होगा स्वदेशी ड्रोन का प्रदर्शन

नई दिल्ली (हि.स.)। रूस और यूक्रेन युद्ध के बाद दुनिया के कई देशों ने ड्रोन की अहमियत समझी है और पिछले कुछ सालों से इसकी लोकप्रियता पूरे विश्व में तेजी से बढ़ी है। भारत समेत कई देश खुद ड्रोन बनाना शुरू कर चुके हैं, जिससे देश की ताकत बढ़ेगी। भारत के सैन्य क्षेत्र में ड्रोन तकनीक ने क्रांति ला दी है। भारत का ड्रोन उद्योग 25-26 सितंबर को वायु सेना के हिंडन एयरबेस पर लाइव हवाई प्रदर्शन करेगा। भारतीय सशस्त्र बल खुफिया निगरानी और टोही कार्यों के लिए बड़े पैमाने पर दूर से संचालित विमान का उपयोग करते हैं। इधर, दो साल के भीतर भारत में भी ड्रोन का इस्तेमाल और विकास क्षमताओं में इसका विश्वास मेहर बाबा स्वार्म ड्रोन प्रतियोगिता जैसी पहलों से पैदा हुआ है। इस प्रतियोगिता का नाम दिवंगत एयर कमोडोर मेहर सिंह के सम्मान में रखा गया था। स्वदेशी क्षमता का इस्तेमाल करके इस प्रतियोगिता के तीसरे चरण की तैयारियां भी चल रही हैं। सबसे पहले अक्टूबर 2018 में लॉन्च की गई मेहर बाबा स्वार्म ड्रोन चुनौती का उद्देश्य आपदा राहत कार्यों की प्रतिक्रिया सहित विभिन्न डोमेन के उपयोग के लिए स्वार्म ड्रोन के विकास को प्रोत्साहित करना था। स्वार्म ड्रोन-आधारित प्रणाली विकसित करने को लेकर स्टेट-अप्स के लिए 'मेहर बाबा' स्वार्म ड्रोन प्रतियोगिता का दूसरा संस्करण 6 अप्रैल 2022 को लॉन्च किया गया था। इन मानवरहित प्लेटफार्मों का उपयोग करने में अपने समृद्ध अनुभव का फायदा उठाने के लिए वायुसेना ह्यभारत ड्रोन शक्ति 2023 की सह-मेजबानी ड्रोन फेडरेशन ऑफ इंडिया के साथ साझेदारी कर रही है। वायुसेना के विंग कमांडर आशीष मोघे के मुताबिक 25 और 26 सितंबर को यह कार्यक्रम वायु सेना के हिंडन (गाजियाबाद) एयरबेस पर आयोजित किया जाएगा, जहां भारतीय ड्रोन उद्योग लाइव हवाई प्रदर्शन करेगा। इसमें भारतीय ड्रोन उद्योग की पूरी क्षमता के साथ 50 से अधिक लाइव हवाई प्रदर्शन करेगा, जिसमें सर्वेक्षण ड्रोन, कृषि ड्रोन, आग दमन ड्रोन, सामरिक निगरानी ड्रोन, हेवी-लिफ्ट लॉजिस्टिक्स ड्रोन, लोटरिंग मूनिशन सिस्टम प्रदर्शित होंगे। विंग कमांडर मोघे के मुताबिक इस कार्यक्रम में केंद्र सरकार, राज्य विभागों, सार्वजनिक और निजी उद्योगों, सशस्त्र बलों, अर्धसैनिक बलों, मित्र देशों के प्रतिनिधियों, शिक्षाविदों, छात्रों और ड्रोन उत्साही लोगों सहित लगभग 5,000 लोगों के आने की उम्मीद है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि 'भारत ड्रोन शक्ति' 2030 तक वैश्विक ड्रोन हब बनने की भारत की प्रतिबद्धता को बढ़ावा देगा।

भारत बनाम इंडिया' के मसले पर हस्तक्षेप करे सुप्रीम कोर्टः मायावती

लखनऊ (हि.स.)। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने बुधवार को कहा कि 'भारत बनाम इंडिया' के मसले पर सुप्रीम कोर्ट को हस्तक्षेप करना चाहिए। मायावती ने आरोप लगाया कि यह सबकुछ सत्तापक्ष और विपक्ष की मिलीभगत का नतीजा है। मायावती ने पत्रकार वार्ता में कहा कि भारत अर्थात इंडिया देश का चिर-परिचित एवं गरिमामय संवैधानिक नाम है। बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के इस पवित्र संविधान से अपने देश के सभी जाति एवं धर्मों के लोगों का बेहद लगाव है। इसके साथ बदलाव अथवा छेड़छाड़ करना उचित और न्यायसंगत नहीं है। इस मामले में हमारी पार्टी का यह मानना है कि यह घोर अनुचित है। उन्होंने आरोप लगाया कि देश के नाम को लेकर भाजपा-नीत राजग सरकार को यह मौका खुद विपक्ष ने सोची-समझी रणनीति के तहत अपने गठबंधन का नाम 'आईएनडीआईए' रखकर दिया है। यह सबकुछ सत्तापक्ष व विपक्ष की मिलीभगत से हो रहा है। मायावती ने कहा कि बसपा की मांग है कि सुप्रीम कोर्ट को खुद इसका संज्ञान लेकर यहां ऐसे सभी संगठनों, पार्टियों व गठबंधनों आदि पर तुरंत रोक लगाना चाहिए, जो विशेषकर अपने देश के नाम पर बने हैं। वर्ना फिर अपने देश की गरिमा को भी काफी ठेस पहुंचेगी।

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री धामी बोले, विपक्ष को भारत नाम से आपत्ति क्यों है?

देहरादून (हि.स.)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इंडिया बनाम भारत पर भारत के विरुद्ध शब्दजाल बुनने पर विपक्ष को आड़े हाथों लिया है। मुख्यमंत्री ने इंडिया बनाम भारत पर मचे भारत पर विपक्ष पर जमकर निशाना साधा।बुधवार को विधानसभा में मुख्यमंत्री धामी ने स्पष्ट कहा कि विपक्ष को भारत शब्द से परेशानी क्या है? उन्होंने कहा कि हम सभी बचपन से भारत माता की जय ही कहते आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष के जो बयान आ रहे हैं वो बताते हैं कि सनातन धर्म के प्रति उनकी क्या सोच है? उन्होंने सोनिया गांधी और राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि गठबंधन में शामिल तमाम बड़े नेताओं के बयानबाजी के बावजूद सोनिया और राहुल गांधी का मौन रहना, इस बयान का समर्थन करता है। उन्होंने कहा कि भारत ही सही शब्द है। राष्ट्रपति का भारत शब्द का प्रयोग किया जाना सर्वथा उचित है। जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान राष्ट्रपति की ओर से दिए जाने वाले रात्रिभोज के निमंत्रण पत्र में प्रेसिडेंट ऑफ भारत लिखे जाने पर राजनीतिक ह्यमहाभारतह्न छिड़ गई है। इसको लेकर विपक्ष ने आरोप लगाया है कि केंद्र सरकार देश के दोनों नामों इंडिया और भारत में से इंडिया को बदलना चाहती है।

भारत मंडपम में नटराज की मूर्ति भारत की सदियों पुरानी कलात्मकता और परंपराओं का प्रमाण होगीः प्रधानमंत्री

नई दिल्ली (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि भारत मंडपम में भव्य नटराज प्रतिमा भारत के समृद्ध इतिहास और संस्कृति के पहलुओं को जीवंत करती है। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आईजीएनसीए) द्वारा एक्स पर साझा एक पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, भारत मंडपम में भव्य नटराज प्रतिमा हमारे समृद्ध इतिहास और संस्कृति के पहलुओं को जीवंत करती है। जैसे ही दुनिया जी20 शिखर सम्मेलन के लिए एकत्रित होगी, यह भारत की सदियों पुरानी कलात्मकता और परंपराओं के प्रमाण के रूप में खड़ा होगा।'' आईजीएनसीए ने एक्स पोस्ट में कहा कि भारत मंडपम में अष्टधातु से बनी नटराज की मूर्ति स्थापित है। 27 फीट ऊंची, 18 टन वजनी यह मूर्ति अष्टधातु से बनी सबसे ऊंची मूर्ति है और इसे तमिलनाडु के स्वामी मलाई के प्रसिद्ध मूर्तिकार राधाकृष्णन स्थापति और उनकी टीम ने रिकॉर्ड 7 महीने में तैयार किया है। चोल साम्राज्य काल से ही राधाकृष्णन की 34 पीढ़ियाँ मूर्तियाँ बना रही हैं। ब्रह्मांडीय ऊर्जा, रचनात्मकता और शक्ति का महत्वपूर्ण प्रतीक नटराज की यह प्रतिमा जी20 शिखर सम्मेलन में आकर्षण बनने जा रही है। यह प्रतिष्ठित परियोजना संस्कृति मंत्रालय की टीम आईजीएनसीए द्वारा संचालित की जाती है।

अब दाल कारोबारियों को मसूर के स्टॉक की नियमित जानकारी देनी होगी

नई दिल्ली (हि.स.)। केंद्र सरकार ने दालों की कीमतों पर नियंत्रण के लिए सख्त कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। सरकार ने तत्काल प्रभाव से दाल कारोबारियों के लिए मसूर की (दाल) के स्टॉक की नियमित जानकारी देना अनिवार्य कर दिया है। उपभोक्ता मामलों के विभाग ने बुधवार को जारी एक एडवाइजरी में तत्काल प्रभाव से दाल कारोबारियों और आयातकों के लिए मसूर की (दाल) के स्टॉक की नियमित घोषणा सरकारी पोर्टल https://fciweb.nic.in/psp पर करना अनिवार्य कर दिया है। यह निर्देश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। सरकार ने इससे पहले जून में अरहर और उड़द के दाल पर स्टॉक लिमिट लगाने की घोषणा की थी।



विभाग के मुताबिक सभी हितधारकों को शुक्रवार को मसूर (दाल) के स्टॉक की घोषणा करनी होगी। यदि कोई भी अघोषित स्टॉक पाया जाता है, तो उसे जमाखोरी माना जाएगा और ईसी अधिनियम के तहत उचित कार्रवाई शुरू की जाएगी। सरकार ने यह कदम उन खबरों के बाद उठाया है, जिसके मुताबिक कई आयातक मसूर की दाल का स्टॉक कर रहे हैं। इससे दालों की कमी होने की आशंका बन गई है।

इसके अलावा उपभोक्ता मामले विभाग के सचिव रोहित कुमार सिंह ने साप्ताहिक मूल्य समीक्षा बैठक के दौरान विभाग को मसूर की बफर खरीद को व्यापक बनाने का निर्देश दिया है। इसका उद्देश्य एमएसपी के आसपास कीमतों पर उपलब्ध स्टॉक की खरीद करना है। मंत्रालय के मुताबिक सरकार घटनाक्रम पर करीब से नजर रख रही है, ताकि त्योहारी सीजन में उचित कीमतों पर सभी दालों की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके।

क्रिप्टो करेंसी मार्केट : बिटकॉइन फिसला, आभासी मुद्रा की मार्केट खरीदारी घटकर 48.21 प्रतिशत हुई

लगातार चौथे दिन मजबूती के साथ बंद हुआ बाजार, निवेशकों को 72 हजार करोड़ का मुनाफा

आखिरी आधे घंटे की लिवाली से घरेलू शेयर बाजार में आई तेजी

सेंसेक्स 0.15 प्रतिशत और निफ्टी 0.18 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद

नई दिल्ली (हि.स.)। दिन भर उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बाद घरेलू शेयर बाजार बुधवार को लगातार चौथे दिन मामूली बढ़त के साथ बंद हुआ। बाजार ने आज सपाट स्तर पर मिली जुली शुरूआत की थी। लिवालों और बिकवालों के बीच एक दूसरे पर हावी होने की कोशिश की वजह से बाजार की चाल में आज दिन भर उतार-चढ़ाव बना रहा। आखिरी आधे घंटे के कारोबार के दौरान हुई जोरदार खरीदारी की वजह से सेंसेक्स और निफ्टी हरे निशान में बंद हुए। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.15 प्रतिशत और निफ्टी 0.18 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुए।

कारोबार के दौरान टेलीकम्युनिकेशंस, ऑयल एंड गैस, एफएमसीजी और फार्मास्यूटिकल सेक्टर के शेयरों में जोरदार खरीददारी होती रही। एफएमसीजी इंडेक्स 1 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह ऑयल ऐंड गैस तथा फार्मास्यूटिकल इंडेक्स 0.5 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुए। दूसरी ओर, मेटल, रियल्टी और बैंकिंग सेक्टर के शेयरों में गिरावट का रुख बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में भी आज सुस्त कारोबार होता नजर आया, बीएसई का मिडकैप इंडेक्स आज 0.13 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुआ। दूसरी ओर स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.04 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार का अंत किया।

बाजार में आई तेजी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब 72 हजार करोड़ रुपये का इजाफा हो गया। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 317.36 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 316.64 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को कारोबार से करीब 72 हजार करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।

दिन भर के कारोबार में बीएसई में 3,791 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,956 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। 1,689 शेयरों में गिरावट का रुख रहा और 146 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में 2,049 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,025 शेयर मुनाफा कमाकर हरे निशान में और 1,024 शेयर नुकसान उठाकर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 14 शेयर बढ़त के साथ और 16 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 29 शेयर हरे निशान में और 21 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

बीएसई का सेंसेक्स 36.07 अंक की कमजोरी के साथ 65,744.19 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही लिवालों और बिकवालों के बीच खींचतान शुरू हो गई, जिसकी वजह से इस सूचकांक की चाल में लगातार उतार-चढ़ाव बना रहा। दोपहर 2 बजे तक बाजार पर बिकवाली का जोर अधिक रहा, जिसके कारण ये सूचकांक 292.23 अंक टूट कर 65,488.03 अंक के स्तर पर पहुंच गया। इसके बाद बाजार में खरीदारी का जोर बनना शुरू हो गया, जिससे इस सूचकांक की चाल भी सुधरने लगी।

कारोबार के आखिरी आधे घंटे के दौरान खरीदारों ने पूरा जोर लगा दिया, जिसकी वजह से सेंसेक्स निचले स्तर से 480 अंक से भी ज्यादा की रिकवरी करके 190.87 अंक की बढ़त के साथ 65,971.13 अंक के स्तर पर पहुंच गया। पूरे दिन की खरीद बिक्री के बाद सेंसेक्स 100.26 अंक की मजबूती के साथ 65,880.52 अंक के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के विपरीत एनएसई के निफ्टी ने 6.30 अंक की मामूली मजबूती के साथ 19,581.20 अंक के स्तर पर कारोबार की शुरूआत की।

बाजार खुलते ही निफ्टी की चाल में भी उतार-चढ़ाव शुरू हो गया। लगातार हो रही बिकवाली के दबाव के कारण दोपहर 2 बजे तक ये सूचकांक 83.40 अंक की कमजोरी के साथ 19,491.50 अंक तक लुढ़क गया। हालांकि, इसके बाद खरीदारी के सपोर्ट से इस सूचकांक ने भी रिकवरी शुरू कर दी। शाम 3 बजे के करीब जोरदार खरीदारी होने के कारण ये सूचकांक निचले स्तर से 140 अंक से भी अधिक की छलांग लगा कर 61.55 अंक की मजबूती के साथ 19,636.45 अंक के स्तर पर पहुंच गया। पूरे दिन की खरीद-बिक्री के बाद निफ्टी ने 36.15 अंक की बढ़त के साथ 19,611.05 अंक के स्तर पर कारोबार का अंत किया।

दिन भर हुई खरीद बिक्री के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स 3.85 प्रतिशत, डिवीज लेबोरेट्रीज 1.80 प्रतिशत, भारती एयरटेल 1.66 प्रतिशत, सिप्ला 1.44 प्रतिशत और एचडीएफसी बैंक 1.31 प्रतिशत की मजबूती के साथ टॉप 5 गेनर्स की सूची में शामिल हुए। दूसरी ओर, एक्सिस बैंक 1.67 प्रतिशत, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज 1.64 प्रतिशत, टाटा स्टील 1.59 प्रतिशत, एनटीपीसी 1.15 प्रतिशत और आईसीआईसीआई बैंक 1.13 प्रतिशत की गिरावट के साथ आज के टॉप 5 लूजर्स की सूची में शामिल हुए।

इंडिगो ने यात्रियों को जी-20 के दौरान उड़ानें रद्द होने की जानकारी दी

नई दिल्ली (हि.स.)। इंडिगो ने यात्रियों को जी-20 शिखर सम्मेलन के मद्देनजर राजधानी दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआई) पर उड़ानें रद्द होने के बारे में सूचित कर दिया है। एयरलाइन ने बुधवार को यह जानकारी दी है। इंडिगो ने यहां जारी एक बयान में बताया कि नई दिल्ली में आयोजित होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन के मद्देनजर इंडिगो 8 से 11 सितंबर, 2023 के बीच दिल्ली से यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए एक बार की छूट की पेशकश कर रहा है। कंपनी ने कहा कि ग्राहकों को पैसे वापस लेने के साथ ही उड़ानें पुनर्निर्धारित या रद्द करने का विकल्प दिया जा रहा है। एयरलाइन ने जी-20 शिखर सम्मेलन के मद्देनजर यात्रियों को उड़ान रद्द होने और समय-सारणी में बदलाव के बारे में पहले से ही सूचित कर दिया है। हालांकि, इसमें उन उड़ानों की संख्या की जानकारी नहीं दी है, जिनके प्रभावित होने की आशंका है। गौरतलब है कि जी-20 शिखर सम्मेलन नौ और 10 सितंबर को राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित किया जाएगा।

शेयर बाजार की कमजोर शुरूआत, दबाव में कारोबार कर रहे सेंसेक्स और निफ्टी

नई दिल्ली (हि.स.)। कमजोर ग्लोबल संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजार में भी दबाव बना हुआ है। बाजार ने सपाट स्तर पर मिली जुली शुरूआत की थी। कारोबार की शुरूआत से ही लिवालों और बिकवालों के बीच लगातार खींचतान होने लगी, जिससे शेयर बाजार की चाल में भी लगातार उतार-चढ़ाव होता रहा। पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.04 प्रतिशत और निफ्टी 0.01 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरूआती एक घंटे के कारोबार के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से सिप्ला, डिवीज लेबोरेट्रीज, एचडीएफसी लाइफ, ओएनजीसी और एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के शेयर 1.65 प्रतिशत से लेकर 0.94 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, टाटा स्टील, एनटीपीसी, इंडसइंड बैंक और ग्रासिम इंडस्ट्रीज के शेयर 1.70 प्रतिशत से लेकर 0.75 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 1,920 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,189 शेयर मुनाफा कमाकर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 731 शेयर नुकसान उठाकर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 10 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 20 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 24 शेयर हरे निशान में और 26 शेयर लाल निशान में कारोबार करते दिख रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स 36.07 अंक की कमजोरी के साथ 65,744.19 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही लिवालों और बिकवालों के बीच एक दूसरे पर हावी होने की होड़ शुरू हो जाने के कारण इस सूचकांक की चाल में उतार-चढ़ाव की स्थिति बन गई। खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक 65,870.70 अंक तक उछला। वहीं बिकवाली का दबाव बनने पर इसने 65,707.41 अंक तक गोता भी लगा दिया। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 23.09 अंक की कमजोरी के साथ 65,757.17 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

क्रिप्टो करेंसी मार्केट : बिटकॉइन फिसला, आभासी मुद्रा की मार्केट खरीदारी घटकर 48.21 प्रतिशत हुई

नई दिल्ली (हि.स.)। क्रिप्टो करेंसी मार्केट में आज एक बार फिर सुस्ती का माहौल बना हुआ नजर आ रहा है। मार्केट कैप के लिहाज से टॉप-10 में शामिल क्रिप्टो करेंसीज में से 5 मामूली बढ़त के साथ और 5 मामूली गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रही हैं। दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन में भी आज एक बार फिर गिरावट का रुख बना हुआ है। टॉप 10 में शामिल क्रिप्टो करेंसीज में से सिर्फ सोलाना और ट्रॉन में आज 1 प्रतिशत से अधिक की हलचल दर्ज की गई है। भारत में क्रिप्टो करेंसी का कारोबार करने के लिए अधिकृत एजेंसी कॉइन मार्केट कैप के मुताबिक भारतीय समय के हिसाब से आज शाम 5 बजे तक बिटकॉइन 0.03 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,725.36 डॉलर यानी 21.38 लाख रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था। दूसरी ओर, दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी एथेरियम की कीमत 0.01 प्रतिशत की मजबूती के साथ बढ़ कर 1,631.71 डॉलर के स्तर पर आ गई थी। एथेरियम के अलावा टेथर 0.02 प्रतिशत, सोलाना 1.29 प्रतिशत, यूएसडी कॉइन 0.01 प्रतिशत और ट्रॉन 1.02 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर, बीएनबी 0.16 प्रतिशत, एक्सआरपी 0.42 प्रतिशत, डोजेकॉइन 0.01 प्रतिशत और कार्डानो 0.15 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे। कॉइन मार्केट कैप से मिली जानकारी के मुताबिक पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी के ग्लोबल मार्केट कैप में 0.09 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। फिलहाल क्रिप्टो करेंसी का ग्लोबल मार्केट कैप घट कर 1.039 लाख करोड़ डॉलर यानी करीब 86.44 लाख करोड़ रुपये रह गया है। ग्लोबल मार्केट कैप में गिरावट आने के साथ ही पिछले 24 घंटे के दौरान क्रिप्टो करेंसीज के लेन-देन में भी गिरावट दर्ज की गई है। इस अवधि में कुल 2,347 करोड़ डॉलर यानी 1.95 लाख करोड़ रुपये की क्रिप्टो करेंसी की लेन-देन हुई, जो 1 दिन पहले की तुलना में 4.52 प्रतिशत कम है। पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी मार्केट में बिटकॉइन की स्थिति भी 0.01 प्रतिशत कमजोर हुई है, जिसके कारण इस आभासी मुद्रा की मार्केट खरीदारी घटकर 48.21 प्रतिशत हो गई है।

कच्चा तेल 91 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

नई दिल्ली (हि.स.)। सऊदी अरब के क्रूड ऑयल के उत्पादन में दिसंबर तक कटौती के फैसले की खबर के बाद अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में जबरदस्त उछाल हुआ है। ब्रेंट क्रूड का भाव 91 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 87 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल के भाव में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक बुधवार को राजधानी दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये, डीजल 89.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये, डीजल 94.27 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये, डीजल 92.76 रुपये , चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के तीसरे दिन शुरूआती कारोबार में ब्रेंट क्रूड 0.14 डॉलर यानी 0.16 फीसदी की उछाल के साथ 90.18 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.12 डॉलर यानी 0.14 फीसदी की बढ़त के साथ 86.81 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

बांग्लादेश में श्रद्धा और भक्ति से मनाया जा रहा जन्माष्टमी का त्योहार

ढाका/कोलकाता (हि.स.)। भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का त्योहार जन्माष्टमी पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ बांग्लादेश में भी धूमधाम से मनाया जा रहा है। यहां अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय ने हर जिले में भगवान कृष्ण के मंदिरों और घरों में धार्मिक उत्सव का आयोजन किया है। सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने के लिए अतिरिक्त संख्या में जगह-जगह पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। वैदिक रीति-रिवाज के मुताबिक रात 12 बजे श्रीकृष्ण के जन्म का उत्सव मनाया जाता है, जिसके लिए सारा दिन तैयारी होती है। भारत की तरह बांग्लादेश में भी युवतियां उपवास करती हैं और रात 12 बजे श्रीकृष्ण जन्म का उत्सव मनाएंगी। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना और राष्ट्रपति मोहम्मद शाहबुद्दीन ने अलग-अलग माइक्रो ब्लॉगिंग संदेशों में इस उत्सव की शुभकामनाएं दी हैं। इसके साथ ही बांग्लादेश की सरकार ने आज सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की है। द्वापर युग में भाद्र माह के शुक्ल पक्ष को जन्मे भगवान कृष्णा की लीला को लेकर भी कई कार्यक्रम बांग्लादेश के समाचार चैनलों और रेडियो पर हो रहे हैं। विभिन्न समाचार पत्रों में भगवान कृष्ण को लेकर विशेष लेख भी प्रकाशित किए गए हैं।

ग्लोबल मार्केट से कमजोर संकेत, एशियाई बाजारों पर भी दबाव

नई दिल्ली (हि.स.)। ग्लोबल मार्केट से निगेटिव संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान लगातार दबाव बना रहा। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी आज गिरावट के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार भी पिछले कारोबारी सत्र के दौरान कमजोरी के साथ बंद हुए। इसी तरह एशियाई बाजार पर भी सुबह से ही दबाव बना हुआ है। अमेरिका में ब्याज दरों को लेकर बनी असमंजस की स्थिति की वजह से वॉल स्ट्रीट में निराशा का माहौल बना हुआ है। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स 0.02 प्रतिशत के गिरावट के साथ 34,635.25 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसके पहले एसएंडपी 500 इंडेक्स ने 0.42 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 4,496.83 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया था। इसी तरह नैस्डेक 0.08 प्रतिशत टूट कर 14,020.95 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। यूरोपीय बाजार भी पिछले सत्र के दौरान दबाव में कारोबार करके बंद हुए। एफटीएसई इंडेक्स 0.20 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 7,437.93 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएससी इंडेक्स ने 0.34 प्रतिशत टूट कर 7,254.72 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 0.34 प्रतिशत की गिरावट के साथ 15,771.71 अंक के स्तर पर बंद हुआ। एशियाई बाजारों पर भी लगातार दबाव बना हुआ है। एशिया के 9 बाजारों में से 3 के सूचकांक बढ़त के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि 6 सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में बने हुए हैं। निक्केई इंडेक्स 233.23 अंक यानी 0.71 प्रतिशत की मजबूती के साथ 33,269.99 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

डॉ. कोठारी ने देश की जनता को आह्वान किया कि हम किसी भी भाषा के लिखने और बोलने में भारत शब्द का ही प्रयोग अतिशीघ्रता से प्रारम्भ करें।

नई दिल्ली (हि.स.)। केन्द्र सरकार हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में औद्योगिक विकास से जुड़ी केंद्रीय योजना के तहत 1164.53 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि जारी करेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने पहाड़ी राज्यों में औद्योगिक विकास योजना 2017 के तहत अतिरिक्त फंड जारी किए जाने को मंजूरी प्रदान की। इससे 2028-29 तक केन्द्र की प्रतिबद्धता से जुड़ी देनदारी पूरी होगी।

गुरुग्राम में जी-20 की चौथी शेरपा बैठक : देसी गीतों पर खूब थिरके विदेशी मेहमान

जी-20 समिट की चौथी शेरपा बैठक में सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समां

विदेशी मेहमानों ने हरियाणा की समृद्ध पारंपरिक विरासत को समझा

नूंह/गुरुग्राम (हि.स.)। जी-20 समिट की चौथी शेरपा बैठक के बाद विदेशी प्रतिनिधियों ने हरियाणा की समृद्ध परंपरा व विरासत के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद उठाया। भले ही वे हरियाणवी बोली को समझ ना पाए हों, लेकिन उनका रिएक्शन बता रहा था कि हरियाणवी पारंपरिक गीतों की धुन, डांस उन्हें खूब पसंद आ रहा है। वे धुनों पर अपने आप को थिरकने से भी नहीं रोक पाए। हरियाणवीं कलाकारों के साथ विदेशी मेहमानों ने जमकर डांस किया।

हरियाणा सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग की ओर से आयोजित इस सांस्कृतिक संध्या में जब 110 कलाकारों ने बारी-बारी से नॉन स्टॉप प्रस्तुति दी तो विदेशी डेलीगेट मंत्रमुग्ध हो गए। भारत के जी-20 शेरपा अमिताभ कांत ने सांस्कृतिक टीमों की परफॉर्मेंस की सराहना की। इस तरह के वैश्विक मंच पर अपनी प्रस्तुति देना हरियाणा के कलाकारों को भी गर्व और गौरव की अनुभूति करा रहा था।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में देसी धुन और गीतों पर मेहमानों ने तालियों की गडगड़ाहट से हरियाणवी पारंपरिक वेशभूषा में प्रस्तुति दे रहे कलाकारों की हौसला अफजाई की। साथ ही उन्होंने हरियाणा सरकार के परंपरा और संस्कृति को संरक्षित रखने की प्रतिबद्धता की सराहना भी की। कलाकारों ने देसी धुनों पर हरियाणवी तीज त्यौहारों की परंपरा से जुड़े गीत सुनाकर दर्शकों में सावन की मस्ती का अहसास कराया। वहीं पनिहारी, खोडिया व रशिया के रश घोलकर माहौल को खुशनुमा कर दिया।

गीतों के बोल से हरियाणा के गौरवशाली अतीत को दशार्या

सांस्कृतिक संध्या में हरियाणा के कई पारंपरिक गीतों के बोल सुनने को मिले। इसमें पुरातनता और आधुनिकता का सामंजस्य देखने को मिला। इसमें हरियाणा के गौरवशाली अतीत को दशार्या गया। हरियाणा की वैदिक भूमि भारतीय संस्कृति और सभ्यता के उद्गम स्थल के रूप में जानी जाती है। पृथ्वी पर हरि (ईश्वर) का निवास कहे जाने वाले हरियाणा के इतिहास को कलाकारों ने अनोखे अंदाज में प्रस्तुत किया। राज्य पारंपरिक गीतों को आधुनिकता के साथ स्टेज पर पेश करके परंपरा और प्रगति की तस्वीर पेश की।

पुंछ की नियंत्रण रेखा के निकट संदिग्ध हलचल देखने के बाद सुरक्षा बलों ने शुरू किया तलाशी अभियान

पुंछ (हि.स.)। जम्मू संभाग के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा के निकट संदिग्ध हलचल देखने के बाद सुरक्षा बलों ने बुधवार को तलाशी अभियान शुरू किया है। अधिकारियों ने कहा कि सावजियां सेक्टर में बुधवार सुबह सुरक्षा बलों ने सीमा पार से इस ओर घुसने का प्रयास कर रहे संदिग्ध आतंकवादियों के एक समूह की गतिविधि देखी है, जिसके बाद व्यापक रूप से तलाशी अभियान चलाया गया है। फिलहाल सुरक्षा बलों का अभी तक किसी आतंकी से सामना नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अतिरिक्त सुरक्षा बलों को भेजा गया है।

गाजियाबाद से लुधियाना के बीच फ्लाइट को वीके सिंह ने दिखाई हरी झंडी

गाजियाबाद (हि.स.)। केंद्रीय राज्यमंत्री वीके सिंह ने बुधवार को गाजियाबाद के हिंडन सिविल टर्मिनल से लुधियाना की फ्लाइट को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस फ्लाइट में भारत की पहली 19-सीटर डीएचसी-400 ट्विन ओटर वाणिज्यिक सेवा शामिल है। इस अवसर पर वीके सिंह ने कहा कि यह आयोजन हवाई कनेक्टिविटी में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर दशार्ता है, जो उड़ान 4.2 लघु विमान योजना (एसएएस) के माध्यम से संभव हुआ है। अब इस उड़ान का लाभ गाजियाबाद व सभी क्षेत्रीय लोगों को मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में हिंडन एयरपोर्ट से अनेकों राज्यों में उड़ान शुरू होगी ताकि दिल्ली के स्थान पर हिंडन एयरपोर्ट का उपयोग कर सकेंगे। इस उड़ान का उद्घाटन हमारे देश की कनेक्टिविटी को मजबूत करने, आर्थिक विकास को बढ़ावा देने और हमारे विमानन उद्योग को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। वीके सिंह ने यह भी बताया कि पूर्व में भी जिन-जिन जगहों के लिए फ्लाइट हिंडन टर्मिनल से उड़ान भर रही थी। टेक्निकल इशू के चलते उनको रोक दिया गया था। जल्द ही दोबारा उन सभी जगहों के लिए भी उड़ान भरी जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लिए सबसे अहम इलाहाबाद और उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के लिए भी फ्लाइट हिंडन टर्मिनल से जल्द ही उड़ान भरेगी।

मुआवजे के लिए आत्महत्या करते हैं किसानः शिवानंद पाटिल

बेंगलुरु (हि.स.)। कर्नाटक के कपड़ा एवं कृषि व्यापार मंत्री शिवानंद पाटिल ने बुधवार को कहा कि किसान बढ़े हुए मुआवजे की मांग के लिए आत्महत्या कर रहे हैं। उनके इस बयान से कर्नाटक के साथ-साथ पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र के किसानों में भारी असंतोष पैदा हो गया है। यह पहली बार नहीं है जब कांग्रेस नेता शिवानंद पाटिल ने किसानों को लेकर ऐसी अनर्गल टिप्पणी की है। इससे पूर्व 2015 में उन्होंने कर्नाटक में किसानों का मुआवजा दो लाख से बढ़ाकर पांच लाख रुपये करने पर भी ऐसा ही बयान दिया था। वह हमेशा किसानों की आत्महत्या के बारे में असंवेदनशील बातें करते रहे हैं। इस बार भी उन्होंने आत्महत्या का ठीकरा किसानों पर फोड़ा है। बतौर पाटिल कर्नाटक में सरकार ने किसानों को मिलने वाले मुआवजे की राशि बार-बार बढ़ाई है, जिससे किसान आत्महत्याओं में वृद्धि हुई है। पाटिल ने एक बार फिर कहा है कि किसान बढ़े हुए मुआवजे के लिए आत्महत्या कर रहे हैं। जैसे ही उन्हें इस बात का एहसास हुआ कि बेतुके बयान की वजह से विवाद पैदा हो गया है तो उन्होंने इस पर सफाई भी दी। पाटिल ने कहा कि हम किसानों को दोष नहीं देना चाहते, लेकिन मीडिया हमेशा पुलिस एफआईआर से किसानों की आत्महत्या की खबरें देता है। उन्हें फॉरेंसिक लैब की रिपोर्ट का इंतजार करना चाहिए क्योंकि इससे किसान की मौत का सही कारण पता चल पाएगा। मंत्री पटिल ने एक आश्चर्यजनक दावा किया कि अधिकांश किसानों की मृत्यु हृदय रोग या अन्य चिकित्सीय कारणों से होती है।

सनातन का विरोध करने वाले लोग इतिहास के कूड़ेदान में पाए जाते हैं'

नई दिल्ली (हि.स.)। विश्व हिंदू परिषद और अखाड़ा परिषद ने कांग्रेस, माकपा और द्रमुक नेताओं की ओर से सनातन धर्म के विरोध में अभद्र भाषा प्रयोग करने पर चिंता जाहिर की है। उनका कहना है कि यह राजनीतिक स्वार्थ के तहत समाज को बांटने और विभिन्न वर्गों में एक दूसरे के प्रति घृणा और शत्रुता बढ़ाने का बेईमान प्रयास है। साथ ही यह स्वस्थ लोकतंत्र और संविधान पर विश्वास रखने वाले लोगों के लिए एक चुनौती है। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र महाराज, अखिल भारतीय संत समिति के महामंत्री स्वामी जितेंद्रानंद सरस्वती तथा विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय कार्याध्यक्ष आलोक कुमार ने आज एक संयुक्त वक्तव्य जारी किया। उन्होंने कहा कि यह एक बीमार मानसिकता है कि अल्पसंख्यक वोटों के लिए बहुसंख्यक धार्मिक समुदाय की आस्था को चोट करके उसके प्रति घृणा और अविश्वास का वातावरण पैदा करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म प्रत्येक जीव के अंदर विराजमान ईश्वर के दर्शन करता है। यह मनुष्य मात्र की दिव्यता और समानता में विश्वास रखता है। सब के सुख की कामना करता है। 800 सालों तक मुगलों के आक्रमण और अत्याचार 200 सालों तक अंग्रेजों के शासन और मिशनरी प्रयासों के बावजूद भारत का बहुसंख्यक समाज सनातन धर्म पर विश्वास रखता है। इसका विरोध करने वाले लोग इतिहास के कूड़ेदान में पाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु हमेशा से सनातन संस्कृति का ध्वजवाहक रहा है। तमिलनाडु की धर्म प्राण जनता रामेश्वरम, माता मीनाक्षी, दुर्गा, लक्ष्मी, गणेश, मुरूगन, राम और कृष्ण की हमेशा से आराधक है। हजारों वर्ष पुराने मंदिर सनातन के प्रति तमिलनाडु की सनातन भक्ति के प्रतीक हैं। आलवारों, नायनमारो, संत तिरुवल्लुवर और अंडाल आदि महान संतों की अमर वाणी तमिलनाडु की धर्म प्राण जनता का ही नहीं करोड़ सनातनियों का चिरकाल से मार्गदर्शन करती रही है। यह हमारी साझी विरासत है। इन धार्मिक नेताओं ने कहा कि आज आवश्यकता है कि इस साझी विरासत को मजबूत करें। परस्पर एकता बढ़ाने वाले बिन्दुओं को ढूँढें। समाज की एकात्मता को मजबूत करें। भारत की पवित्र आध्यात्मिक थाती का विश्व में प्रसार कर सबके लिए सुख और शांति का मार्ग प्रशस्त करें।

जी20: दिल्ली मेट्रो 8 से 10 सितंबर तक सुबह 4 बजे से चलेगी

नई दिल्ली (हि.स.)। दिल्ली मेट्रो ने जी20 शिखर सम्मेलन के लिए विशेष व्यवस्था की है। जी-20 शिखर सम्मेलन के मद्देनजर आठ, नौ और 10 सितंबर को मेट्रो नेटवर्क की सभी लाइनों के टर्मिनल स्टेशनों से सुबह 4.00 बजे से शुरू होंगी। सभी लाइनों पर 6:00 बजे तक हर आधे घंटे में मेट्रो ट्रेन सेवा उपलब्ध होगी। इसके बाद मेट्रो ट्रेनें सामान्य तौर पर चलेंगी। सभी मेट्रो स्टेशन लोगों के लिए खुले रहेंगे। केवल सुप्रीम कोर्ट मेट्रो स्टेशन पर प्रवेश और निकासी बंद रहेगी। इसके अलावा नई दिल्ली जिले के मेट्रो स्टेशनों पर 9 और 10 सितंबर को सुरक्षा एजेंसियों के निर्देश पर वीवीआईपी मूवमेंट के लिए थोड़े समय तक प्रवेश और निकासी बंद रहेगी। सभी मेट्रो स्टेशन पर पार्किंग की सुविधा उपलब्ध होगी। केवल तीन मेट्रो स्टेशन सुप्रीम कोर्ट, पटेल चौक और रामकृष्ण मार्ग पर पार्किंग की सुविधा 8 सितंबर सुबह 4:00 बजे से 11 सितंबर दोपहर 12 बजे तक बंद रहेगी। दिल्ली मेट्रो ने जी20 शिखर सम्मेलन को देखते हुए राष्ट्रीय राजधानी में लोगों से सुरक्षा बलों और मेट्रो स्टाफ को सहयोग देने की अपील की है। लोग उनके निदेर्शों का पालन करें और किसी भी अफवाह का शिकार ना बनें। अधिक जानकारी के लिए मेट्रो के सोशल मीडिया हैंडल पर जानकारी के लिए जुड़े रहें।

भारत इंडिया विवाद को लेकर थरूर ने सत्ता पक्ष पर उठाए सवाल

नई दिल्ली (हि.स.)। भारत इंडिया विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। कांग्रेस सहित अनेक विपक्षी दल सरकार पर अनेक आरोप लगा रहे हैं। विपक्ष का तर्क है कि मोदी सरकार इंडिया गठबंधन से डरी हुई है। इसलिए सरकार अब इंडिया कहने की बजाय भारत कहना शुरू कर रही है। इसी क्रम में कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने भी सरकार की आलोचना की है। थरूर ने बुधवार को ट्वीट कर कहा कि विपक्ष खुद को अलायंस फॉर बेटरमेंट, हार्मनी एंड रिस्पॉन्सिबल एडवांसमेंट फॉर टुमॉरो (भारत) कहने लगे तो शायद सत्ता पक्ष नाम बदलने की कोशिश छोड़ दे। थरूर ने एक अन्य बयान के माध्यम से भी सत्ता पक्ष पर हमला किया। उन्होंने कहा कि इंडिया शब्द को लेकर पाकिस्तान से संस्थापक मोहम्मद अली जिन्ना ने भी आपत्ति जताई थी। अब सत्ता पक्ष भी उसी रास्ते पर है। उल्लेखनीय है कि जी-20 से संबंधित एक पत्र मंगलवार को राष्ट्रपति ने जारी किया। जिसमें उन्होंने ह्यप्रेसीडेंट ऑफ भारत (भारत के राष्ट्रपति) के तौर पर संबोधित किया। इसको लेकर विपक्ष ने विवाद खड़ा कर दिया। विपक्ष का कहना है कि इंडिया गठबंधन से सरकार डर गई है। इस लिए इंडिया नाम से परहेज कर रही है।

कई जरूरतों के लिए नेपाल भारत पर निर्भर : परमानंद झा

श्रीगंगानगर (हि.स.)। नेपाल के पूर्व उपराष्ट्रपति परमानंद झा ने बुधवार को कहा कि मोदी सरकार में दोनों देशों के संबंध मजबूत हुए हैं क्योंकि मोदी ने नेपाल से किसी भी वस्तु पर रोक नहीं लगाई है। झा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बारे में कहा कि वे नेपाल और नेपालियों के अच्छे मित्र हैं। भारत नेपाल का एक अच्छा पड़ोसी है और कई जरूरतों के लिए नेपाल भारत पर निर्भर है। झा ने यह बात सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत में कही।

भारत दौरे के बारे में झा ने कहा कि जब मन करता है भारत आ जाते हैं। भारत नेपाल अंतरराष्ट्रीय समरसता मंच के पदाधिकारियों से मेरे अच्छे संबंध हैं और इस मंच से मैं भी जुड़ा हुआ हूं। मोदी युग पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि उपराष्ट्रपति रहते उन्होंने कई बार

भारत के प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की। मोदी का रवैया हमेशा नेपाल के प्रति सकारात्मक रहा है। वह इसे अच्छा मानते हैं। चीन के कारण भारत-नेपाल के रिश्ते प्रभावित हुए हैं, के सवाल पर झा ने कहा कि भारत-नेपाल के अपने संबंध हैं और नेपाल-चीन के अपने संबंध हैं।

भाजपा नेता रजत स्वामी ने बताया कि परमानंद झा आज पेट्रोल पंप व्यवसायी सुभाष स्वामी के पारिवारिक कार्यक्रम में भाग लेने श्रीगंगानगर आए हैं। शाम पांच बजे केंद्रीय बस स्टैंड के पास स्वामी समाज सभा में उनका अभिनंदन समारोह होगा।

चीन के कारण भारत-नेपाल के रिश्ते प्रभावित हुए हैं, के सवाल पर झा ने कहा कि भारत-नेपाल के अपने संबंध हैं और नेपाल-चीन के अपने संबंध है

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में अन्नदाता ही नहीं, ऊर्जा दाता भी बन रहा किसानः केन्द्रीय मंत्री गडकरी

भोपाल (हि.स.)। केंद्रीय सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश का किसान अन्नदाता ही नहीं, ऊजार्दाता भी बन रहा है। हमने पहली बार किसानों द्वारा तैयार किए बायो इथेनॉल का उपयोग वाहनों में किया है। गांव समृद्ध और संपन्न होना चाहिए, स्मार्ट सिटी की तरह स्मार्ट गांव बनना चाहिए। मुझे गर्व है कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री शिवराज ने मप्र में 44 लाख पीएम आवास देकर गरीबों का जीवन बदला है। मोदी के नेतृत्व में 24 घंटे बिजली, अच्छी सड़क, पेयजल की सुविधाएं देशवासियों को मिल रही हैं। किसान केवल अन्नदाता नहीं ऊर्जा दाता भी बने, हमारा ये संकल्प प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पूरा हो रहा है।

केन्द्रीय मंत्री गडकरी बुधवार को मध्य प्रदेश के प्रवास के दौरान खंडवा से भाजपा की पांचवीं जन आशीर्वाद यात्रा के शुभारम्भ अवसर पर आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने मुख्यमंत्री चौहान समेत अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ जन आशीर्वाद यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री शिवराज की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि विकास का पावर स्टेशन अगर मध्य प्रदेश बना है तो इसका श्रेय शिवराज सिंह को जाता है। अभी तो विकास का ट्रेलर है, सही फिल्म शुरू होना बाकी है। गडकरी ने कहा कि गाँव, गरीब और किसान का कल्याण करना ही भाजपा सरकार का संकल्प है। मैं मुख्यमंत्री चौहान को धन्यवाद दूँगा कि मध्य प्रदेश को लगातार सात बार कृषि कर्मण पुरस्कार मिला है। एक समय मध्य प्रदेश की चर्चा बीमारू राज्य के रूप में होती थी, आज विकसित प्रदेश के रूप में होती है। मध्य प्रदेश कृषि के क्षेत्र में देश में अव्वल है। उन्होंने कहा कि ये जन आशीर्वाद यात्रा मध्य प्रदेश का भविष्य बदलने और किसानों को समृद्ध बनाने के लिए आपका आशीर्वाद लेने आई है। जन आशीर्वाद यात्रा रवाना करने के बाद केंद्रीय मंत्री गडकरी और मुख्यमंत्री चौहान ने नगर निगम, बांबे बाजार, घंटाघर होते हुए केवलराम चौराहे तक रोड शो किया। इसके बाद ओंकारेश्वर के लिए रवाना हुए। इससे पहले गडकरी ने अपनी धर्मपत्नी के साथ श्री दादाजी मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की। उन्होंने यहां धूनी माई के कुंड में आहुति दी। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा भी साथ रहे। सभा में मुख्यमंत्री चौहान ने अपने संबोधन में सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया। वे बोले कि आचार संहिता से पहले सर्वे करवाकर जिन लोगों के पास मकान नहीं हैं उन्हें मकान दिए जाएंगे। आवास योजना लागू करेंगे। उन्होंने कहा कि खंडवा जिले के लोगों के त्याग से बांध बने। आज देश का इकलौता जिला खंडवा है, जहां पानी, कोयला और सोलर से बिजली बन रही है।

एसपीजी के निदेशक अरुण कुमार सिन्हा का निधन

नई दिल्ली (हि.स.)। प्रधानमंत्री की सुरक्षा में लगे विशेष सुरक्षा दस्ते (एसपीजी) के निदेशक अरुण कुमार सिन्हा का 61 वर्ष की आयु में बुधवार को गुड़गांव के मेदांता अस्पताल में निधन हो गया। वे कुछ दिन पहले लीवर से जुड़ी समस्या के चलते अस्पताल में भर्ती हुए थे। इसी साल 30 मई को सेवानिवृत्ति होने के ठीक एक दिन पहले सिंह को एक साल का सेवा विस्तार दिया गया था। उन्होंने 2016 में एसपीजी

एनआईए ने उप्र के पांच शहरों में माओवादियों के आठ ठिकानों पर की छापेमारी

नई दिल्ली (हि.स.)। माओवादी विचारधारा को शहरी इलाके में फैलाने और देश की चुनी हुई सरकार के खिलाफ साजिश रचने के इनपुट को आधार बनाकर एनआईए ने उत्तर प्रदेश के पांच जिलों के आठ ठिकानों पर छापेमारी कर एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। इस कार्रवाई के दौरान तीन लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में भी लिया लेकिन बाद में छोड़ दिया और दोबारा पूछताछ के लिए भी बुलाया है। इसके साथ ही एनआईए ने बड़े पैमाने पर सुबूत भी इकट्ठा किए हैं। यह छापेमारी मंगलवार को गई।

नक्सलियों की बढ़ती सक्रियता पर रोक लगाने के उद्देश्य से एनआईए ने सीपीआई (माओवादी) के पांच शहरों उत्तर प्रदेश के प्रयागराज, वाराणसी, चंदौली, आजमगढ़ और देवरिया के आठ ठिकानों पर छापेमारी की है। इसके साथ ही एनआईए ने भारत सरकार के खिलाफ युद्ध की साजिश, आपराधिक षड्यंत्र व यूएपीए एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। इनके पास से एक मोबाइल, दो लैपटॉप, मेमोरी कार्ड, पेन ड्राइव, कंपैक्ट डिस्क, मोबाइल सिम, पंपलेट, माओवादी से संबंधित पुस्तकें, पाकेट डायरी, रसीद बुक व कागजात जब्त किए हैं।

एनआईए टीम को जांच में पता चला है कि आतंक और भय का माहौल पैदा करने के लिए संगठन को खड़ा किया जा रहा है। इसके लिए युवाओं की भर्ती की जा रही है और प्रमोद मिश्र इस माओवादी कैडर को मजबूत करने के उद्देश्य से काम कर रहे हैं। इस मामले में बिहार पुलिस ने एक माह पहले रोहित विद्यार्थी को गिरफ्तार किया था, जो रितेश विद्यार्थी का भाई है, जिसकी पत्नी का नाम इसी मामले में दर्ज है। रोहित विद्यार्थी से पूछताछ के बाद बिहार पुलिस ने उत्तरी भारत क्षेत्र के प्रभारी माओवादी सदस्य

प्रमोद मिश्रा का गिरफ्तार किया। इनकी गिरफ्तारी के साथ पुलिस ने गोला बारूद और हथियार बनाने वाली फैक्टरी को सीज किया। जहां पर देशी हथियार बनाने का काम हो रहा था। एनआईए की टीम ने युद्ध की साजिश, आपराधिक षड्यंत्र व यूएपीए एक्ट की धाराओं के तहत जिन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है, उसमें मनीष आजाद और रितेश विद्यार्थी के साथ इनके सहयोगी विश्वविजय, सीमा आजाद, अमिता सरीन, कृपा शंकर, सोनी आजाद, आकांक्षा आजाद और राजेश आजाद का नाम है।

राष्ट्रीय स्वच्छ वायु दिवस कार्यक्रम गुरुवार को भोपाल में, पुरस्कृत होंगे स्वच्छ वायु सर्वेक्षण के विजेता शहर

भोपाल (हि.स.)। केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की उपस्थिति में गुरुवार, 07 सितम्बर को सुबह 11 बजे भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में अंतरराष्ट्रीय स्वच्छ वायु दिवस-2023 (इंटरनेशनल-डे ऑफ क्लीन एयर फॉर ब्ल्यू स्काईज) के राष्ट्रीय कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। टूगेदर फॉर क्लीन एयर पर केन्द्रित कार्यक्रम में केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री अश्विनी कुमार चौबे, प्रदेश के पर्यावरण मंत्री हरदीप सिंह डंग, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह विशिष्ट अतिथि होंगे। यह पहला मौका है कि इंटरनेशनल-डे ऑफ क्लीन एयर फॉर ब्ल्यू स्काईज" का राष्ट्रीय कार्यक्रम दिल्ली से बाहर किसी राज्य में किया जा रहा है।

पर्यावरण विभाग के प्रमुख सचिव गुलशन बामरा ने बुधवार को बताया कि राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम में शहरों द्वारा वायु प्रदूषण

कम करने के उत्तम प्रयासों के सार-संग्रह का विमोचन भी होगा। इससे अन्य शहरों द्वारा स्वच्छ वायु की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को गति मिलेगी।

उन्होंने बताया कि केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा मध्य प्रदेश पर्यावरण विभाग के सहयोग से भोपाल में होने वाले स्वच्छ वायु दिवस राष्ट्रीय कार्यक्रम में स्वच्छ वायु सर्वेक्षण-2023 में प्रथम तीन स्थान पाने वाले शहरों को भी पुरस्कृत किया जाएगा। मध्यप्रदेश ने इसमें विशेष सफलता हासिल की है। दस लाख से अधिक आबादी वाले शहरों की श्रेणी में इंदौर ने प्रथम और भोपाल ने पांचवां स्थान, जबलपुर ने 13वां और ग्वालियर ने 41वाँ स्थान प्राप्त किया है। तीन से 10 लाख तक शहरों की श्रेणी में सागर को देश में 10वां और तीन लाख से कम आबादी वाले शहरों में देवास को 6वाँ स्थान मिला है।

बामरा ने बताया कि स्वच्छ वायु सर्वेक्षण 2023 में 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों की श्रेणी में इंदौर को प्रथम, आगरा द्वितीय, ठाणे तृतीय, तीन से 10 लाख आबादी श्रेणी में अमरावती प्रथम, मुरादाबाद द्वितीय, गुंटूर तृतीय और तीन लाख से कम आबादी की श्रेणी में परवानू प्रथम, काला अंब द्वितीय और अंगुल तृतीय रहे हैं। कार्यक्रम में नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम की सफलता की कहानियों और मिशन लाइफ पर आधारित लघु फिल्मों का प्रदर्शन भी होगा। इस अवसर पर लगायी जाने वाली प्रदर्शनी में मिशन लाइफ, गौ-काष्ठ, अपशिष्ट प्रबंधन, कार्बन कैप्चर, प्रदूषण नियंत्रण के उपाय, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन, क्लीन एयर प्रोजेक्ट, सेल्फी कियोस्क, सीमेंट उद्योग में प्रदूषण नियंत्रण, भीमा बाँस रोपण आदि स्टॉल होंगे।

मप्रः साढ़े पांच करोड़ मतदाता चुनेंगे नई सरकार, 4 अक्टूबर को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन

भोपाल (हि.स.)। मध्य प्रदेश में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव में साढ़े पांच करोड़ से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। आगामी 4 अक्टूबर को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। इससे पहले 11 सितंबर तक मतदाता सूची में नाम जुड़वाया जा सकता है। इस बार महिला मतदान बढ़ाने पर फोकस किया जाएगा। करीब 50 फीसदी से ज्यादा पोलिंग बूथ पर वेब कास्टिंग की जाएगी। 5000 पोलिंग बूथ महिलाओं द्वारा मैनेज किए जाएंगे। यहां सुरक्षाकर्मी भी महिलाएं ही रहेंगी। वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगों को घर से वोटिंग की सुविधा मिलेगी। ऐप के जरिए बूथ पर अनियमितताओं की शिकायत की जा सकेगी। यह जानकारी देश के मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में आयोजित पत्रकार वार्ता में दी। दरअसल, मप्र विधानसभा चुनाव की तैयारियों का जायजा लेने के लिए मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार की अगुआई में केंद्रीय निर्वाचन दल तीन दिवसीय दौरे पर भोपाल आया है। केन्द्रीय निर्वाचन दल ने 4 सितंबर से 6 सितंबर तक प्रदेश में रहकर चुनाव की तैयारियों का जायजा लिया और निर्वाचन दल प्रदेश में आगामी चुनाव के निर्वाचन के दिशा निदेर्शों के अनुरूप शांतिपूर्ण चुनाव के लिए कानून व्यवस्था की समीक्षा की। दौरे के अंतिम दिन बुधवार को मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने पत्रकारवार्ता को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान और तेलंगाना में राज्य सरकार का कार्यकाल समाप्त होने के ठीक पहले चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न हो जाएगी। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने प्रदेश के सभी मतदाताओं से आगामी चुनाव में ज्यादा से ज्यादा मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि बीते दो दिनों में हमने विभिन्न राजनीतिक दलों, कानून व्यवस्था से जुड़ी एजेंसियों और जिलाधिकारियों, कमिश्नर, आइजी, एसपी आदि के साथ बैठक कर चुनाव तैयारियों की समीक्षा की। प्रदेश शासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ भी बैठक की। उन्होंने बताया कि प्रदेश में कुल 5.52 करोड़ मतदाता हैं, जिसमें 2.67 करोड़ महिला मतदाता हैं। ट्रांसजेंडर वोटर्स की संख्या 1336 है। प्रदेश में 7.12 लाख मतदाताओं की उम्र 80 साल या इससे अधिक है। वहीं 6,180 मतदाता ऐसे हैं, जिनकी उम्र 100 साल से ऊपर हैं, जबकि 18.86 लाख वोटर 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग के हैं और पहली बार मताधिकार का प्रयोग करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रदेश में फिलहाल मतदाता सूची में संशोधन का काम चल रहा है। 4 अक्टूबर को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा। मतदाता सूची से किसी भी मतदाता का नाम तभी विलोपित किया जाएगा, जब फार्म 07 मिलेगा। बीएलओ के मैदानी सत्यापन के बगैर कोई भी स्वःसंज्ञेय विलोपन नहीं होगा। यहां तक कि किसी की मृत्यु होने की स्थिति में डेथ सर्टिफिकेट के बगैर मतदाता का नाम नहीं काटा जाएगा। जिस किसी को भी वोटर लिस्ट से शिकायत है या नाम जुड़वाना चाहते हैं, तो उनके लिए अभी भी समय है। वे आएं और यदि उनकी कोई शिकायत है तो उसकी भी सुनवाई की जाएगी। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने बताया कि प्रदेश की 230 विधानसभा क्षेत्रों में असिस्टेंट इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिस (एईआरओ) युवाओं के लिए नियुक्त किए गए हैं।

ट्रक ने मैजिक वाहन को मारी टक्कर, सात की मौत व पांच घायल

तिनसुकिया (असम) (हि.स.)। काकपथार के बरदिराक तिनिआली में मंगलवार की रात ट्रक और मैजिक वाहन की भीषण टक्कर में सात लोगों की मौत हो गई है। यह सभी दुमदुमा के साप्ताहिक बाजार से डिराक सोनजान लौट रहे थे। दुर्घटना में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया गया कि मंगलवार की रात दुमदुमा के साप्ताहिक बाजार से 12 लोग एक मैजिक वाहन से डिराक सोनजान लौट रहे थे। बरदिराक तिनिआली में उनके मैजिक वाहन को ट्रक ने टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में मैजिक वाहन सवार सात लोगों की मौत हो गई। मृतकों में से अब तक छह लोगों की पहचान हो चुकी है। मृतकों की पहचान पबेन मरान (ड्राइवर), बिनीता (बिली) बरुवा, रीना गोगोई, मिहिधिर नेओग, कुलाई मेचन और पल्लबी दाहोटिया के रूप में हुई है। जबकि एक अन्य मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। दुर्घटना में मैजिक सवार अन्य पांच लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस दुर्घटना को लेकर ग्रामीणा में रोष है। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो ट्रक का चालक नशे में था। दुर्घटना के बाद मैजिक ट्रक में फंस गयी और काफी दूर तक घसीटकर ले गया।

राष्ट्रपति के निमंत्रण पर 'प्रेसिडेंट ऑफ भारत' लिखा जाना गौरवमयी क्षणः अतुल कोठारी

नई दिल्ली (हि.स.)। राष्ट्रपति भवन की ओर से भेजे गये जी-20 डिनर के निमंत्रण पत्र पर प्रेसिडेंट ऑफ इंडिया के स्थान पर प्रेसिडेंट ऑफ भारत लिखा जाना भारत के प्रत्येक नागरिक के लिए गौरव का प्रसंग है। हम चिरकाल से इंडिया नहीं भारत ही हैं। यह बात शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के राष्ट्रीय सचिव अतुल कोठारी ने कही। अतुल कोठारी ने कहा कि इस प्रकार के प्रयोगों से ही भारत की जनता का स्वाभिमान और अधिक मजबूत होगा। विद्यार्थी जीवन से बच्चों में स्व का गौरव जगे, इसके लिए हमारी सभी शिक्षण संस्थाओं में तथा पाठ्यक्रमों में भारत नाम का ही प्रयोग हो, इस पर विचार करना चाहिए। शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास कुछ वर्षों से लगातार यह विषय उठाता रहा है। उन्होंने आगे कहा कि भारत के संविधान में इंडिया दैट इज भारत के स्थान पर केवल "भारत" का ही प्रयोग किया जाना चाहिए। अब समय आ गया है इस सकारात्मक प्रयास को संवैधानिक स्तर पर लागू करने की आवश्यकता है। आने वाले समय में शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास इस विषय को अभियान के रूप में लेकर देशभर में जन-जागरण करेगा। साथ ही आगामी विश्व कप में भारतीय टीम की वेशभूषा पर भारत लिखने की बात का न्यास समर्थन करता है तथा भारतीय क्रिकेट बोर्ड से आग्रह करता है कि टीम इंडिया के स्थान पर टीम भारत शब्द का प्रयोग करना चाहिए। न्यास ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अभिनंदन पत्र के साथ यह निवेदन किया है कि सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया, आईआईटी और एम्स आदि सभी संस्थानों के नामों में इंडिया के स्थान पर क्रमशः भारत का प्रयोग प्रारंभ करें।

कैबिनेटः बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम योजना, ऊर्जा भंडारण क्षमता में होगा इजाफा

नई दिल्ली (हि.स.)। केंद्र सरकार देश की ऊर्जा भंडारण क्षमता को बढ़ाने के लिए बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम योजना लेकर आई है। इसका मकसद नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से प्राप्त ऊर्जा के भंडारण की क्षमता को बढ़ाना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में 2030-31 तक 4 हजार मेगावाट घंटे की क्षमता विकसित करने की इस योजना को मंजूरी प्रदान की गई। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि व्यवहार्यता अंतर वित्त पोषण योजना के तहत बजट की सहायता के रूप में पूंजीगत लागत का 40 प्रतिशत वित्तीय सहायता के रूप में दिया जाएगा। इसके लिए सरकार शुरूआती तौर पर 9,400 करोड़ रुपये तय किया है, जिसमें बजटीय सपोर्ट 3760 करोड़ रुपये हैं। योजना से बैटरी स्टोरेज सिस्टम की कीमतों में कमी आएगी और वे लम्बे समय तक चलेंगी। इसमें से 85 प्रतिशत डिस्कॉम कंपनियों को लाभ दिया जाएगा ताकि उपभोक्ताओं तक इसका लाभ पहुंचे।



खड़गे ने पूछा- आईएनडीआईए गठबंधन से मोदी सरकार में बौखलाहट क्यों

भीलवाड़ा (हि.स.)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा आईएनडीआईए गठबंधन से भाजपा वाले घबरा गए हैं। अब इंडिया की जगह 'भारत' कह रहे हैं। यह तो संविधान में ही लिखा है- इंडिया दैट इज भारत। हम तो पहले ही 'भारत जोड़ो' की बात कह रहे हैं। खड़गे ने दावा किया कि राजस्थान की जनता कांग्रेस को दोबारा चुनेगी।

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे बुधवार को भीलवाड़ा जिले में किसान व पशुपालक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पार्टी के प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, प्रदेश के कई मंत्री मौजूद रहे। सम्मेलन में आस पास के जिलों से हजारों की तादाद में पार्टी कार्यकर्ता व पशुपालकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कामधेनु योजना को लांच किया। इसके अलावा विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया गया। इसमें भीलवाड़ा डेयरी का 223 करोड़ रुपये का संयत्र भी शामिल है।

खड़गे ने कहा कि लाल डायरी को दिखाकर डरा रहे हैं। लाल डायरी में कुछ नहीं है। भाजपा अपने पास उसे रखे रहे। देश में भाजपा ने दो करोड़ नौकरी का वादा किया पर कितनी दी, एक भी नहीं। तीन काले कानून लाए तो 750 किसानों को बलि देनी पड़ी। नोटबंदी हुई पर भ्रष्टाचार खत्म नहीं हुआ। भाजपा ने



15 लाख का देने का वादा किया था, क्या हुआ। खड़गे ने दावा किया था कांग्रेस को देश चलाना आता है।

भाजपा पर निशाना साधते हुए खड़गे ने कहा कि विपक्ष को गालियां देने के लिए भाजपा को राज करने का अधिकार नहीं दिया है। लोगों की बुनियादी समस्याओं की बात नहीं करते। हमारे लोगों को डराया जा रहा है। ईडी और सीबीआई के छापे डाले जा रहे हैं। मुझे राजनीति में 57 साल हो गए। 52 साल से एमएलए व एमपी रहा हूं। 13 में से केवल एक चुनाव हारा हूं। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार ने हमेशा आमजन के हित में काम किया है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भाजपा की परिवर्तन यात्राओं पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यात्राएं फेल हो रही हैं। भाजपा की चार यात्राएं निकल रही हैं। भाजपा के बड़े नेता आ रहे हैं, लेकिन यात्रा फ्लॉप हो रही हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार ने हमेशा आमजन के हित में काम किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष के महागठबंधन में खड़गे की बहुत बड़ी भूमिका रही है। मोदी को विपक्षी गठबंधन से कठिनाई क्यों हो रही है? मोदी सरकार आईएनडीआईए गठबंधन से घबरा गयी है।

गहलोत ने कहा कि वन नेशन, वन इलेक्शन की बात हो रही है, लेकिन विपक्ष को विश्वास में नहीं लिया गया। विपक्ष को यह पूछने का अधिकार है कि केंद्र सरकार ने संसद का विशेष सत्र क्यों बुलाया है? यह भी विपक्ष को नहीं बताया गया कि संसद सत्र क्यों बुलाया? देश किस दिशा में जा रहा है और किस दिशा में जाएगा कोई नहीं कह सकता। उन्होंने दावा किया कि हमारी सरकार में बेहतरीन काम हुआ है। इन कामों के बदौलत ही लोग कह रहे हैं कि सरकार रिपीट हो रही है।

इससे पहले प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने कहा कि मोदी सरकार कहती है कि देश की आजादी के लिए कांग्रेस ने क्या किया। मैं कहता हूं जवाहर लाल नेहरू हरित क्रांति लेकर आए हैं। मोदी सरकार ने किसानों के लिए कुछ नहीं किया।

राजस्व मंत्री रामलाल जाट ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को कलयुग का लोकदेवता बताया है। गुलाबपुरा की सभा में मंच संचालन कर रहे रामलाल जाट ने सीएम अशोक गहलोत को भाषण देने मंच पर बुलाने का अनाउसमेंट करते समय उन्हें लोकदेवता कहकर संबोधित किया। रामलाल जाट ने कहा कि मैं अब ऐसे लोकदेवता को बुलाना चाहता हूं, जो कलयुग में हर घर में साल भर में 70 हजार रुपए का फायदा दे रहे हैं। ऐसे अशोक गहलोत को मैं मंच पर आंमत्रित कर रहा हूं।

स्वत्वाधिकारी यशवंत धोटे के लिए प्रकाशक, मुद्रक मधुकर सिंह, मां तपेश्वरी मीडिया एंड पब्लिकेशन प्रा0 लिमिटेड, सिंहमोड़ कल्याणपुर हटिया, अपोजिट एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग, द्वारा रांची से प्रकाशित कर, तपो प्रिंटर, गुटूआ मौजा, प्लॉट न.-1124/1125, कटहल मोड़, थाना-नगड़ी, दयाल पेट्रोल पंप के बगल में, रांची (झारखंड) से मुद्रित, (न्याय क्षेत्र रांची) संपादक-सचिन कुमार सिंह, स्थानीय संपादक-उपेन्द्र नाथ पाण्डेय* (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार*), फोन नं-0651-2910972, ईमेल - navpradeshranchi@gmail.com (RNI No. JHAHIN/2016/68458)